e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

वर्ष 11, अंक 94

# प्रभात मंत्र

शनिवार

05.04.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26


**सुविचार**

बड़ी सफलता प्राप्त करने के लिए, बड़ा सोचना भी पड़ता है।

ताजा खबरों के लिए देखें

### रोजा का समय

इफ्तार (06.03.24): शाम 06:07 बजे

सेहरी (07.04.2024) सुबह 04 : 12 बजे


Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR


## क्विक न्यूज

### राजद ने पलामू से ममता भुइयां को दिया टिकट

**मेदिनीनगर:** राष्ट्रीय जनता दल ने पलामू लोकसभा सीट से ममता भुइयां को अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है. दो दिनों पहले ममता भुइयां राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से मुलाकात की थी. इसी के बाद अनुमान लगाया जा रहा था कि पलामू से ममता भुइयां को आरजेडी की ओर से टिकट दिया जाएगा. हालांकि झारखंड में अभी भी इंडिया ब्लॉक की तस्वीर साफ नहीं हुई है. पलामू और चतरा लोकसभा सीट पर राष्ट्रीय जनता दल अपना दावा पेश करता रहा है. करीब एक महीना पहले ही ममता भुइयां को राष्ट्रीय जनता दल ने अपना प्रत्याशी बनाने की बात कही थी. अब इसपर आधिकारिक मुहर लग गई है. राजद के प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि ममता भुइयां पलामू लोकसभा सीट से प्रत्याशी होंगी, ममता भुइयां को सिंबल दिया गया है. उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय जनता दल चतरा लोकसभा सीट पर भी तैयारी कर रही है.दरसल ममता भुइयां मूल रूप से पलामू के सिंगरा की रहने वाली हैं. उन्होंने ने करीब दो वर्ष पहले भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी. करीब एक महीना पहले ममता ने राजद ज्वाइन किया था. इस दौरान ममता भुइयां ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और मीसा भारती से मुलाकात की था. मुलाकात करने के बाद से ही ममता भुइयां पलामू के इलाके में सक्रिय रही हैं. पलामू में उनका सामना बीडी राम से होना है.

### लालू यादव को झटका, आर्म्स एक्ट में जारी हुआ गिरफ्तारी वारंट

**भोपाल :** लोकसभा चुनाव प्रचार के बीच बिहार के पूर्व सीएम और आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव की मुश्किलें बढ़ सकती हैं. मध्य प्रदेश में ग्वालियर की एमपी एमएलए कोर्ट ने करीब तीन दशक पुराने आर्म्स एक्ट के एक मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी किया है. यह मामला साल 1995 और 1997 में आर्म्स फार्म 16 के तहत हथियारों की सप्लाई से जुड़ा हुआ है. इसी फॉर्म के आधार पर हथियारों के लिए आवेदन करने वाले लोगों को सरकार की ओर से आर्म्स दिया जाता है.पुलिस ने इस मामले की जांच करते हुए लालू प्रसाद यादव के नाम की तस्दीक की. अब पुलिस ने रिसर्च करने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को आरोपी बनाया है. इस मामले में लालू प्रसाद यादव समेत कुल 23 आरोपी नामजद हैं. इसमें से कई के खिलाफ ट्रायल की शुरुआत भी हो गई है जबकि दो आरोपियों की मौत भी हो गई है. जानकारी के अनुसार यह फर्जीवाड़ा अगस्त 1995 से लेकर मई 1997 तक किया गया. इस अवधि के बीच तीन फर्म से कारतूस की खरीद की गई थी.

### पीएलएफआई के तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**खूंटी :** एसपी अमन कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गठित छापामार टीम ने मुरहू थानांतर्गत गुल्लू साप्ताहिक बाजार में छापामारी कर लेवी वसूलने आये प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआइ के एरिया कमांडर लंबू उर्फ राडूंग बोदरा उर्फ टीरा बोदरा दस्ते के तीन सक्रिय उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार उग्रवादियों में मुरहू थानांतर्गत बालो मेहरा टोली गांव निवासी शंकर गोप, घाघरा बनटोली गांव निवासी अजीत स्वांसी तथा सायको थाना क्षेत्र के भुरसू गांव निवासी सुनील नायक शामिल हैं। उनके पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा, पांच जिंदा गोली, पीएलएफआइ का पर्चा, लेवी के नगद 15700 रुपये, एक पॉकेट डायरी और छह मोबाइल बरामद किये हैं। यह जानकारी खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण रजक ने शुक्रवार अपराह्न में अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 35⁰ |
| न्युनतम | 20⁰ |

कांग्रेस के जारी किया घोषणा पत्र, 25 तरह की गारंटी व 10 न्याय का किया घोषणा

# 30 लाख सरकारी नौकरी देने का वादा

**इस मौके पर कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, पार्टी की घोषणा पत्र समिति के प्रमुख और पूर्व वित मंत्री पी चिदंबरम और कई अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे।**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मौजूदगी में अखिल भारतीय कांग्रेस समिति मुख्यालय में घोषणापत्र जारी किया। पार्टी ने अपने घोषणापत्र को न्याय पत्र का नाम दिया है। इसके साथ ही घोषणा पत्र में 25 तरह की गारंटियां दी गई हैं। वहीं 10 न्याय शामिल हैं। इस मौके पर कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, पार्टी की घोषणा पत्र समिति के प्रमुख और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम और कई अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे।खरगे ने कहा कि हमारा घोषणापत्र गरीबों को समर्पित है। उन्होंने आगे कहा, हमारा यह घोषणापत्र देश के राजनीतिक इतिहास में न्याय के दस्तवेज के रूप में याद किया जाएगा। राहुल गांधी के नेतृत्व में चलाई गई भारत जोड़ो न्याय यात्रा इसी पर केंद्रित थी। यात्रा के दौरान पांच स्तंभों- युवा न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय की घोषणा की गई थीं। इन पांच स्तंभों में से 25 गारंटी निकलती हैं और हर गारंटी में किसी न किसी को लाभ मिलता है।

### गरीब महिलाओं को सालाना एक लाख रुपया देने का वादा

युवा न्याय के तहत जिन पांच गारंटी की बात की है उनमें 30 लाख सरकारी नौकरियां देने और युवाओं को एक साल के लिए प्रशिक्षुता कार्यक्रम के तहत एक लाख रुपये देने का वादा शामिल है। गरीब परिवार की महिलाओं को एक लाख रुपये सालाना, जाति जनगणना, एमएसपी को कानूनी दर्जा, मनरेगा मजदूरी 400 रुपये, जांच एजेंसियों का दुरुपयोग रोकने और पीएमएलए कानून में बदलाव का एलान किया गया है।




### आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा खत्म करने की गारंटी

हिस्सेदारी न्याय के तहत जाति जनगणना कराने और आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा खत्म करने की गारंटी दी है। पार्टी ने 'किसान न्याय' के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा, कर्ज माफी आयोग के गठन तथा जीएसटी मुक्त खेती का वादा किया है। कांग्रेस ने 'श्रमिक न्याय' के तहत मजदूरों को स्वास्थ्य का अधिकार देने, न्यूनतम मजूदरी 400 रुपये प्रतिदिन सुनिश्चित करने और शहरी रोजगार गारंटी का वादा किया है। साथ ही 'नारी न्याय' के अंतर्गत 'महालक्ष्मी' गारंटी के तहत गरीब परिवारों की महिलाओं को एक-एक लाख रुपये प्रति वर्ष देने समेत कई वादे किए हैं।

### नई शिक्षा नीति में संशोधन का वादा

कांग्रेस ने यह भी कहा है कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को मिलने वाले 10 प्रतिशत आरक्षण को वह सभी वर्गों के गरीबों के लिए बिना भेदभाव के लागू करेगी। घोषणा पत्र में कांग्रेस ने यह भी कहा है कि सरकार में आने के बाद वह नई शिक्षा नीति को लेकर राज्य सरकारों के साथ परामर्श करेगी और इसमें संशोधन करें करेगी। उसने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हुए भ्रष्टाचार के मामलों की जांच कराई जाएगी।



भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मस्जिदों में अदा की गई अलविदा जुम्मे की नमाज

# माहे रमजान अलविदा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राजधानी के मस्जिदों में कड़ी सुरक्षा के बीच अकीदत व एहतराम के साथ अलविदा की नमाज पढ़ी गई। नमाज के बाद इमाम ने जब पढ़ा %अलविदा, अलविदा या शहरे रमजान तो नमाजियों की आंखें मुकद्दस रमजान के बीत जाने के गम में छलक उठीं। खुदा की बारगाह में रोजेदारों ने अपने तमाम गुनाहों की माफी मांगी।तेज धूप के बावजूद नमाजियों की भीड़ देखने लायक थी। सभी मस्जिदों के सभी तल्लों पर नमाजियों का हुजूम लगा हुआ था। वहीं जगह न मिलने के कारण सड़कों पर भी नमाजी नमाज अदा करते नजर आए। माहे रमजान के पाक महीने की आखिरी जुमे में अल्लाह तबारक ताला से अपनी गुनाहों की तौबा कर रहे थे।

दुआओं में अपनी गुनाहों के बख्शीश के लिए गिड़गिड़ा रहे थे। अपने घर परिवार राज्य, देश व दुनिया की खुशहाली के लिए भी दुआ करते नजर आए। रांची शहर के मुख्य मस्जिदों की अगर बात करें तो अपर बाजार स्थित जामा मस्जिद , हंडा मस्जिद, रिसालदार बाबा दरगाह स्थित मस्जिद, कांटा टोली कुरेशी मुहल्ला जामा मस्जिद , हिंदपीढ़ी के विभिन्न गलियों में अवस्थित मस्जिदें, बड़ी मस्जिद, चांदनी मस्जिद , हव्वारी मस्जिद, रंगशज मस्जिद, एकरा मस्जिद, जाफरिया मस्जिद,रैन मस्जिद, कांटा टोली चौक स्थित आसरा मस्जिद, मौलाना आजाद कॉलोनी स्थित नूरी मस्जिद, बरियातू एवं बड़गाई क्षेत्र की तमाम मस्जिद एवं ओरमांझी ,कांके, चंदवे, भिट्ठा, पुंदाग और तमाम क्षेत्रों में अवस्थित मस्जिदों में लोग नमाज अदा करते नजर आए। बच्चे, बूढ़े जवान सभी 12 बजे से ही मस्जिदों में प्रवेश करने लगे थे। देखते-देखते मस्जिदों में लोगों के भीड़ भी बढ़ती गई। वहीं पुलिस की सुरक्षा की भी व्यवस्था की गई थी।

### अकीदत के साथ अदा की गई अलविदा जुम्मे की नमाज

**पलामू-गढ़वा :** शहर समेत पलामू जिला के ग्रामीण क्षेत्रों में हजारों मुसलमानों ने शुक्रवार को विभिन्न मस्जिदों में रमजान महीना के आखिरी जुमा को अलविदा की नमाज अदा की। जुमा की नमाज अदायगी के लिए स्थानीय जामा मस्जिद, चौक बाजार मस्जिद, मुस्लिम नगर स्थित मदीना मस्जिद, गौसिया मुहल्ला पहाड़ी स्थित नूरी मस्जिद,कुंड मुहल्ला स्थित मिल्लत मस्जिद व राईन मुहल्ला स्थित मस्जिद-ए-हेरा व मुस्लिमनगर स्थित अहले हदीस मस्जिद में हजारों मुसलमानों ने नमाज अदा की। इधर गढ़वा में भी रमजान-उल-मुबारक की अलविदा जुमा की नमाज अदा की गई। मस्जिद इंताजामिया कमेटियों के द्वारा बेहतर इंतजाम किया गया था। शहर के जामा मस्जिद रांकी मोहल्ला में पेश इमाम हाफिज अब्दुस्समद ने नमाज-ए-अलविदा जुमा अदा कराई। जबकि टंडवा मस्जिद में मौलाना शाहजाद आलम मिसवाही, इंदिरा गांधी रोड स्थित छोटी मस्जिद में मौलाना लियाकत हुसैन, उंचरी मस्जिद में मुफ्ती मो यूनुस, मदरसा तबलिगुल इस्लाम स्थित मस्जिद-ए-तैबा में मुफ्ती मोजाहिद हुसैन, फरठिया मस्जिद में मौलाना अब्दुल रहमान व कल्याणपुर मस्जिद में मौलाना यूसूफ अंसारी ने अलविदा जुमा की नमाज अदा कराई।

# गांडेय उपचुनाव में झामुमो से कल्पना सोरेन होंगी प्रत्याशी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन गांडेय से झामुमो की उम्मीदवार होंगी। शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में हुई झामुमो की बैठक में कल्पना सोरेन के नाम पर मुहर लगी। बैठक में झामुमो ने महारैली करने का निर्णय लिया है। आगामी 21 अप्रैल को प्रभात तारा मैदान में न्याय उलगुलान महारैली का आयोजन किया जाएगा। इस महारैली में आईएनडीआईए गठबंधन दल के तमाम बड़े नेता शामिल होंगे। झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने बताया कि इस रैली में गठबंधन के तमाम राष्ट्रीय स्तर के नेताओं को बुलाया जायेगा।

भट्टाचार्य ने बताया कि बैठक में सभी विधायकों को कहा गया है कि अपने-अपने क्षेत्र में गठबंधन के उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित कराएं। इसके लिए उन्हें हर प्रकार का सहयोग उम्मीदवारों को देना है। विधायकों को कहा गया है कि उनके अपने लोकसभा क्षेत्र के अलावा आसपास के अन्य लोकसभा क्षेत्र में भी जहां उनका प्रभाव है, वहां अपने प्रभाव का उपयोग करें। बैठक में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि यह रैली इतनी ऐतिहासिक होगी जो पहले कभी रांची में न हुई है और न ही आने वाले समय में होगी। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ यह आक्रोशित लोगों की रैली होगी, जिसमें पूरे भारतवर्ष से भाजपा को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया जायेगा।

कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत अभी अंदर हैं, आपकी ताकत से ही वह मजबूती के साथ संघर्ष कर रहे हैं। यही ताकत रैली और चुनाव में भी दिखनी चाहिए।

# 50 लाख का अवैध अंग्रेजी शराब बरामद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**छतरपुर (पलामू) :** पलामू में लोकसभा चुनाव से पहले उत्पाद विभाग को बड़ी सफलता हाथ लगी है। इसी क्रम में उत्पाद विभाग द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए छतरपुर थाना अंतर्गत ग्राम चौखड़ा मोड़ सिलदाग कॉलोनी के नजदीक फोरलेन हाईवे के बगल में नवनिर्मित मनोज यादव के मकान से भरी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की गई। यहां से हरियाणा व पंजाब राज्य के अंग्रेजी शराब की इंपिरियम ब्लू व रॉयल प्लस ब्रांड की सैकड़ों पेटियां की बरामद की गई। उत्पाद अधीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी की गई। जिसमें 1100 इंग्लिश शराब की पेटियां बरामद की गई। जिसका लागत लगभग 50 लाख रुपये है। जिसे कारोबार के लिए रखा गया था। इस क्रम में शराब कारोबारी चौखडा ग्राम निवासी विनोद यादव का पुत्र मनोज यादव 30 वर्षीय को भी गिरफ्तार किया गया है। जिसे पूछने में बताया कि यह धंधा एक महीना से कर रहे हैं। पंजाब राज्य की इंपिरियम ब्लू ,रॉयल प्लस ब्रांड की विभिन्न कंपनियों की अंग्रेजी शराब झारखंड के रास्ते बिहार राज्य में बेचा जाता था। बरामद अंग्रेजी शराब को पिकअप वैन द्वारा लोड कर पलामू उत्पाद विभाग ले जाया गया।वहीं गिरफ्तार अभियुक्त मनोज यादव को भी मेदिनीनगर ले जाया गया। मौके पर उत्पाद अधीक्षक सुधीर कुमार सिंह, उत्पाद इंचार्ज ललित सोरेन, सब इंस्पेक्टर देवीलाल सोरेन,अनूप प्रकाश व छतरपुर थाना पुलिस मौके पर मौजूद थी।

# धनबाद : कार से 34.75 लाख रुपए बरामद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद** : लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर इंटर स्टेट, इंटर डिस्ट्रिक्ट चेक पोस्ट बनाए गए हैं, जहां अन्य राज्य या अन्य जिले से धनबाद में प्रवेश करने वाले वाहनों की कड़ाई से जांच की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को मैथन स्थित इंटर स्टेट चेक पोस्ट पर वाहन जांच के दौरान पुलिस ने टाटा हैरियर एसयूवी संख्या डबल्यूबी 40 एएक्स 6001 से 34 लाख 74 हजार 9 सौ रुपए बरामद किया हैं। रुपये को एक कपड़ा प्रेस करने वाले इलेक्ट्रिक आयरन के डब्बे में छिपा कर रखा गया था। पुलिस कार पर सवार लोगों से पूछताछ कर रही है। कार पर सवार लोगों ने पुलिस को बताया कि वे तेल का व्यवसाय करते है। व्यवसाय के सिलसिले में रुपए लेकर दुर्गापुर से हजारीबाग जा रहे थे। मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन ने कहा कि मामला आयकर विभाग को सौंप दिया गया है। जांच के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

**दो वाहनों से पांच लाख रुपये बरामद**

**गढ़वा :** झारखंड-उत्तर प्रदेश सीमा पर स्थित बिलासपुर चेक पोस्ट पर वाहन चेकिंग के दौरान दो वाहनों से पांच लाख रुपये नकद बरामद किए गए हैं।विशुनपुरा सीओ सह फ्लाइंग स्क्वॉयड संदीप मधेशिया ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पड़ोसी राज्यों की सीमा पर चेक पोस्ट में नियमित वाहन चेकिंग की जा रही है। चेकिंग के दौरान बिलासपुर चेक पोस्ट से गुरुवार रात दो वाहनों से पांच लाख रुपये बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि चेक पोस्ट पर तैनात मजिस्ट्रेट जितेन्द्र कुमार और पुलिस टीम की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिला अंतर्गत ओबरा के शिव नगर कॉलोनी निवासी कृष्णा गुप्ता के वाहन से चार लाख रुपये और रेलवे फाटक नगर ऊंटारी के रहने वाले मंजीत कुमार चौधरी के वाहन से एक लाख रुपये नकद बरामद किए गए हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर लगाई रोक, कहा- हाई कोर्ट का फैसला सही नहीं

# मदरसों में चलती रहेगी पढ़ाई

एजेंसी

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने यूपी के 16000 मदरसों के 17 लाख छात्रों को बड़ी राहत दी है. कोर्ट के आदेश के अनुसार, फिलहाल 2004 के कानून के तहत मदरसों में पढ़ाई चलती रहेगी. सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी है. कोर्ट ने रोक लगाते हुए कहा कि इलाहाबाद हाई कोर्ट का यह फैसला कि मदरसा बोर्ड की स्थापना धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों का उल्लंघन है, ये सही नहीं हो सकता है। इससे पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004% को असंवैधानिक करार दे दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के 22 मार्च के आदेश को चुनौती देने वाली अपीलों पर नोटिस



जारी किया। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाई कोर्ट के फैसले से 17 लाख छात्रों पर असर पड़ेगा। कोर्ट ने कहा हमारा मानना है कि छात्रों को दूसरे स्कूल में ट्रांसफर करने का निर्देश देना भी उचित नहीं है। जानकारी दे दें कि बीते 22 मार्च को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अंशुमान सिंह राठौड़ की याचिका पर सुनवाई करते हुए यूपी बोर्ड आफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 को असंवैधानिक करार दिया था। साथ ही कोर्ट ने कहा था यह एक्ट धर्म निरपेक्षता के सिद्धांत के खिलाफ है। और यूपी सरकार को निर्देश दिया था कि मदरसे में पढ़ने वाले छात्रों को यूपी बोर्ड के तहत बुनियादी शिक्षा व्यवस्था में शामिल किया जाए।हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक चौधरी और जस्टिस सुभाष विद्यार्थी ने आदेश देते हुए कहा था कि राज्य में बड़ी तदाद में मदरसे और मदरसे के छात्र हैं, इसलिए राज्य सरकार इन मदरसा छात्रों को प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के तहत मान्यता प्राप्त नियमित स्कूलों और हाई स्कूल और इंटरमीडिएट शिक्षा बोर्ड के तहत मान्यता प्राप्त स्कूलों में ट्रांसफर करने के लिए तुरंत कदम उठाए।

# झारखंड के पहले ऊर्जा मंत्री का निधन पर जताया शोक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बोकारो :** झारखंड के पहले ऊर्जा मंत्री, डुमरी के तीन बार विधायक और जदयू नेता रहे लालचंद महतो का निधन पर कई नेताओं ने शोक जताया है। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने उनके पैतृक निवास बेदकारो (बेरमो) पहुंचकर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर जदयू नेत्री सह पूर्व मंत्री सुधा चौधरी, जदयू के प्रदेश महासचिव श्रवण कुमार, प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार, धनबाद जिला अध्यक्ष पिंटू सिंह, गिरडीह जिला अध्यक्ष त्रिभुवन दयाल, बोकारो जिला अध्यक्ष प्रदीप महतो, धनलाल दुबे एवं अन्य ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।


**असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद**

हर साल सिर्फ एक बार जाँच । रोग नहीं, रोकथाम जरूरी।।

Basic Health Check-up ₹999 Onwards 33 Tests

Master Health Check-up ₹2999 Onwards 57 Tests

Cardiac Care Package ₹4999 Onwards 61 Tests

Full Body Health Check-up ₹9999 Onwards 84 Tests

78083 68888 | www.asarfihospital.com

**संक्षिप्त खबरें**

### पिछले 24 घंटो में हुए तीन सड़क दुर्घटना में चार लोग गम्भीर रूप से घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर उंटारी-विशुनपुरा मार्ग पर एक ही जगह तीन बार हुई सड़क दुर्घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये .सभी घायलों का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। घायलों में एक कि गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों में जंगीपुर ग्राम निवासी शंकर चंद्रवंशी, विशुनपुरा थाना क्षेत्र के पतिहारी ग्राम निवासी रामलखन विश्वकर्मा तथा विरेन्द्र कुमार, कोलझिकि ग्राम निवासी नागेंद्र कुमार के नाम शामिल है.दुर्घटना के बारे में बताया जाता है कि पहली घटना गुरुवार की शाम नगर उंटारी-विशुनपुरा मार्ग पर पोखरा के नज़दीक विशुनपुरा की तरफ से आ रही चारपहिया वाहन ने मोटरसाइकिल सवार शंकर चंद्रवंशी को टक्कर मार कर घायल कर दिया। दूसरी घटना उसी जगह पर शुक्रवार को हुई।

# बुथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुचे बाबूलाल मरांडी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र स्थित आरसीआईटी कालेज परिसर मे बुथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित कि गयी, ईस कार्यकर्ता सम्मेलन मे मुख्य रूप से अबकी बार चार सौ पार का लक्ष्य लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी उपस्थित थे, तिसरी बार भारतीय जनता पार्टी की तरफ से उम्मीदवार बने पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, पूर्व मंत्री स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, पूर्व संसद घुरन राम प्रदेश महामंत्र मनोज शीह पलामू जीला अध्यक्ष अमित तिवारी ने मंच को संबोधित किरते हुए वर्तमान मे चल रही मोदी सरकार की महत्व कांछी योजना के बारे मे जान कारी देते हुए कार्य करता को संबोधित किया। वही पलामू लोकसभा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम ने कहा हमारे भाजपा कार्यकर्ता व जनता विकास की लकीर को भली भाती समझते हैं भाजपा ने हर क्षेत्र में चौमुखी विकास की है, हमारी ओर से हर कार्यकर्ता जनता के वीच मे घर घर तक जाऐ हम भी हर लोगो के घर तक जाने का कार्य करेंगे, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कार्य करता को 90 प्रतिशत भोट मतदान कराने की बात कही ऐसटी वर्ग के भोटर को भी मुख्य रूप से ध्यान देने की जरूरत है, ये भोटर छुट न जाए लोगो समान देने का कार्य या विकास कि कार्य प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने ही किया है, कार्य क्रम मे उपस्थित- प्रदेश कार्य समिति सदस्य ईश्वर सागर चन्द्र वंशी, प्रदेश उपाध्यक्ष जवाहर पासवान, प्रदेश कार्य समिति सदस्य विभाकर पांडेय, पुर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र पांडेय, जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, प्रदेश कार्य समिति सदस्य संध्या शीह, शुशील कुमार चौबे, भोला चन्द्र वंशी, अनुज पांडेय, मनोज दुबे काफी संख्या कार्यकर्ता जनता उपस्थित थे।

# पुलिस ने चलाया वाहनों की गहन तलाशी अभियान, 5 लाख कैश बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए पुलिस अधीक्षक गढ़वा दीपक कुमार पांडेय के निर्देशानुसार थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक ने सर्वेश्वरी आश्रम गोसाईबाग के समिप वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें छोटी-बड़ी वाहनों को चेक किया गया। नगर ऊंटरी थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए पुलिस अधीक्षक गढ़वा दीपक कुमार पांडेय के निर्देशानुसार छोटी-बड़ी वाहनों को चेक किया गया। जिसमें चार पहिया वाहन कि गहन तलासी किया गया। वही चेक पोस्ट पर अवैध हथियार, अवैध शराब, अधिक मात्रा में पैसे लेकर चलने तथा विशेष रूप से सुरक्षा को देखते हुए भी चेक किया जा रहा है। अंतरराज्यीय झारखंड-उत्तर प्रदेश सीमा के चेक पोस्ट पर भी चौबीसों घंटे जांच किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मोटरसाइकिल चालक हेलमेट तथा वाहन का कागजात लेकर चलेंगे। चेकिंग अभियान में पुलिस पदाधिकारी अनुज कुमार सिंह व पुलिस के जवान शामिल थे।

# मन से कलह को निकालना ही कलश यात्रा की सार्थकता होगी : अविनाश देव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में चार दिवसीय 24 कुंडिए राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में श्री अविनाश देव ने शामिल हुए। हरिद्वार से आए मुख्य प्रवक्ता अंगवस्त्र फूलमाला देकर स्वागत किए। मां गायत्री के तस्वीर पर दीप प्रज्वलन कर दीप यज्ञ की शुरुआत किए। हजारों सुधि श्रोता गायत्री परिवार से जुड़े भाई बहनों को संबोधित करते हुए श्री देव ने कहा कि यज्ञ की शुरुआत माथे पर कलश रख कलश यात्रा से हुई। कलश यात्रा की सार्थकता तब होगी जब मन से कलह निकलेगा। आपसी समन्वय से प्रेम के गीत गाते दया और करुणा का भाव जगाना है एवं भारत को विश्व गुरु बनाना है। तमाम तरह के ब्यासन को खत्म कर नशा मुक्त समाज गढ़ना है। गायत्री परिवार का निरंतर प्रयास है शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार में भारत आत्मनिर्भर बने। हम भरोसा देते हैं हर संभव गायत्री परिवार के साथ खड़े हैं। मौके पर आचार्य रामतपस्या, डा. डी पटेल, पवन कुमार, अर्पित पांडे, शनि कुमार के अलावा धीरज, मनोज साव, रूपेश, मनोज, नारायण, अर्जुन यादव, प्रवीण, दीनानाथ, नवल, अरविंद, सरयू, गणेश, देवेन्द्र, रामजी, जयप्रकाश सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

# प्रखंड कार्यालय में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता पहचान पत्र के साथ सेल्फी कार्यक्रम का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित स्वीप कोषांग के तत्वावधान में शुक्रवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय में मतदाता जागरूकता को लेकर मतदाता पहचान पत्र के साथ सेल्फी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रखंड व अंचल कर्मियों के साथ साथ प्रखंड व अंचल कार्यालय में आये ग्रामीणों ने अपने मतदाता पहचान पत्र के साथ फोटो खिंचवाया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी अदिति गुप्ता, कार्यालय सहायक अनिल सिंह, बीपीओ राजदीप कुमार, सहायक अभियंता उज्जवल कुमार,कनीय अभियंता रणधीर कुमार, अशोक कुमार, एल ई ओ उषा देवी, जीपीएस विकास जायसवाल, प्रखंड समन्वयक पंचायत राज कौशल कुमार, प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रखंड समन्वयक स्नेहा सिंह, पर्यवेक्षिका दीपा कुमारी, शोभा देवी, माया गुप्ता, आरती कुमारी, पंचायत सेवक बिरेन्द्र सिंह, सीमा कुमारी, नंद कुमार मेहता, रोजगार सेवक आलोक राज, आनंद विश्वकर्मा, ज्ञान रंजन चतुर्वेदी, मनरेगा लेखपाल नागेंद्र कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर रोहित कुमार, विक्रम कुमार, एमडीएम सेल के अमित कुमार सहित सभी प्रखंड एवम अंचल कर्मी उपस्थित थे।

### पेंशनर समाज की बैठक सह सम्मान समारोह का आयोजन



**नीलांबर पीतांबरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पेंशनर समाज की बैठक सह सम्मान समारोह का आयोजन पेंशनर भवन लेस्लीगंज में किया गया। बैठक में पेंशनर समाज की समस्याओं पर विचार किया गया।बैठक की अध्यक्षता पेंशनर समाज के प्रखंड अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह ने किया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में श्री सिंह ने कहा कि सेवानिवृति के बाद पेंशन ही आजीविका चलाने में काम आता है, नही तो परिवार के सदस्य भी बोझ समझने लगते है। आये दिन इस तरह की घटनाएं देखने सुनने को मिलता है, जबकि पेंशनर समाज के जिलाध्यक्ष झुबल राम ने कहा कि पेंशनर समाज के बारे में पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी की धारणा ठीक नही था और उन्होंने 2004 के बाद पेंशन बंद कर दिया जो सरासर गलत था। बैठक में पेंशनर समाज के संरक्षक अम्बिका राम ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद आदमी परिवार के साथ रहने आता है किंतु परिवार में भी महत्व पैसों का होता है अगर पेंशन नही रहेगा तो जीवन जीना मुश्किल होगा।इसलिए सभी सेवानिवृत्त व्यक्ति को पेंशनर समाज से जुड़कर संगठन को मजबूत करना और हितों की लड़ाई लड़नी चाहिए।इस मौके पर पेंशनर समाज की ओर से उपस्थित सभी पेंशनर समाज के लोगों को फूलमाला और शाल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सेवानिवृत्त शिक्षक राजेंद्र दुबे, अमरदीप शुक्ला, निश्छल सिंह, तेजनाथ सिंह, मो अलीमुद्दीन अंसारी, मदन राम समेत दर्जनों पेंशनर समाज के लोग मौजूद थे।

## विश्रामपुर नगर परिषद में लगातार निर्गत हो रहा है जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर नगर परिषद अपने कार्य क्षेत्र व जिम्मेवारी के प्रति सदैव गंभीर रहा है। जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र लक्ष्य के अनुरुप कार्यालय को आवेदन प्राप्त होते हीं जांचों परांत निर्गत किया जा रहा है। नगर परिषद से जुड़े किसी भी तरह के कार्यो के लिए लोगों को भटकने की जरूरत नहीं है। लोग आकर अपनी के समस्याओं को चिंहित कर कार्यालय में आवेदन दे। उसे नगर परिषद एक टीम गठित कर जांच कराते हुए दूर करने का हर संभव प्रयास करेगा। उक्त बातें विश्रामपुर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने कहा। वे शुक्रवार को कार्यालय परिसर में पत्रकारों से बात कर रहे थे। कहां कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चलाया गया था। जिसके तहत नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्डो में शिविर लगाए गए थे। जहां लोगों से उनकी जरूरत व क्षेत्र से लोगों की समस्यायों से जुड़े आवेदन लिए जा रहे थे।अब वही जन्म प्रमाण पत्र तीन गुना वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि प्राप्त सभी आवेदन की जांच कराते हुए टीम बनाकर कार्य सम्पादित किया गया। वर्तमान समय कोई भी आवेदन कार्यालय में पेंडिंग नहीं है। आगे भी जरूरत समझ सभी कार्य तीव्र गति संपादित किए जाएंगे। बताया कि नगर परिषद से जुड़े सभी तरह के कार्य किए जा रहे हैं। लोगों को भटकने की जरूरत नहीं केवल आवेदन कार्यालय में जमा करें। वहीं नगर परिषद के उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला।

## जमीन माफिया के द्वारा किया जा रहा अवैध जमीन की कब्जा

**आक्रोशित ग्रामीणों ने एसडीओ और सीओ को दिया आवेदन**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के सरईडीह की ग्रामीणों के द्वारा छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी और अंचल पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी नौड़ीहा बाजार को लिखित आवेदन भूमाफिया द्वारा जमीन कब्ज़ा लेकर दिया है। आवेदन मे संजीत कुमार, बीरेंद्र मोदी, संतेन्द्र कुमार, रविन्द्र यादव, चलितर साव, वीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा, नन्दलाल कुमार, दीपक पासवान, सनोज कुमार के अलावा विष्णु कुमार, वीरबल यादव समेत सैकड़ों ग्रामीणों की संयुक्त हस्ताक्षर कर कार्य रोकने एवं जाँच कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई। लिखित आवेदन मे कहा कि खाता नंबर 2 -3, प्लॉट 818, 810, 891, 893, 410, 806 पेज नंबर 39 दुर्गा- देवी माँ और प्रबंधक श्याम बिहारी सिंह पिता श्री विसेवर दयाल सिंह के नाम से है जिसमे 22/5 जमीन घटा कर शेष जमीन69 एकड 39 डिसमिल है इस डीमांड मे खाता 2 को ज्ञापंक से मांग पंजी से रद्ध कर दिया गया है जबकी 30/01/1984 तक अंकित है। जबकी नया मांग पंजी मे खाता 2 को दर्ज कर दिया गया। सरकारी मांग पंजी मे छेड़छाड़ करना बहुत गलत है जो जांच की विषय बनता है, अभी भी 41 डिसमिल जमीन दुर्गा मंदिर अनावद झारखंड सरकार के नाम से अंकित है खाता संख्या 281 प्लॉट न 818 जो कि जबरन राम स्वरूप साव उम्र 45 वर्ष, योगेंद्र साव उम्र 42 वर्ष और नंदू साव उम्र करीब 50 वर्ष के आलावा सिकंदर प्रसाद पिता सभी के पिता राम वृक्ष साव के द्वारा दखल कब्ज़ा किया जा रहा। लिखित आवेदन मे समस्त ग्रामीण ने गुहार लगाया है कि जब तक जाँच नहीं किया जाता है तबतक विवादित जमीन पर किसी प्रकार की कार्य पर रोक लगाने की मांग किया।

## शिकायत के आलोक में केतार प्रमुख ने की उप स्वास्थ्य केंद्र की जांच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** ग्रामीणों की लगातार मिल रही शिकायत के आलोक में उपस्वास्थ्य केंद्र केतार की जांच करने प्रमुख चंद्रावती देवी शुक्रवार को पहुंची। जहा प्रमुख ने उपस्वास्थ केंद्र में ताला लटका पाया।प्रमुख चंद्रावती देवी ने बताई की एक माह से ग्रामीणों की शिकायत मिल रहा था। जिसकी जांच करने पहुंची थी। ग्रामीणों की शिकायत सही पाया।उपस्वास्थ्य केंद्र में कोई भी कर्मी उपस्थित नहीं थे। उन्होंने बताई की सीएचओ रितु रानी एवं एमपीडब्ल्यू मनोज पाठक हमेशा अनुपस्थित रहते है। प्रमुख के द्वारा सीएस से दूरभाष के माध्यम से बात कर जानकारी दी। सीएस के द्वारा कहा गया की तुरंत जांच कर कार्रवाई किया जाएगा। वही प्रभारी डॉक्टर रंजन दास ने बताया की एएनएम का तबियत खराब है। और सीएचओ प्रतिदिन बैठती है उनके द्वारा ऑफिस से फोटो भेजा जाता है आज इनका ट्रेनिंग है। अगर एक महीना से बंद है तो सीएचओ और एमपीडब्ल्यू को लेटर भेजकर स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं होने पर कारवाई किया जाएगा। इस मौके पर सुरेंद्र प्रसाद, उदय प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### कल्याणपुर में मजदूर का घर जला, 50 हजार की क्षति



**चैनपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर मुख्यालय से सटे कल्याणपुर के वार्ड नंबर 33 में ननकू चौधरी के घर में शुक्रवार को अचानक आग लग गई। इस घटना में 7000 नगद के अलावा गहने, कपड़े, बर्तन, बैंक पासबुक, चावल, दाल सहित अन्य जरूरी सामान जलकर नष्ट हो गए। घटना के समय घर पर ननकू और उसकी पत्नी नहीं थे। मजदूरी करने के लिए बाहर गए हुए थे। घर में सिर्फ एक छोटा बच्चा अंकित चौधरी था। आग लगने के बाद गर्मी महसूस होने पर बच्चा घर से निकलकर भाग गया, जबकि तीन बकरियां झुलस कर मर गई। आग लगता देखकर आस पास के लोगों ने तत्परता दिखाकर पानी डालकर काबू पाया। इस घटना से ननकू और उसका परिवार सड़क पर आ गया है प्रभावित परिवार ने अंचल अधिकारी से उचित मुआवजा देने की गुहार लगाई है। ग्रामीणों के अनुसार ननकू का परिवार काफी गरीब है।

# अनुमंडल मुख्यालय में धर्म परिवर्तन का चल रहा जबर्दस्त खुला खेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** इन दिनों गढ़वा जिले के श्री बंशीधर नगर अनुमंडल मुख्यालय में कथित धर्म परिवर्तन का जबर्दस्त खुला-खेल चल रहा है। यह गैर कानूनी खेल जिले के श्री बंशीधर नगर अनुमंडल मुख्यालय से महज 3 किलोमीटर उत्तर में स्थित अलकर और उससे सटे तुलसीदामर गांव में चल रहा है।उक्त दोनों गांवों में हिन्दू समुदाय के 20-25 भोले भाले परिवारों को अंधविश्वास की आड़ में प्रलोभन देकर ईसाई धर्म मे परिवर्तित कर दिया गया है। वहीं गांव के कई अन्य लोगों को भी धर्म परिवर्तन के लिए डोरे डाले जा रहे हैं। लोगों को तरह तरह के प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन के लिए उकसाया जा रहा है। यह खेल लगभग साल भर से जारी है। इसकी भनक ना तो प्रशासन को है ना ही धर्म के ठेकेदारों को। धर्म परिवर्तन कराने में सक्रिय लोग गांव के अन्य लोगों को धर्म परिवर्तन के लिए सुख शांति समृद्धि का भ्रम फैलाकर ईसाई धर्म अपनाने की लगातार कोशिश कर रहे हैं।जिन लोगों ने धर्म परिवर्तन कर ईसाई धर्म अपनाया है, वे अब पूरी तरह से कट्टर हो गए हैं। वे लोग बात बात पर उग्र हो जा रहे हैं और उकसावे वाली भाषा का प्रयोग रहे हैं। और तो और गांव में हिन्दू परिवार में मृत्यु होने पर ऐसे लोग बैंड बाजे के साथ जश्न मना रहे हैं। जश्न मनाने पर हिन्दू समुदाय के लोग भारी विरोध जता रहे हैं। जिससे गांव में टकराव होने के साथ-साथ कभी भी बड़ा विवाद होने की संभावना बनी हुई है।इसका खुलासा तब हुआ जब अलकर गांव निवासी विक्रम सिंह के 10 वर्षीय पुत्र की गत 2 अप्रैल को बीमारी से मौत हो गई। मौत के बाद पूरा गांव शोक में डूबा हुआ था। लोग मृतक के परिजन को सांत्वना दे रहे थे। वहीं धर्म परिवर्तन करने वाले लोग बाजे गाजे के साथ जश्न मना रहे थे।गांव में मातम होने पर ऐसा करने पर हिन्दू परिवारों ने कड़ा एतराज जताया तो धर्म बदलने वाले लोग उग्र हो गए। जिससे गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी। लोगों ने बीच बचाव करने का भरसक प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद माहौल शांत हुआ। अलकर गांव के ग्रामीण श्रवण सिंह, विजेंद्र कुमार, विन्देश्वरी सिंह, उमेश कुमार, भरोसा चंद्रवंशी, अनिरुद्ध सिंह, विजय सिंह, रॉकी उरांव, राजन, उमेश सिंह, सुशील सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि गांव में धर्म परिवर्तन का खुला खेल बड़ी तेजी से चल रहा है। बाहर से आकर लोग प्रलोभन देकर हिंदूओं को ईसाई धर्म में परिवर्तित कराने का काम कर रहे हैं। हद तो तब हो गयी जब गांव में मातम था और ईसाई धर्म अपनाने वाले लोग बैंड बाजे के साथ जश्न मना रहे थे। **कैसे होता है धर्म परिवर्तन का खेल :** अलकर और तुलसीदामर गांव अनुमंडल का काफी पिछड़ा गांव है। अधिकांश लोग गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करते हैं। शिक्षा के अभाव के कारण अंधविश्वास भी चरम पर है। इसी का फायदा उठाते हुए लोगों को बहला फुसलाकर धर्म परिवर्तन का गैरकानूनी खेल खेल रहे हैं। बाकायदा इसके लिए डालटनगंज व गढ़वा से लोग आकर भोले भाले ग्रामीणों का ब्रेन वॉश करते हैं। जिससे भोले भाले लोग इनके जाल में फंसकर अपना धर्म त्याग कर ईसाई धर्म अपना लेते हैं।धर्म परिवर्तन करने वाले रामवृक्ष घासी ने बताया कि हमलोग देवी दुर्गा को मानते थे। छठ जैसे महापर्व को महिलायें करती थी। लेकिन सुख शांति नही मिल पाती थी। जिसके बाद वे लोग ओझा गुनी के चक्कर मे पड़कर काफी मुर्गा खस्सी के नाम पर ओझा को पैसा देते गए लेकिन कोई फायदा नही हुआ और ना ही शांति मिली। इसी दौरान बाहर से आये लोगों ने उन्हें सुख शांति के लिए ईसाई धर्म अपनाने की सलाह दी। वे लोग पूरे परिवार के साथ ईसाई धर्म अपनाने के बाद घर मे सुख शांति आने के साथ साथ परिवार भी तेजी से विकास करने लगा। घर में बच्चों की किलकारी गूंजने लगी। **इस संबंध में क्या कहते हैं एसडीओ :** एसडीओ प्रभाकर मिर्धा ने इस संबंध में पूछे जाने पर बताया कि मुझे इसकी जानकारी नही है। अगर ऐसा हो रहा है तो वे स्वयं मामले की जांच करेंगे। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# समाज के परमार्थ के लिए अवतरित होते हैं संत, सरोवर व तरुवर : कौशल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर में श्री राम चौक रोटरी स्कूल में आयोजित चार दिवसीय 24 कुंडी गायत्री महायज्ञ के समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल उनकी धर्मपत्नी सह डाली बाजार पंचायत की मुखिया पूनम जायसवाल ने यज्ञशाला का पंचकर्मा कर पूजा अर्चना किया। पर्यावरणविद कौशल, मुखिया पूनम और यज्ञ के आयोजक धीरज गुप्ता ने यज्ञ में पहुंचे श्रद्धालुओं को थाईलैंड का बारहमासी आम, हिमाचल का कपूर, कर्नाटक का चंदन, केला, समी, बरगद, पीपल और आंवला का पौधा वितरित किया। श्रद्धालुओं को पौधा देते हुए कहा कि यज्ञ का प्रासाद खाने से उनके परिजनों का तन-मन शुद्ध हो जाता है। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि जिस तरह देश के बड़े संत-महात्मा जनकल्याण व धर्म प्रचार के लिए यज्ञ कराते हैं। उसी तरह वे प्रत्येक वर्ष जरूरतमंद जगहों पर बड़ा आयोजन कर पौधरोपण करते हैं। उन्होंने कहा कि हवन कुंड से निकली धुंआ से न सिर्फ कई बीमारियों व विषाक्त जीवाणुओं से मुक्ति मिलती है बल्कि प्रदूषण से भी निजात मिलता है। पर्यावरणविद ने कहा कि लोगों को अपने जीवन के हर क्षेत्र में प्रत्येक वर्ष पौधा लगाना और यज्ञ करना अपने रूटीन में शामिल करना चाहिए। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा कि यज्ञ की धुंआ और पौधा लगाने से प्रदूषण से मुक्ति मिलती है। उक्त अवसर पर हरिद्वार शांतिकुंज से आए डॉ डी पटेल, अर्पित पांडेय, पवन कुमार और इस यज्ञ के आयोजक धीरज कुमार गुप्ता, रामजी गुप्ता, गणेश प्रसाद, नारायण कुमार, मनोज कुमार, अर्जुन यादव, घनश्याम गुप्ता, दीपक कुमार, सरजू प्रसाद, अरविंद गुप्ता, मीना गुप्ता आदि उपस्थित थे।

**संक्षिप्त खबरें**

### रांची में ट्रैफिक नियम का उल्लघंन करने वाले लोगों से 995 का कटा चालान

**रांची** : राजधानी रांची में ट्रैफिक नियमों का पालन कराने के लिए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पिछले पांच दिनों में कुल 995 लोगों का नियम के उल्लंघन करने के मामले में चालान काटा गया है। इनमें 178, 150, 260, 219 और 188 चालान शामिल है। ट्रैफिक एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने शुक्रवार को बताया कि शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार बिना हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस ,अनाधिकृत रूप से अपने चार पहिया वाहन के शीशे में ब्लैक फिल्म, अनाधिकृत रूप से सूचक पट्ट लगाकर घुमने वालों के खिलाफ अभियान चला रही है। नियम का उल्लघंन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विधि-सम्मत कार्रवाई करते हुये चालान काटा जा रहा है।

### इमा का सात दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर शुरू

**रांची** : इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) के तत्वावधान में सात दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बहू बाजार बसर टोली स्थित इमा कराटे स्टूडियो में शुक्रवार किया गया। इसमें खिलाड़ियों को इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तकनीकी निदेशक एवं राष्ट्रीय कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा ने एडवांस कुमिते एवं काता का प्रशिक्षण दिया। खिलाड़ियों को रिंग में फाइट के दौरान स्कोर करने के तरीके और गलत तरीके से फाइट करने पर दिए जाने वाले वार्निंग की जानकारी दी गई। साथ ही किस रणनीति से फाइट को जीता जा सकता है। इससे अवगत कराया गया। राष्ट्रीय कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा ने बताया कि बिशप स्कूल के मेजबानी में सिकोकाई कराटे इंटरनेशनल झारखंड और इमा के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 20 और 21 अप्रैल को आयोजित 11वीं इमा कप रांची जिला कराटे चैंपियनशिप देखते हुए इस शिविर का आयोजन किया गया है।

# युद्धस्तर पर जारी रहेगा नशामुक्ति अभियान : राजकुमार मेहता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची के नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने कहा है कि रांची को नशा से मुक्त कराने के लिये पुलिस द्वारा शुरू अभियान युद्ध स्तर पर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि अनेक अपराधियों और पेडलर्स को जेल भेजा जा चुका है और चाहे कोई भी हो लेकिन यदि वह नशे के धंधे में शामिल है तो वह अपने-आप को इससे अलग करें अन्यथा वह किसी भी हाल में बच नहीं पायेगा।



रांची रिवोल्ट जनमंच एवं अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा आयोजित नशामुक्ति जागरूकता अभियान की शुरुआत करते हुए मेहता ने कहा कि रांची पुलिस ने नशे में संलिप्त अनेक पेडलर्स और अपराधियों को जेल भेजा है।

सामाजिक वैचारिक संगठन रांची रिवोल्ट जनमंच, मैदान बचाओ संघर्ष समिति, लक्ष्य अकाडमी, अखिल भारतीय महिला सम्मेलन एवं अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा नशाखोरी के खिलाफ आयोजित जन जागरूकता अभियान एवं दौड़ की शुरुआत की।

रांची रिवोल्ट जन मंच के संयोजक, अधिवक्ता एवं भाजपा नेता डॉ प्रणव कुमार बब्बू ने कहा कि नशा मुक्ति के लिये शुरू किया गया यह अभियान निरंतर जारी रहेगा. उन्होंने आम लोगों एवं युवाओं-छात्रों से अपील की कि सभी को मिलकर पुलिस और प्रशासन की सक्रिय सहायता करनी चाहिये ताकि झारखण्ड और रांची को नशाखोरी के चंगुल में डालने वाले लोगों एवं अपराधी-अवान्छित तत्वों से बचाया जा सके। अभियान में नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता, डॉ प्रणव कुमार बब्बू, सुजाता भकत, अनुपमा प्रसाद, उपेन्द्र कुमार बब्लू, सुनील यादव, संजय मिश्रा, माणिक बोस, मृत्युंजय सिंह, गणेश साहु, अभिषेक कुमार मिंकु, सत्य प्रकाश मिश्रा, सुनील टोप्पो, मौलेश सिंह, शमशाद मुन्ना, बिनोद बिहारी प्रसाद बीनू, प्रभात सहाय, प्रमोद कुमार, उपेन्द्र कुमार बब्लू, सुनील यादव, संतोष, दीपक, देवनाथ साहु, ऋत्विक राज, अमितेश वर्मा, सीमा यादव, अंजलि, इंदु कुमारी, प्रतिमा कुमारी, सुनीता हेमब्रम, कान्ति हेमब्रम, रोहित महतो, अगनू उरांव, अनूप यादव, रोहित कुमार देवराज, मंटु यादव, आकाश यादव, सुकांतो मुखर्जी, अमित कुमार, दुर्गेश कुमार, विजय दत्त पिन्टू, सूरज कुमार सिन्हा सहित अन्य लोगों की सक्रिय सहभागिता रही।

# लोस चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। शहर हो या ग्रामीण क्षेत्र नशा के सौदागर हो या अपराधी गतिविधि में संलिप्त या फिर फरार वारंटी सभी की गिरफ्तारी सुनिश्चित हो रही है । इसी कर्म में एसएसपी चंदन सिन्हा को सूचना प्राप्त हुई थी कि विभिन्न थाना क्षेत्रों में कुछ असामाजिक तत्वों एवं अपराधी गतिविधि के लोग नशा के कारोबार को बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं। इसी के सत्यापन के लिए टीम गठित की गई थी। सुखदेव नगर थाना, विधानसभा थाना क्षेत्र एवं डेली मार्केट थाना क्षेत्र से नशा के पदार्थ, हथियार एवं आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है।एस एसपी चंदन सिन्हा सिटी एसपी राजकुमार मेहता, डीसीपी प्रकाश सोंय सहित डेली मार्केट थाना प्रभारी, सुखदेव नगर थाना प्रभारी , विधानसभा क्षेत्र थाना प्रभारी के संयुक्त प्रयास से सफलता मिली है। पत्रकारों को संबोधित करते हुए एसएसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि झारखंड विधानसभा क्षेत्र के नया सराय में गस्ती के दौरान पुलिस को सूचना मिली थी कि राजन



कुमार नामक व्यक्ति नशा का कारोबार करता है इसी के सत्यापन के लिए पुलिस ने छापेमारी की हटिया डीएसपी प्रमोद मिश्रा और प्रदीप राय, दिनेश के संयुक्त प्रयास से पुलिस को सफलता मिली। राजन कुमार चौधरी के पास से 9 एम एम का पिस्टल एक और 9 एम एम के तीन जिंदा गोली 4 केजी 100 ग्राम गांजा भी जप्त किया गया है।

**सुखदेव नगर थानाः**वहीं सुखदेव नगर थाना क्षेत्र से भी पुलिस को सफलता मिली है तीन युवकों की गिरफ्तारी हुई है। राज कुमार सिंह ,धीरज सिंह ,अनिल साव शामिल है । राज कुमार सिंह के पास से 46 पुड़िया गांजा , ब्राउन शुगर और एक वैइंग मशीन , धीरज कुमार सिंह के पास 39 पुड़िया गांजा और एक वेइंग मशीन ,अनिल कुमार साहू के पास 29 पुड़िया गांजा बरामद किया गया है। इस सफलता के पीछे कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोंय, थाना प्रभारी मनोज कुमार , सहबीर उरांव , विनोद आदि शामिल थे।

**डेली मार्केट थानाः** डेली मार्केट थाना क्षेत्र में भी पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया और इस दौरान पुलिस को सफलता मिली है अभिषेक कुमार गिरफ्तारी हुई है। इसके पास से गांजा जैसा पदार्थ दिखने वाला 300 ग्राम और एक वेट मशीन, स्कूटी जप्त किया गया है । इस अभियान में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोंय, डेली मार्केट थाना छोटू कुमार , प्रणय आदि शामिल थे।

## रांची विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के प्रोफेसर डॉ. सीताराम नहीं रहे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** डॉ सीताराम अकिंचन का निधन 05.04.2024 दिन शुक्रवार को हो गया। डॉ अकींचन रिम्स के क्रिटिकल केयर सेंटर में प्रातः 10¬45 बजे अंतिम सांस ली। डॉक्टर सीताराम अकिंचन की ख्याति झारखंड बिहार के एक स्थापित समाजशास्त्री के रूप में था। अकिंचन एक सुप्रसिद्ध समाजशास्त्री तो थे ही और राज्य के रांची विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के द्धश्रह्वठ्ठस्रद्गह्ल प्रोफेसर होने के साथ कई वर्षों तक समाज शास्त्र विभाग के अध्यक्ष भी रहे। डॉ सीताराम अकिंचन वर्ष 1996 में समाजशास्त्र विभाग के अध्यक्ष पद से सेवानिवृत हुए थे। पिछले वर्ष ही इनकी धर्मपत्नी मालती अकिंचन का देहांत हुआ था। डॉ अकिंचन अपने पीछे अपने दो बेटियां-दामाद यामिनी अकिंचन - डॉ मधुरेंदु गुप्ता, आभा अकिंचन, दो बेटे सौरभ आलोक, ध्रुव आलोक, एक पुत्रवधु डॉ मीरा पोता स्वास्तिक सौरभ, विहाग, उत्कर्ष, विश्रुत वैभव वत्सला सहित नातीनी- नातियों से भरा पूरा संसार छोड़ गए । इस दुखद घड़ी में समाजशास्त्र विभाग रांची विश्वविद्यालय के सभी प्राध्यापकों दुःख ज्ञापित की। इनके मित्रगण जिनमें राम चेतन त्रिपाठी, डॉ अशोक प्रियदर्शी, डॉ माया प्रसाद, निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव, सुनील बादल, मधुकर श्याम, प्रणव प्रियदर्शी, गिरिजा कोमल सहित गणमान्य लोगों ने अपनी अपनी शोक संवेदना प्रकट की।

# 21 अप्रैल को झामुमो की उलगुलान रैली से लोकसभा अभियान की शुरुआत होगी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में झारखंड मुक्ति मोर्चा की विधायक दलों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर जीत के लिए रणनीति बनाई गई। पार्टी के प्रवक्ता सह केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने पत्रकारों को बताया कि बैठक में लोकसभा चुनाव 2024 की रणनीति तय हुई है। उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रचार का आगाज 21 अप्रैल को रांची के प्रभात तारा मैदान में झामुमो के उलगुलान रैली से होगा। जिसमें इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों के नेता शामिल होंगे। इस रैली के जरिए झारखंड में इंडी गठबंधन लोकसभा चुनाव के अपने अभियान का आधिकारिक आगाज करेगा। उन्होंने बताया कि यह रैली इस देश को बचाने के लिए और हेमंत सोरेन पर हुए अत्याचार के खिलाफ लोकतंत्र को बचाने को लेकर एक बड़ा संदेश देने का काम करेगा। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि राज्य में 14 सीटें पर पार्टी कामयाब होने के लिए बैठक बुलाई गई। सरकार के अब तक के किए गए कार्यों को लेकर जनता के बीच में जाना है। वहीं गाण्डेय विधानसभा उप चुनाव को लेकर भी चर्चा की गई। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन पर सहमति बनी है।

## पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सच्चाई अब सामने आ रही है : प्रतुल शाहदेव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** शुक्रवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने पत्रकारों से कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन के मामले में कहा कि चार्जशीट से साफ है कि जमीन से जुड़े मामले में नेता, अधिकारी और कर्मचारियों का पूरा सिंडिकेट काम कर रहा था। ईडी के चार्जशीट से यह भी साफ हो गया कि जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सीधे तौर पर जुड़े हुए हैं। साथ ही कहा कि जिस तरह से कल रांची कलेक्ट्रेट स्थित रिकॉर्ड रूम से जमीन के दस्तावेज की चोरी हुई है, वह कहीं ना कहीं इनका तार जुड़ा हो। यह प्रकरण वर्तमान राज्य सरकार पर कहीं ना कहीं सवालिया निशान



खड़ा करता है। जबकि हेमंत सोरेन ये कहते रहे कि उनका इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है।प्रतुल शाहदेव ने एजेंट विनोद और हेमंत सोरेन के वायरल चैट को लेकर कहा कि जो चैट सामने आया है उससे साफ है कि कैसे डीसी-एसपी के ट्रांसफर पोस्टिंग को लेकर बातचीत करता था, इस पूरे मामले की अब खुलासा हो रहा है।

## बच्चों को करवाया गया पुरी का शैक्षणिक भ्रमण, घूमने गए स्कूली बच्चों ने लिया आनंद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** समग्र शिक्षा अभियान के तहत यहां के नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय के कक्षा 8वीं और 9वीं के 115 मेधावी बच्चों को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग एवं झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा प्रोत्साहित करते हुए उन्हें ओडिशा के पुरी की शैक्षणिक यात्रा करवाई गयी। राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन के निर्देश पर इन बच्चों को पुरी भेजा गया, जहां बच्चों ने पुरी की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और



भौगोलिक विविधता का जमकर आनंद लिया। इन बच्चों की सुरक्षा से लेकर इनके आवासन और भोजन आदि की राज्य शिक्षा परियोजना द्वारा उत्तम व्यवस्था करवाई गयी थी। प्रभाग की राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी बिनीता तिर्की ने बताया कि स्कूली बच्चे पुरी के श्री जगन्नाथ मंदिर, समुद्र तट, कोणार्क मंदिर, चंद्रभागा समुद्र तट, स्टेट म्युसियम, धौलीगिरी शांति स्तूप, लार्ड लिंगराज मंदिर, आदि का भ्रमण कर पुरी के विविध प्राकृतिक व् आध्यात्मिक पहचान से परिचित हुए। बच्चों ने समुद्र तट में जमकर मस्ती की और भगवान जगन्नाथ से राज्य के खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों का उद्देश्य स्कूली बच्चों में उत्साह और उत्साह के साथ शिक्षा की भावना को प्रोत्साहित करना है, जिससे बच्चों के भीतर शिक्षा के प्रति उत्साह एवं उत्कृष्टता की भावना विकसित हो।

# पुलिस मेंस एसोसिएशन ने डीआईजी कार्मिक से की मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** साक्षर आरक्षी से सअनि पद पर प्रोन्नति के संदर्भ में कार्मिक डीआईजी नौशाद आलम से झारखंड केन्द्रीय मेन्स एसोसिएशन का शिष्ट मंडल मुलाकात की । कार्मिक डीआईजी द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित शाखा के पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को जल्द से जल्द रोस्टर स्वीकृत का



प्रस्ताव गृह विभाग भेजने तथा वरीयता सूची तैयार करने हेतु पुलिस पदाधिकारी विपिन रावत एवं पुलिसकर्मी विपिन कुमार को नियुक्त करते हुए कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिये साथ ही महोदय द्वारा आश्वास्त किया गया कि प्रोन्नति संबंधी प्रक्रिया पूर्ण कर प्रोन्नति प्रदान किया जाएगा। इस मौके पर एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष कर्ण सिंह,रमेश उराँव महामंत्री सहित कई पदाधिकारी गण शामिल थे।

# पूर्व मंत्री लालचंद महतो के आकस्मिक निधन पर राजद ने जताया शोक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** राजद प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि एकीकृत बिहार झारखंड के वरिष्ठ विधायक रहें झारखण्ड सरकार के पूर्व ऊर्जा मंत्री श्रद्धेय लालचंद महतो के आकस्मिक निधन होने पर गहरा दुख व्यक्त किया है । लालचंद महतो अपनी पूरी राजनीतिक जीवन पिछड़े दलित बहुजन समाजवादी नेता के रूप में आवाज बुलंद करते रहे ! यादव ने बताया कि लालचंद महतो बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर के समूह में राजनीति करने वाले लोगो में से करीब नेताओं में शुमार रहे हैं । झारखण्ड में उनके समकक्ष पूर्व विधायक गौतम सागर राणा,पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी,रमणिका गुप्ता, सहित अनेक लोग झारखंड के करीबी नेताओं का साथ रहा है ।विगत दिनों उन्होंने तीसरा मोर्चा का गठन कर राज्य में अनेक लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार उतरने का घोषणा किया था। विदित है की विगत समय विधानसभा गेस्ट हाउस में दिवंगत लालचंद महतो के साथ गौतम सागर राणा,रामचंद्र केशरी,संजय कु सिंह यादव,कैलाश यादव ने शिष्टाचार बैठक कर झारखंड की वर्तमान राजनीतिक हालात पर चिंतन मनन कर वार्तालाप किया था ! बैठक की तस्वीर शेयर कर शोक व्यक्त किया। उनके असामयिक निधन पर राजद के वरिष्ठ नेता गौतम सागर राणा प्रदेश अध्यक्ष संजय प्र सिंह यादव, गिरिनाथ सिंह,प्रधान महासचिव संजय कु यादव, सुरेश पासवान,अर्जुन यादव, अनीता यादव,मंजू शाह,मनोज कु , आबिद अली, प्रणय कु बबलू, रामकुमार यादव, शालिग्राम पांडेय, लक्ष्मण यादव,सुनीता चौधरी,नंदन यादव ने शोक संवेदना व्यक्त किया है।

### हिंदू नववर्ष पर अपने घरों पर जलाए दीप नमन भारतीय

**रांची** : पंडित शोभानाथ तिवारी जनकल्याण सेवा संस्थान के अध्यक्ष नमन भारतीय ने कहा के हिंदू नववर्ष नव सांवत्सर 2081 चैत्र शुल्क प्रतिपदा दिनांक 9 अप्रैल को झारखंड वासियों से मेरा अपील है कि स्वागत में हम सब अपनी गली मोहल्ले में लोगों से, बातचीत कर, घर से बाहर भगवा ध्वज लगाए और रंगोली बनाने का आग्रह करें और रात्री में सभी अपने अपने घरों के बाहर 5-7 दीपक जलाकर हिन्दू नववर्ष बनाएं। एक छोटा सा प्रयास करके देखें आपका छोटा सा प्रयास ही भारत मैं क्रांतिकारी परिवर्तन लाने की क्षमता रखता है।

# झारखंड में थीम के आधार मॉडल बूथ के रूप में स्थापित होंगे 29 हजार 521 मतदान केंद्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य में लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर चुनाव आयोग ने कमर कस ली है। मतदाताओं को सुविधा देने को लेकर काफी कुछ तैयारी की जा रही है। बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता के लिए होम वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। राज्य की सभी 29 हजार 521 मतदान केंद्र मॉडल बूथ होंगे, जहां मतदाताओं के लिए कई तरह की सुविधा प्रदान की जाएंगी। चुनाव आयोग ने इन मतदान केंद्रों पर दी जाने वाली सुविधा को लेकर




तैयारियां पूरी कर ली है। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि मतदान केंद्र पर एक आम मतदाता के लिए बिजली, पानी, शौचालय के अलावा छोटे बच्चों को लेकर वोट देने आने वाली माताओं को उनके बच्चे के लिए पालना की सुविधा मुहैया कराने की तैयारी है। मतदान केंद्रों पर तीन तरह के कतार लगाई जाएंगी। महिला, पुरुष के अलावा एक अलग कतार दिव्यांग, गर्भवती महिला और बुजुर्ग मतदाताओं के लिए होंगी।इन मतदाताओं के बैठने के लिए समुचित कुर्सी की व्यवस्था होगी। भीषण गर्मी को देखते हुए चुनाव के दिन वैसे मतदान केंद्र जहां बरामदा की सुविधा नहीं है, वहां 15म15 का शेड लगाया जाएगा, जिसमें लंबी लाइन के वक्त मतदाता उस शेड में वोटिंग के लिए प्रतीक्षा करेंगे। इसके अलावा मतदान केंद्रों पर पानी और मेडिकल किट की सुविधा रहेगी।

# ईद एक्सपो पहुंचे डीआइजी नौशाद आलम, ईद की खरीदारी भी की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** डोरंडा उर्स मैदान में दरगाह कमिटी और पुलिस पब्लिक रिपोर्टर द्वारा आयोजित किया गया ईद एक्सपो बाज़ार में डीआइजी नौशाद आलम पहुंचे और परिसर में लगे सभी स्टॉलो का निरीक्षण किया। दुकानदारों का हौसला बढ़ाया साथ ही ईद के मौके पर ईद एक्सपो बाज़ार में लगे स्टालों से खरीदारी भी किया।

ज्ञात हो कि 31 मार्च को आए भीषण आंधी तूफान से ईद एक्सपो परिसर पूरी तरह से तबाह हो गया था, जिससे टेंट , लाइट से लेकर सभी दुकानदारों का लाखो का नुकसान हुआ था ।

परंतु दुकानदारों और जन सुविधा को देखते हुआ ईद एक्सपो बाज़ार को दोबारा शुरू करने का निर्णय लिया गया। जिसके बाद 3 अप्रैल से पुनः ईद एक्सपो बाज़ार को शुरू किया गया है,जो अब ईद के चांद रात तक चलेगा। डीआईजी नौशाद आलम ईद एक्सपो परिसर पहुंचे और दरगाह कमिटी और पुलिस पब्लिक रिपोर्टर की टीम के साथ ही साथ सही दुकानदारों से हाल चाल



लिया और भरोसा दिलाया कि जो भी नुकसान हुआ है उसे कुछ हद कर भरने के लिए वो हर संभव प्रयास करेंगे। यहां पर बड़े, बच्चो, लेडीज़ जेंट्स सभी के कपड़े, कुर्ता, नक़ाब-हिजाब, बनारसी साड़ी-सूट, लखनवी और कश्मीरी शूट से लेकर हर तरह के कपड़े, क्रॉकरी के अनेकों प्रकार, कालीन, फ्लावर पॉट, फूड स्टॉल, जूता चप्पल सैंडल, कॉस्मेटिक, चश्मा, बर्तन, खिलौना, कई स्कूल, टू व्हीलर के कई कंपनी, आर्ट एंड क्राफ्ट, ज्वेलरी, लेडीज़ कॉर्नर, आचार पापड़, खाने के नमकीन आइटम, ड्राई फूड, सेवई, बेड शीट, दस्तरखान के साथ ईद की सभी जरूरतों के समान उपलब्ध हैं। साथ ही बच्चो के आनंद के लिए झूला भी लगाया गया है।

# लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी, सह उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों की समीक्षा हेतु मांडर प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में समीक्षा बैठक करते हुए सभी संबंधित सेक्टर पदाधिकारी/सेक्टर पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी एवं निर्वाचन से संबंधित सभी पदाधिकारी / कर्मियों को चुनाव से सम्बंधित कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहें है।बैठक में विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी रांची, मोनी कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी मांडर, श्री मनोरंजन



कुमार, थाना प्रभारी मांडर एवं सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं सभी पुलिस सेक्टर पदाधिकारी एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित है।

## संक्षिप्त खबरें

### बिजली ट्रांसफार्मर खराब, बान्दू व बिचागढ़ा के ग्रामीण अंधकार में

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के बांदू व बिचागढ़ा गांव? में बिजली का ट्रांसफार्मर जल जाने ग्रामीण अंधकार में जीवन बिताने को मजबूर हैं ज्ञात हो कि बांदू गांव में विगत एक माह से 100 केबी का बिजलु ट्रांसफार्मर खराब पड़ा हुआ है वही बिचागढ़ा गांव में पिछले कुछ दिनों से 25 केबी का बिजली ट्रांसफार्मर खराब पड़ा हुआ है जिससे बान्दू व बिचिगड़ा गांव के बिजली उपभोक्ताओं को अंधकार में रहने को विवश हैं बिजली नहीं रहने से स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों का पठन-पाठन भी बाधित हो रहा है ग्रामीणों ने बताया कि बिजली ट्रांसफार्मर खराब रहने कि शिकायत विभाग को दिया गया है लेकिन अभी तक कुछ सुधार नहीं हुआ है और हम लोग अंधकार में रह रहे हैं।

### कर्रा प्रखंड के कर्रा, लोधमा, बिरदा, गोविन्दपुर व बरवादाग में अदा की गई अलविदा जुमा की नमाज

**कर्रा :** प्रखंड के कर्रा, बिरदा, लोधमा, गोविन्दपुर, बरवादाग मस्जिद में रमजान माह के तहत अलविदा जुम्मा कि नमाज़ अदा कि गयी. जिसमें मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शुक्रवार सुबह से ही अलविदा जुम्मा नमाज की तैयारी पर जुटे हुए नजर आये. सभी लोगों ने खुशी खुशी अलविदा नमाज़ अदा करने के लिए मस्जिद पर पहुंचकर नमाज़ के बाद क्षेत्र के सभी की नमाज को कुबूल करने, सभी लोगों का रोजा कुबूल करने, नेकी करने व नेक सलिहियत रास्ते पर चलने की दुआ, रमजान? माह पर जाने अनजाने में हुई गुनाह को माफ करनै, सभी के इमान वाले के घरों पर खैरों बरकत, फिलिस्तिन के मुसलमानों के लिए अल्लाह के गैब से रहमत व सब्र कि दुआ, मस्जिदें अक्सा कि हिफाजत कि दुआ के साथ पुरे क्षेत्र में अमन चैन, खुशहाली के लिए दुआएं मांगी गयी।

### पंकज कुमार ने प्रतिष्ठित पद हासिल किया



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिहार के एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर पंकज कुमार ने OATI में सीनियर सॉफ्टवेयर इंजीनियर का प्रतिष्ठित पद हासिल किया है, जो स्केलर अकादमी के माध्यम से कौशल बढ़ाने के कारण उनके करियर में उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है। उनकी यात्रा तकनीक उद्योग में शिक्षा और दृढ़ संकल्प की परिवर्तनकारी क्षमता का उदाहरण है। गोपालगंज जिले के शेख परसा गाँव से निकले पंकज की साधारण शुरुआत से लेकर पेशेवर सफलता तक की यात्रा लचीलापन और निरंतर सीखने की शक्ति को रेखांकित करती है। चुनौतियों का सामना करने और अंशकालिक रोजगार करने के बावजूद, उन्होंने कोचीन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी से इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार में बी.टेक की पढ़ाई की।कोविड-19 महामारी से उत्पन्न चुनौतियों के बीच, पंकज ने अपने कौशल सेट को मजबूत करने की अनिवार्यता को पहचाना। साथियों के माध्यम से स्केलर अकादमी से परिचय होने पर, उन्होंने अत्याधुनिक तकनीकों में अपनी दक्षता बढ़ाने के अवसर का लाभ उठाया।

### तमाड़ परगनैत राज में भव्य सरहुल बा परब मनाया गया

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ राजाबाड़ी प्रांगण में शुक्रवार को सरहुल बा परब मनाया गया जिसमें तमाड़ परगनैत राज के हजारों की संख्या आदिवासी समुदाय के महिला पुरूष ने भाग लिया और



पहानों द्वारा विधिवत पूजा कर पारंपरिक रिति रिवाज के साथ सरहुल पर्व का शुभारंभ किया गया।मौके पर ढ़ोल मांदर नगाड़ो की थाप से लोग थिरकते नाचते गाते हुए माहौल उल्लासपूर्ण बना दिया।इस मौके मुख्य रूप से केंदीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा सरहुल प्रकृति का पर्व है इस पर्व से एक संदेश प्रेषित होता है कि पर्यावरण जलवायु को संरक्षित रखना हमारा परम कर्तव्य है।इस सरहुल महोत्सव में भाजपा जनजातीय मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर उरांव,तमाड़ विधानसभा प्रभारी विनोद सिंह,तमाड़ विधानसभा संयोजक कुमार महेंद्र नाथ शाहदेव,डॉ गुंजल इकिर मुंडा,प्रदेश नेत्री रीता देवी,खुंटी जिला भाजपा एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष संजय मुंडा,जिप सदस्य दीलीप सेठ,जिप सदस्य विजय मानकी,ग्राम प्रधान विमल पातर,मुखिया सोनाराम मुंडा, सुखदेव मुंडा आदि उपस्थित थे।

### कालीचरण सिंह मुंडा ने अड़की तमाड़ व बुंडू में डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाया

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खूंटी संसदीय सीट के कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा इन दिनों तमाड़ विधान सभा क्षेत्र जोरदार भ्रमण कर रहे हैं।।कालीचरण मुंडा तमाड़, बुंडू, अड़की के विभिन्न क्षेत्रों में डोर टू डोर



जाकर जनसंपर्क चला रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को कांग्रेस प्रत्याशी ने सिंदरी, मारांगपीड़ी, बान्दू, सिरकाडीह, हिन्द्रीडीह आदि दर्जनों गांवो में लोगो से मिल कांग्रेस के समर्थन में मतदान करने की अपील किया। उन्होने कहा कि बीजेपी के दुष्प्रचार और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ मजबूती से खड़ा रहकर संघर्ष करने का समय है। भाजपा प्रत्याशी का गांव-गांव में लोगो द्वारा विरोध देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता के बीच बीजेपी को बेनकाब करेंगे और जनहित के हर मुद्दे पर पार्टी की गारंटियों का प्रचार करेंगे। 2024 का यह चुनाव धनतंत्र और गरीब जनता के बीच का चुनाव है।कांग्रेस पार्टी जन तंत्र से लोकतंत्र को बचाना चाहती है।

### हरुहप्पा ग्राम में शुक्रवार को सरहुल मिलन समारोह का आयोजन

**कर्रा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के कुदलूम पंचायत अंतर्गत हरुहप्पा ग्राम में शुक्रवार को सरहूल मिलन समारोह का आयोजन सरहूल सरना समिति अध्यक्ष राजेश सांगा की अध्यक्षता पर किया गया.



मिलन समारोह के दौरान हरुहप्पा गांव के पाहन चागू पाहन द्वारा पुजा अर्चना करके सिंगबोंगा को याद किया और इस वर्ष खुशहाली का वर्ष हो सिंगबोंगा,सरना मां से अर्चना की गयी. अध्यक्ष राजेश सांगा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सरहूल पर्व हमारे क्षेत्र के सभ्यता सांस्कृति को बचाए रखने में सहयोग करती है.इस पर्व में पेड़ पौधे जंगल पहाड़ पर्वत जैसे प्राकृतिक की पूजा की जाती है जो हमें जीवन देता है और जीवन जीना सीखता है। सरहुल महोत्सव में हरुहप्पा सहित अन्य गांव के लोग एक जगह जुट कर जुलूस के रूप में जलटंडा चौक पहुंचे इस दौरान सभी पारंपरिक वेशभूषा में ढोल नगाड़े के साथ मंदार की थाप थिरकते नजर आए. कार्यक्रमको सफल बनाने समिति के अध्यक्ष बाना पहान, सामुएल हेरेंज, बरत स्वांसी, मुकेश हेरेंज, सोमा सांगा, घनश्याम सांगा, निमी सांगा, सुमन सांगा, पिंकी सांगा के अलावे समिति और ग्रामीणों की सराहनीय भूमिका रही।

# गुनाहों को बख्शने का दिन है अलविदा जुमा : हाफिज मुमताज
## पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के मस्जिदो मे अदा की गई अलविदा जुमा की नमाज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र एंव आस पास के ग्रामीण इलाको के मस्जिदो मे शुक्रवार को रमजान महीने के अलविदा जुमा की नमाज अदा की गई।रमजान महीने के आखिरी जुमे की नमाज को अलविदा जुमा कहा जाता है।इस दिन को लोग छोटी ईद के रूप मे भी मनाते है।अलविदा जुमा की नमाज अदा करने के लिए कोयलांचल क्षेत्र के सभी मस्जिदो मे



नमाजियो की भीड़ देखी गई।बचरा जामा मस्जिद मे नमाज अदा करने के लिए लोगो की काफी भीड़ देखी गई।भीषण भरी गर्मी और तपती धुप के बावजुद मस्जिदो मे नमाजियो की भारी भीड़ देखी गई।बचरा जामा मस्जिद के ईमाम हाफिज मुमताज ने अलविदा जुमा की नमाज पढ़ाया।नमाज से पूर्व अपने तकरीर मे हाफिज मुमताज ने अलविदा जुमा के महत्व पर प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि रमजान का आखिरी जुमा यानी जुमा अलविदा पर खुदा बंदों के गुनाहों को बख्श देता है।लोगो का इस दिन का एक वर्ष से इंतिजार रहता है।रमजान के पाक महीने मे खुदा की ईबादत करने के बाद अलविदा जुमा को लोग अपनी गुनाहो की माफी मांगते है।उन्होने ईद की नमाज से पूर्व सभी लोगो से फितरा,जकात निकाल लेने की अपील की।फितरा जकात के माध्यम से गरीबो की मदद करने की भी अपील की।अलविदा जुमे की नमाज के बाद क्षेत्र,राज्य एंव देश की खुशहाली व आपसी भाईचारगी की दुआ मांगी गई।पिपरवार क्षेत्र के बचरा,न्युमंगरदाहा, कल्याणपूर,बहेरा,राय, पुरानीराय सहित अन्य जगहो के मस्जिदो मे अलविदा जुमा की नमाज अदा की गई।अलविदा जुमा को लेकर बच्चों मे भी खासा उत्साह देखा गया और बच्चे भी मस्जिद मे नमाज अदा करते देखे गये।गर्मी को देखते हुए कई मस्जिदो मे टेंट लगाया गया था

### कुन्दी में दावत ए इफ्तार का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**इटकी :** अलविदा जुमे के मौके पर मदरसा जामिया अजीजिया कुन्दी में शुक्रवार को दावत-ए- इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इफ्तार पार्टी में भारी संख्या में रोजदारों ने भाग लिया। इफ्तार के पूर्व मौलाना नसीम अहमद की अगुवाई में देश व दुनियां के खुशहाली, अमन चैन,भाईचारे व तरक्की के लिए सामूहिक दुआ मांगी गई। इफ्तार पार्टी में हाफीज हिफ्जूल अंसारी, वसीम अंसारी, एजाज अहमद, इमदाद अंसारी, डॉ एन अहमद, तौहीद आलम, शरीफ अंसारी, सइद अंसारी, हसन अंसारी, अयाज अंसारी, नसीम अंसारी, एहसान अंसारी, सरफराज आलम, रहमत अंसारी, सैफ अंसारी इत्यादि शामिल थे।

## टाटीसिल्वे मे ऐतिहासिक नवमी डोल मेला में उमड़े श्रद्धालु

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** टाटीसिल्वे सिल्वे डोल बगीचा में ऐतिहासिक का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत राधा - कृष्ण की प्रतिमा के साथ शोभा यात्रा ढोल नगाडा के साथ निकालकर,विशेष पूजा अर्चना के साथ की गई। इस मेले में नामकुम, टाटीसिल्वे,अनगडा,सिल्ली, मुरी आसपास गाँव के लोग शामिल थे।मेले में कई तरह के खिलौने, मिठाइयां,लोहे के समान से दुकाने सजी थी। बच्चो के लिए झूला,मनोरंजन के लिए मौत का कुंआ, डांस इत्यादि कार्यक्रम आयोजित की गई।मेला सुरक्षा समिति द्वारा चना,



गुड़, शरबत का वितरण किया गया। द्वारिका हॉस्पिटल द्वारा स्वास्थ शिविर, पिया हरि डेंटल क्लिनिक के डॉक्टर शंकर महतो द्वारा लोगों को मुफ्त में इलाज व परामर्श दी गई।आदित्य इंटरप्राइजेज जीवन दान संस्था व लायंस क्लब रांची द्वारा रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया।मेले के सफल आयोजन में मानकी धनंजय शाही,मंगल शाही,दीवान शाही,राजू नायक, गणेश राम,धीरज राम,सुमित राम,सुमित महतो, राजेश बैठा,जय मेहता,सुरेंद्र महतो,महेंद्र महतो, संतोष महतो,मुखिया नूतन पाहन, कृष्णा पाहन,प स स अरविंद लोहरा,गिरिधर मिश्रा, जितेंद्र सिंह, पारसनाथ उराव, प्रकाश लकड़ा, थाना प्रभारी मनोज कुमार इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## रामनवमी व चैत्र नवरात्र को लेकर बचरा महावीर मन्दिर मे हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा स्थित महावीर मन्दिर बाजारटांड़ मे रामनवमी पूजा समिति की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता गिरजा प्रसाद और संचालन प्रमोद प्रजापति ने किया।बैठक मे प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बचरा मे चैत्र नवरात्र और रामनवमी पूजा धुमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।बैठक मे इसकी तैयारी को लेकर विचार विमर्श किया



गया।बैठक मे सर्वसम्मति से आगामी 17 अप्रैल को बचरा मे भव्य रामनवमी जुलूस निकलने का निर्णय लिया गया।यह जुलुश पुरे बचरा क्षेत्र का भ्रमण करेगा।बैठक मे मुख्य रूप से धीरेंद्र शर्मा, प्रकाश राणा,दीपक केशरी, सत्येंद्र प्रसाद,मुकेश राणा, उमेश मेहता,लक्ष्मण मंडल, अरूण सिंह,संजय ठाकुर, प्रवीण सिंह,मुकेश राणा, राजकुमार सिंह सहित काफी संख्या मे लोग मौजुद थे।

## राजाउलातु पंचायत में आजसू की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** नामकुम प्रखंड अंतर्गत राजाउलातू पंचायत के हेसाबेडा में आजसू पार्टी के द्वारा एक बैठक रखा गया जिसमें अतिथि के रूप रांची जिला वरीय उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा उपस्थित हुए और उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी माटी की पार्टी है ,आजसू राज्य के लोगों की चिंता करता है, संगठन समर्पित कार्यकर्ताओं का सम्मान करतीं हैं ।कार्यकर्ता पार्टी के द्वारा निर्धारित कार्यक्रम को सुचारू ढंग से चलाने में योगदान देते हैं। लकड़ा ने कहा की राज्य के ताजा हालात के लिए सरकार व इसके नेता स्वयं जिम्मेदार हैं



हेमंत सरकार अपनी गलत करने से सजा हुई है। राज्य में जारी अराजकता व भ्रष्टाचार के हालात से निपटने के लिए जनता स्वयं को तैयार करें कार्यकर्ताओं को संगठन मजबूत करने तथा नेतृत्वकर्ता बनना होगा ।तभी राज्य का विकास होगा। मौके पर पंचायत प्रभारी मंगल हेमरोम, ग्राम प्रभारी बंधन मुण्डा, बलराम मुंडा ,बाहा मुंडा,अजलूश लकड़ा एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### राधा-कृष्ण मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह, कलशयात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड के लगाम गांव में राधा रानी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा में विधि विधान से मंदिर परिसर में सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो अपने सह परिवार एवं काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हवन किया । सभी ने पंडित मनोरंजन उपाध्याय ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंदिर परिसर में हवन कराया। इससे पूर्व प्रातः में देलबेड़ा स्थित स्वर्णरेखा नदी से पंडित मनोरंजन उपाध्याय के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ देलबेड़ा शिव मंदिर नदी से कलश में जल भरवाया गया। जहां से विशाल कलश यात्रा निकाली गई । जिसमें



जनसैलाब उमड़ता हुआ दिखाई दिया। गाजे-बाजे के साथ निकली इस कलश यात्रा में काफी संख्या में बालिकाएं व महिलाएं सिर पर कलश धारण कर चल रही थीं। वहीं सैंकड़ो की संख्या में समाजजन भी इस कलश यात्रा में शामिल हुए। प्राण प्रतिष्ठा पूजा के बाद भंडारा कभी आयोजन किया गया।

## रमजान के मौके पर न्युंमगरदाहा मे दावत ए इफ्तार पार्टी का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के न्युमंगरदाहा मस्जिद मे रमजान के मौके पर हाजी सलीम साहब के द्वारा दावते इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया।रमजान महीने के अलविदा जुमा पर प्रत्येक वर्ष न्युमंगरदाहा गांव मे हाजी सलीम साहब के द्वारा दावते इफ्तार का आयोजन किया जाता है।इस कार्यक्रम मे कोयलांचल क्षेत्र के बचरा, राय,डकरा,खलारी,बहेरा, कल्याणपूर, टंडवा, कामता सहित अन्य जगहो के रोजेदार शामिल हुए और एक साथ इफ्तार किया।इफ्तार से पूर्व आपसी भाईचारगी और देश व राज्य की खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई,जिसके बाद मगरिब की



अजान के साथ सभी लोगो ने एक साथ इफ्तार किया।आयोजक श्रमिक प्रतिनिधि इस्लाम अंसारी ने बताया कि प्रत्येक साल रमजान महीने के मौके पर और अलविदा जुमा के दिन हाजी सलीम साहब के द्वारा दावते इफतार का आयोजन कराया जाता है।

कोयलांचल क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से काफी संख्या में रोजेदार उत्साह के साथ दावते इफतार पार्टी मे शामिल हुए।इस मौके पर इमामउल हक,इकबाल हुसैन,अब्दुल कुदूस अंसारी, अब्दाल अंसारी,जहीर अंसारी,आशिक अली,मन्जुर आलम,इदरीश अंसारी, सकील अंसारी,मंसूर आलम, इरफान शेख,अरशद अंसारी, साबिर अंसारी,लियाकत अंसारी,बदरुदीन अंसारी, नासिर अंसारी,मोहम्मद सोएब, मोहम्मद नेजाम, शहनवाज आलम,सलीम जावेद,अब्दुल अंसारी,रिंकु खान,लियाकत अंसारी, शमसुल होदा,जुल्फिकार अली,कयूम अंसारी,अमजद अली,हाफिज क्यामुदीन, हाफिज मकसूद,कारी रियासत,मो. असलम,सदीक अंसारी,खुर्शीद आलम,जमीर अंसारी,मो. कलाम सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।कार्यक्रम को सफल बनाने में इस्लाम अंसारी,मोहम्मद ताज,हैदर अली,हदीश अली,जावेद इस्लाम,रिंकू आलम,इश्तियाक अंसारी, आफताब आलम,मो. दानिश सहित अन्य लोगों की सराहनीय भूमिका रही।

### वीर शहीद रघुनाथ महतो के शौर्य गाथा को जन-जन तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता : सुदेश महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और सिल्ली के विधायक सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि चुआड़ विद्रोह के नायक शहीद रघुनाथ महतो का उनका बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता है। वीर शहीद रघुनाथ महतो के शौर्य गाथा को जन-जन तक पहुंचाना एवं उनके परिचय को बड़े दायरे में स्थापित करना हमारी प्राथमिकता है। उक्त बातें उन्होंने रघुनाथ महतो के शहादत दिवस पर बुढ़ाम चौक, सिल्ली स्थित



उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के दौरान कही।उन्होंने कहा कि जब झारखंड के नायकों की अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष और विद्रोह की चर्चा होती है, तो इस सूची में 1769 का चुआड़ विद्रोह का नाम सबसे पहले आता है। इस विद्रोह के नायक रघुनाथ महतो थे। मानभूम से लेकर धालभूम, नीमडीह, सिल्ली और जंगलमहल के इलाकों में अंग्रेजों के विरूद्ध लड़ाई का नेतृत्व करने वाले वीर शहीद रघुनाथ महतो हमेशा लोगों के दिलों में जिंदा रहेंगे।

### अलविदा जुमा की नमाज अदा की गई



**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** इटकी व आसपास के गावों के मस्जिदों में रमजान माह के अंतिम जुमे के मौके पर अलविदा जुमे की नमाज अदा की गयी। नमाज से पहले इटकी के मुख्य जमा मस्जिद में मौलाना ताल्हा नदवी ने अपने खेताब में शबे कदर, अखरी अशरा व जहन्नुम से छुटकारा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। कहा गया कि शबे कद्र की एक रात हजार महीनों से बेहतर है। पाक कुरान के अनुसार इस एक रात की इबादत 83 वर्षों की इबादत से बेहतर है। आलिमो ने रमजान की बची हुई रातों को इबादत के साथ गुजारने पर जोर दिया। इधर इटकी के मुख्य जमा मस्जिद में अलविदा नमाज से पूर्व जमा मस्जिद में ईद की विशेष नामज प्रातः 7 बजे और ईदगाह में नमाज का समय प्रातः 8-30 बजे निर्धारित किया गया। अलविदा जुमे की नमाज को लेकर अज़ान से पूर्व ही क्षेत्र की सभी मस्जिदों में नमाजियों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। क्षेत्र की सारी मस्जिदें नमाजियों से भर गयी। अलविदा नमाज को लेकर बच्चों में भी उत्साह रहा। नमाज के बाद सभी मस्जिदों में इमाम के नेतृत्व में देश की तरक्की, खुशहाली, अमन व शांति की सामूहिक दुआ मांगी गयी। इधर अलविदा जुमे की नमाज के बाद इटकी के विशेष ईद बाजार पूरी तरह से सज धज कर तैयार हो गया है वही खरीदारी करने वालों की चहल-पहल काफी बढ़ गई है ।

## अंजुमन ईस्लामियां कराँजी ने अलविदा जुमा के मौके पर दावत ए इफ्तार का आयोजन किया



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बेड़ो प्रखंड के कराँजी, चचकोपी, केशा, जराटोली, घाघरा, नरकोपी, बिल्टी, तुको, महरू, दिघिया गांव के मस्जिदों में रमजान उल मुबारक के आखिरी जुमे की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। इसी दौरान भारी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जुमें की नमाज अदा की। नमाज में अल्लाह की इबादत में हजारों सिर एक साथ झुके। मस्जिदों में जुमे की नमाज से पूर्व इमाम ने रमजानुल मुबारक महीने की फजीलत पर तकरीर पेश की। इसमें ज्यादा से ज्यादा नेक करें और अपने आस-पड़ोस के लोगों का ख्याल रखने और फिजुलखर्ची से बचने व सुन्नत तरिके से ईद-उल फितर का त्योहार मनाने की बात कही। अलविदा जुम्मा की नमाज के बाद अमन चैन व खुशहाली की दुआएं मांगी गई। वहीं कराँजी जमा मस्जिद के इमाम हाफिज मोहम्मद कासिम ने कहा कि यह महिना मोमिनों को खुशियां बांटने का महिना है। हमलोग अपने गांव-पड़ोस के गरीबों का ख्याल रखें। इस महीने में रोजा, नमाज व कुराने पाक की तिलावत करें। गरीबों को उनका हक जकात, फितरा, सदका अदा करें। इधर शाम में रोजे के बाद अंजुमन ईस्लामियां कराँजी ने अफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। वहीं जमा मस्जिद कराँजी में खत्म तरावीह किया गया। मौके पर सदर सोयब अंसारी, हफिज अंसारी, तबरेज अंसारी, सहबान अंसारी, नौसाद आलम, मुबारक अंसारी, कुरनैन अंसारी सहित कई लोग शामिल थे।

### सिल्ली पॉलिटेक्निक परिसर में कैंपस सेलेक्शन, 7 छात्रों का हुआ चयन




**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली पॉलिटेक्निक परिसर में शुक्रवार को कैंपस सेलेक्शन का आयोजन किया गया। जिसमें सिविल संकाय के 30 छात्र शामिल हुए। महाराष्ट्र की कंपनी स्ट्रेटा जिओ सिस्टम के एचआर अरविंदा नंदी एवं असिस्टेंट मैनेजर हर्षल मरवडे ने छात्रों का साक्षात्कार लिया। कंपनी के अधिकारी ने बताया यह कंपनी बिल्डिंग,रोड्स, पुल निर्माण एवं फ्लाई ओवर कंस्ट्रक्शन का काम करती है। कंपनी के अधिकारियों ने सात विद्यार्थी का चयन किया।सभी सफल विद्यार्थियों को कॉलेज के निर्देशक विष्णुभ्रात चट्टोपाध्याय एवं कॉलेज के प्राचार्य समीर शर्मा ने बधाई दिया एवं उनके आने वाले उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस साक्षात्कार के सफल आयोजन में कॉलेज के शिक्षक दीपक कुमार महतो, राजेश गुरिया, मनीष कुमार पाठक, जितेंद्र कुमार, विकास मंडल, अनिंदो घोष,बप्पा दित्य सेन, सोमनाथ नाग, प्रदीप बाउरी, आदि का सराहनीय योगदान रहा।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय* । *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# गुड्डू पांडे पर हुई गोली चालन में दोनों पक्ष की ओर से 6 गिरफ्तार

## - पुलिस ने तीन रिवाल्वर 7 जिंदा कारतूस समेत 12 खोखा किया बरामद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** उलीडीह थाना अंतर्गत संजय पथ में अपराधी गुड्डू पांडेय पर बीती रात अन्य अपराधियों ने फायरिंग कर दी थी। इस घटना में दोनों पक्षों के बयान पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने दोनों पक्ष के कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले में एक पक्ष से गुड्डू पांडेय, रौशन कुमार और राकेश की गिरफ्तारी हुई है वहीं दूसरे पक्ष से सिंटू गुट के धनंजय सिंह और दीपू गोराई की गिरफ्तारी हुई है। पुलिस ने कुल तीन हथियार और सात जिंदा गोली बरामद किया है वहीं मौके से कुल 12 खोखा भी बरामद किया है। शुक्रवार को मामले की जानकारी देते हुए सिटी एसपी मुकेश लुनायत ने बताया कि गुरुवार शाम को सिंटू सिंह, डेविड और दीपू गोराई समेत अन्य गुड्डू पांडेय के घर पहुंचे और गेट पर ताबड़तोड़ फायरिंग करते हुए घर से अंदर पहुंचे। यहां दोनों पक्षों के बीच फायरिंग हुई जिसमें एक गोली गुड्डू पांडेय के दाएं जांघ को छूकर निकली जबकि दूसरे पक्ष के धनंजय के हाथ में गोली लगी। एसपी ने बताया कि दोनों पक्ष पूर्व में अमरनाथ गिरोह के लिए काम करते थे। सभी जमीन का कारोबार करते थे। एक माह पूर्व दोनों के बीच जमीन को लेकर विवाद भी हुआ था। इसी को लेकर सिंटू ने अपने साथियों के साथ मिलकर गुरुवार रात बालीगुमा के पास घटना का प्लान बनाया और फिर गुड्डू पांडेय के घर पर फायरिंग कर दी. इस मामले में सभी को जेल भेज दिया गया है वहीं अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने किया बिल्कुल नया अर्बन क्रूजर टैसर लॉन्च



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने ऑल-न्यू टोयोटा अर्बन क्रूजर टैसर लॉन्च किया, जो भारत में इसकी मजबूत और बहुमुखी एसयूवी श्रृंखला में नया शामिल हुआ गतिशील और मजबूत वाहन है। ऑल-न्यू अर्बन क्रूजर टैसर 1.0 लीटर टर्बो, 1.2 लीटर पेट्रोल और ई-सीएनजी विकल्पों में उपलब्ध है। 1.0 लीटर टर्बो 5 स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन और 6 स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन में उपलब्ध है, इस प्रकार यह उन ग्राहकों के लिए एक बहुमुखी विकल्प प्रदान करता है जो पावर और प्रदर्शन दोनों को प्राथमिकता देते हैं। यह 1.2 लीटर पेट्रोल 5 स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन और इंटेलिजेंट गियर शिफ्ट (आईजीएस) में आता है और 1.2 लीटर ई-सीएनजी 5 स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन में भी उपलब्ध है। 1.2 लीटर पेट्रोल इंजन 21.7 मैनुअल और 22.8(एएमटी) किमी/लीटर की ईंधन दक्षता के साथ 6000 आरपीएम पर 89.73 पीएस की अधिकतम शक्ति प्रदान करता है। ऑल-न्यू अर्बन क्रूजर टैसर ई-सीएनजी विकल्प में भी उपलब्ध है जो 28.5 किमी/किग्रा की ईंधन दक्षता प्रदान करता है।

## पचास वर्ष का जश्न मना रहा मोबिल 1 मोटर ऑयल

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एक्सॉन मोबिल को वैश्विक बाजार में मोबिल 1 मोटर ऑयल की शुरूआत करने के 50वीं वर्षगांठ मनाने पर गर्व है। 2024 में एक्सॉन मोबिल की साझेदारी, मोटरस्पोर्ट्स और आभासी वास्तविकता में पहल की एक श्रृंखला के साथ मोबिल 1 ब्रांड के अपने 50 साल के इतिहास का जश्न मनाएगा, जिनमें से प्रत्येक ब्रांड की विरासत और आने वाले समय की चीजों को उजागर करेगा। पहले पूर्ण सिंथेटिक ऑटोमोटिव मोटर ऑयल के रूप में शुरुआत करने और फिर मोबिल 1 ब्रांडेड तेलों की श्रृंखला में विस्तार करने के बाद मोबिल 1 ब्राड गैस-संचालित और हाल ही में, हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक कारों के इंजन की सुरक्षा में सबसे आगे रहा है, और पिछले पांच दशक से बेजोड़ गुणवत्ता और प्रदर्शन प्रदान कर रहा है। आज, मोबिल 1 नवाचार, सहयोग और ग्राहकों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के साथ दुनिया का अग्रणी सिंथेटिक मोटर ऑयल ब्रांड है। इस प्रतिष्ठित ब्रांड के साथ, एक्सॉन मोबिल इंजन सुरक्षा और प्रदर्शन के भविष्य को आकार देना जारी रखने के लिए उत्साहित है। इस महत्वपूर्ण पड़ाव वाले वर्ष में मोबिल 1 के उत्सव को प्रेरित करने वाले केंद्रीय घटकों में से एक ब्रांड की यात्रा को दर्शाने वाली एक लघु फिल्म है।

## एसडीएम ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण, मतदान को लेकर किया जागरूक



**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों मतदान केन्द्रों का चांडिल एसडीएम शुभ्रा रानी ने निरीक्षण किया। उन्होंने आसन्न लोकसभा चुनाव को लेकर उत्क्रमित मध्य विद्यालय रघुनाथपुर, तुता, बड़ा चुनचुडीया, पुड़ीहेंसा, प्राथमिक विद्यालय सितु, डुमरा, नवाडीह, प्लस टु उच्च विद्यालय पिलीद, टीकर सहित दर्जनों विद्यालयों में मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। एसडीएम ने शौचालय, बिजली,पंखा , पानी आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों को बिजली कनेक्शन, पानी व शौचालय को दुरुस्त करने का निर्देश भी दिया। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं को चुनाव में मतदान करने के लिए जागरूक भी किया। उन्होंने मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान अपने मतदान केंद्र पर समयानुसार पहुंच कर मतदान करने का अपील किया। इस दौरान एसडीएम के साथ निरीक्षण में ईचागढ़ के बीडीओ किकु महतो भी उपस्थित थे।

## सरायकेला एवं चांडिल में 21 से 27 तक विशेष लोक अदालत का होगा आयोजन

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झालसा रांची एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सरायकेला खरसावां विजय कुमार के निर्देशानुसार सिविल कोर्ट सरायकेला में बिजली और एन आई एक्ट वादों के लिए तथा अनुमंडलीय न्यायालय, चांडिल में एन आई एक्ट वादों के लिए 21 अप्रेल से 27 अप्रेल 2024 तक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। अपने चेक बाउंस/एन आई वादों और बिजली से संबंधित मामलों के सुलह समझौता के द्वारा निपटारा कराने हेतु संबंधित सभी लोगों को जागरूक एवं वादों में नोटिस करने की प्रक्रिया की जा रही है। ताकि अधिक से अधिक लोग इस विशेष लोक अदालत का लाभ ले सकें।

## नेताजी सुभाष पब्लिक की छात्रा प्रशंसा दीवान का चयन रांची हाइकोर्ट में इंटर्नशिप में हुआ



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नेताजी सुभाष पब्लिक युनिवर्सिटी के बीबीए- एलएलबी की मेधावी छात्रा गम्हरिया के व्यवसायी योगेश दीवान की पुत्री प्रशंसा दीवान का चयन रांची हाइकोर्ट में इंटर्नशिप के लिए हुआ है। प्रशंसा के चयन से उसके माता-पिता व परिजनों में खुशी की लहर है। वह रांची हाइकोर्ट में सीनियर एडवोकेट रितु कुमार के अधीन प्रैक्टिस करेगी। प्रशंसा सरायकेला डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में सीनियर एडवोकेट केपी दुबे के मार्गदर्शन में उनके अधीन प्रैक्टिस कर रही है। उन्होंने कहा कि वह भविष्य में जज बनकर लोगों को जल्द न्याय दिलाना चाहती है।

## बोड़ाम में रामलाल महतो को पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस पार्टी के पटमदा प्रखंड अध्यक्ष रहे स्वर्गीय रामलाल महतो की 17 वीं पुण्यतिथि शुक्रवार को बोड़ाम स्थित शहीद स्थल में मनाई गई। बोड़ाम प्रखंड कांग्रेस पार्टी की ओर से आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सचिव किशनलाल महतो ने की। मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के प्रदेश सचिव खगेन चंद्र महतो मौजूद थे। इस दौरान कांग्रेसियों ने स्वर्गीय रामलाल महतो की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि की एवं नमन किया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार महतो, अरुण चंद्र गोप, बलराम महतो, लालू मुदी, नरेंद्र नाथ महतो, किरीटी भूषण महतो, सुभाष चंद्र महतो, चंद्रमोहन महतो, तपन कुमार मुदी, क्षेत्रमोहन महतो, पूर्ण चंद्र महतो, महेश्वर महतो, यादव महतो, प्रदीप कुमार सिंहदेव, जागरण सिंह, अंबुज कुमार महतो, छुटुलाल महतो, वैद्यनाथ टुडू व दुबराज सिंह आदि मौजूद थे।

## आजीविका महिला स्वावलंबी सहयोग समिति ने किया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के लच्छीपुर पंचायत अंतर्गत बांसगड़ पंचायत भवन में शुक्रवार को लच्छीपुर आजीविका महिला स्वावलंबी सहयोग समिति लिमिटेड ने मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान समिति से जुड़े दीदियों ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रंगोली बनाकर व पांच सौ दीया जलाते हुए लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। संकुल संगठन के लेखापाल अक्षय कुंभकार ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि इसके पहले जोड़सा व अन्य गांवों में दीवाल लेखन के माध्यम से भी लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा चुका है। अभियान में मुख्य रूप से विनय दे, सुभाष कुमार, ज्योत्सना बोदरा, लक्ष्मी गोराई, सुंदरी हेम्ब्रम, सोनी दत्त, टिंकू रानी महतो, धनंजय तंतुवाई, जयंती सिंह, पायो रानी मुर्मू आदि मौजूद थे।

## गेंगाड़ा स्कूल के सेवानिवृत्त शिक्षक पूर्ण चंद्र महतो को दी गई विदाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय गेंगाड़ा के सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) पूर्ण चंद्र महतो के सेवानिवृत्त होने पर शुक्रवार को विद्यालय परिसर में समारोह पूर्वक विदाई दी गई। मौके पर उन्हें अंगवस्त्र तथा विभिन्न उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। उन्होंने पिछले 18 वर्षों से स्कूल में सेवा देते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा अनुशासन प्रदान करने में सदैव तत्पर रहकर एक मिसाल कायम किया है। विद्यालय के प्रधान शिक्षक स्वपन कुमार पात्र ने कहा पूर्ण बाबू छात्र - छात्राओं के बीच कर्मठ, मृदुभाषी तथा शिक्षा प्रेमी के रूप में लोकप्रिय रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संजय प्रमाणिक, प्रधान शिक्षक स्वपन कुमार पात्र, अजित कुमार, प्रबोध कुमार महतो, रूपेश कुमार, परितोष महतो, गोपेश्वर रजक, सौरव मिश्रा, दुर्गाचरण माझी, उषा सहिस, इंद्रा महतो, गौतम गोप ,अमित बनर्जी आदि लोग उपस्थित थे।

## सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी की मुहीम में मातृ शक्ति ने किया आर्थिक सहयोग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी (सीजीपीसी) की शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर महत्वाकांक्षी परियोजना गुरु रामदास भलाई केन्द्र के लिए जमशेदपुर की सिख मातृ शक्ति ने भी आगे आकर आर्थिक सहयोग किया है।शुक्रवार को सीजीपीसी कार्यालय में निष्काम सेवा जत्था, विकास कॉलोनी की तरविंदर कौर, बलविंदर कौर, रानी कौर, रणजीत कौर तथा दलबीर कौर ने सीजीपीसी के प्रधान भगवान सिंह से मुलाकात कर नकद रकम के रूप में आर्थिक सहयोग सौंपा। सरदार भगवान सिंह ने मातृ शक्ति के प्रयास की सराहना करते हुए अन्य जत्थेबंदियाँ के अलावा सभी सामाजिक संस्थाओं से भी निवेदन किया कि वे सभी ÷गुरु रामदास भलाई केन्द्र के निर्माण कार्य के लिए अपना सहयोग अवश्य करें।इस मौके पर सरदार चंचल सिंह, कुलविंदर सिंह पन्नू, सुखविंदर सिंह राजू व हरविंदर सिंह मंटू भी उपस्थित रहे।

## वी.एस.पब्लिक स्कूल सीनी में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर बच्चों ने स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** स्कूल सीनी में शुक्रवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। विद्यालय में प्रार्थना सभा के पश्चात कक्षा पांच से लेकर कक्षा दस के सभी छात्र-छात्राओं के द्वारा जुलूस निकाला गया। बच्चों के द्वारा जुलूस की भ्रमण विद्यालय से लेकर सेरसा मैदान सीनी वर्कशॉप एवं सीनी बजरंग चौक तक किया। साथ ही बच्चों ने लोगों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। व बच्चों के द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर पर्यावरण और स्वास्थ्य के प्रति लोगों तक संदेश पहुंचा कि स्वस्थ का ध्यान रखना अति आवश्यक है। वहीं ओ.आर.एस. ग्लूकोन डी. डिटॉल बैंडेज आदि का भी वितरण किया गया।

## राज्य निर्वाचन आयोग संयुक्त सचिव ने किया कई मतदान केंद्रों का दौरा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत राज्य निर्वाचन आयोग के संयुक्त सचिव सुबोध कुमार ने शुक्रवार को गम्हरिया एवं आदित्यपुर के कई मतदान केंद्रों का दौरा कर निरीक्षण कर वहां की मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने उन मतदान केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी भी ली। अपने दौरे के क्रम में उन्होंने मतदाताओं से सीधे बातचीत कर मतदान के प्रति उन्हें जागरूक भी किया। दौरे के क्रम में आदित्यपुर के नियोजन कार्यालय स्थित मतदान केंद्र संख्या 147, 148, 149 एवं 150 का निरीक्षण कर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान केंद्र की तैयारी के बारे में जानकारी लेते हुए संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मियों को आवश्यक सभी सुविधाओं को पूरा करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बताया कि मतदाता जागरूकता को लेकर उनके द्वारा एक वीडियो तैयार किया गया है जिसे अबतक 75 हजार लोग देख चुके हैं। यह मोटिवेशनल वीडियो सोशल साइट पर धूम मचा रही है। इसमें युवाओं को मतदान के प्रति प्रेरित करने की बात बताई गई है जो लोगों को काफी पसंद आ रही है।

### झारखंड बंगभाषी समन्वय समिति के प्रतिनिधिमंडल को मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा

## मैं भी बांग्ला विद्यालय से पढ़ा हूं, लोस चुनाव के बाद सभी मांगें करूंगा पूरी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** झारखंड बंगभाषी समन्वय समिति का 11 सदस्यीय एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष विकास मुखर्जी के नेतृत्व में शुक्रवार को राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मिलकर झारखंड राज्य के बहुसंख्यक बांग्ला भाषियों के अस्तित्व की रक्षा करने के लिए एक मांग पत्र सौंपा। झारखंड अलग राज्य बनने से पहले उन सभी जिलों के ग्रामीण इलाकों के सभी प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में यहां तक कि उच्च विद्यालय में भी मातृभाषा बांग्ला में ही पढ़ाई होती थी परंतु 15 नवंबर 2000 से अर्थात झारखंड बनने के बाद से ही धीरे-धीरे और 2005 के बाद पूर्ण रूप से बांग्ला भाषा की पाठ्य पुस्तकों का वितरण तथा बांग्ला भाषा में पठन - पाठन बंद कर दिया गया और बदले में हिंदी माध्यम की पाठ्य पुस्तक वितरण कर हिंदी माध्यम से पठन पाठन की व्यवस्था शुरू कर दी गई। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि झारखंड के बांग्ला भाषी दृढ़ता के साथ आपकी सरकार का समर्थन करती है तथा आनेवाले दिनों में और मजबूती के साथ आपकी सरकार को समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है, यदि आपकी सरकार हमारी मांगों को पूरा करते हुए राज्य को मजबूत और सशक्त बनाने का काम करें।वार्ता के उपरांत मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड बंगभाषी समन्वय समिति द्वारा विगत 24 वर्षों से अपनी मातृभाषा की रक्षा के लिए जो लड़ाई लड़ी जा रही है मैं इसका पूर्ण समर्थक हूं, क्यूकि मैं भी बांग्ला माध्यम विद्यालय से पढ़ाई किया हूं इसलिए मैं अपने कार्यकाल में समिति की सभी मांगों को पूर्ण रूप से लागू करूंगा और लोकसभा चुनाव के बाद झारखंड के सभी बांग्ला भाषियों को इसका परिणाम देखने को मिलेगा। प्रतिनिधिमंडल में विकास मुखर्जी, छायाकांत गोराई, नेपाल दास, संदीप सिन्हा चौधरी, पूरबी घोष, शुभ्रा दास, गोबिंद मुखर्जी, मिहिर दास, अरूप दास, धनंजय दास व गौतम दास शामिल थे।

## जमशेदपुर में 41 डिग्री तापमान में अदा हुई अलविदा जुमे की नमाज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर में रमजान के महीने के आखिरी जुमे की नमाज के दौरान मस्जिदों में रोजेदारों की भीड़ रही। साकची जामा मस्जिद में हजारों की संख्या में नमाजियों ने जुमा की नमाज अदा की. रोजेदारों ने नम आखों से रमजान को अलविदा कहा। सब को रमजान के विदा होने का अफसोस था. दुआ हुई कि परवरदिगार आलम अगले साल ये पाक महीना फिर सबको अता फरमाए. शेर पढ़ा गया अलविदा माहे रमजान अलविदा. खुतबे में उलेमा ने बताया कि ईद एकता का त्योहार है. इसलिए कोई ऐसा कदम मत उठाएं जिससे अमन में खलल पड़े. इस दौरान 41 डिग्री की गर्मी में रोजेदारों ने नमाज अदा की। जुमा की आखिरी नमाज साकची जामा मस्जिद, मस्जिद-ए-रहमान साकची, आमबगान मस्जिद, धतकीडीह मस्जिद, मक्का मस्जिद, शास्त्रीनगर की फारुखी मस्जिद, शास्त्रीनगर की अहले हदीस मस्जिद, मानगो में बारी मस्जिद, मदीना मस्जिद, जाकिर नगर की शिया उम्मे खलील जामा मस्जिद, इमाम हुसैनी मस्जिद, ओल्ड पुरुलिया रोड की अहले हदीस मस्जिद, एकरा कॉलोनी मस्जिद, कपाली की मस्जिद-ए-हाजरा, बागानशाही मस्जिद, शबीना मस्जिद, मस्जिद-ए-उम्मे जमील कपाली आदि में पढ़ी गई. जुमा के खुतबे में उलेमा ने ईद का त्योहार अमन और खुशी के साथ मनाने की अपील रोजेदारों से की।

## साकची में चला अतिक्रमण के खिलाफ अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** शहर में इन दिनों सड़कों का अतिक्रमण आम हो चला है। इसको लेकर प्रशासन ने भी सख्ती दिखाई है। जिला प्रशासन की ओर सेशुक्रवार को जिला पुलिस, जेएनएसी और टाटा स्टील ने संयुक्त रुप से साकची में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान सिटी एसपी मुकेश कुमार लुनायत, सिटी डीएसपी सुधीर कुमार, यातायात डीएसपी संजय सिंह, साकची थाना प्रभारी संजय कुमार, जेएनएसी के उप नगर आयुक्त समेत कई पुलिस बल मौजूद रहे। अभियान की शुरुआत साकची गोलचक्कर से हुई जो ठाकुरबाड़ी रोड, आमबगान और दिल्ली दरबार होते हुए साकची गोलचक्कर पर खत्म हुई। इसके अलावा साकची बाजार में भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। मौके पर सिटी एसपी मुकेश कुमार लुनायत ने कहा कि अतिक्रमण को लेकर काफी शिकायतें मिल रही थी। इसी को लेकर आज से अभियान की शुरुआत की गई है। यह अभियान जारी रहेगा। अभियान के पहले दिन लोगों को इसके प्रति जागरुक किया गया और अतिक्रमण ना करने की चेतावनी दी गई। एक हफ्ते तक लोगों को इसके प्रति जागरुक किया जाएगा जिसके बाद उचित कार्रवाई शुरु की जाएगी।

## पटमदा में कुत्तों का आतंक, गाय व बछड़े समेत कई लोगों को काटा, एक दिन में 16 लोगों को लगा टीका





प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड में कुत्तों के आतंक से परेशान हैं ग्रामीण। बोड़ाम प्रखंड के गुगलुबनी गांव में करीब एक माह पूर्व दीनबंधु महतो की एक दुधारु गाय को मैदान में घास चरने के दौरान किसी कुत्ते ने काट लिया था। करीब 10 दिनों के बाद जब जहर उसके शरीर में फैल गया और उसके व्यवहार में बदलाव आने लगा तो घरवालों को शक हुआ। इसके बाद पड़ताल करने पर पता चला कि गाय को किसी कुत्ते ने काट लिया है। फिर करीब 15 दिनों के बाद गाय को पड़ोस के गांव के एक व्यक्ति को दान में दे दिया गया जो घटना के 21 दिनों के अंदर मर गई। इसके बाद दीनबंधु महतो समेत परिवार के सभी सदस्यों ने नजदीकी चिकित्सक से संपर्क किया तो सलाह दी गई कि उस गाय का दूध पीने वाले सभी लोगों को एंटी रेबीज का टीका लगवाना होगा। घटना से भयभीत होकर परिवार के सभी 9 लोग एमजीएम अस्पताल पहुंचे लेकिन वहां से बिना टीका लगवाए डांट फटकार करते हुए भगा दिया गया। इस संबंध में दीनबंधु महतो ने बताया कि एमजीएम अस्पताल से निराश होकर लौटने के बाद मानगो स्थित गुरुनानक नर्सिंग होम में एक बच्चा समेत दो लोगों को 400 रुपए की दर से टीका लगवाया। फिर दामोदरपुर निवासी डॉक्टर वाणीपद सिंह की सलाह पर पटमदा के माचा स्थित सीएचसी अस्पताल जाकर 2 अप्रैल को पहला डोज एवं 5 अप्रैल को दूसरा डोज दिलाया गया जबकि 9 अप्रैल को तीसरा डोज लगेगा। दीनबंधु के अनुसार उन्हें नहीं मालूम था कि माचा अस्पताल में इतनी बेहतर व्यवस्था है अन्यथा उनके परिवार के लोग एमजीएम अस्पताल नहीं जाते। दूसरी ओर उस घटना के दिन ही गुगलुबनी गांव के दुर्योधन महतो के घर में बंधे एक बछड़े को भी किसी कुत्ते ने काटा लिया था जिसके बाद उनके परिवार के सदस्य भी भयभीत हो गए। शुक्रवार को उनके परिवार के भी 5 लोगों ने माचा में टीके लगवाए। वहीं शुक्रवार को काटिन निवासी इंद्रजीत दत्ता की बेटी खुशी व बेटा उज्ज्वल को उनके घर के पालतू कुत्ते ने काट लिया था और शुक्रवार को वे दोनों भी पहुंचकर टीके लगवाए। जबकि दुआरीडीह निवासी महिला कुंती सिंह को भी किसी आवारा कुत्ते ने काट लिया था जिसके बाद वह भी टीका लगवाई।

## समाजसेवी शेखर मुखर्जी नही रहे, अंसार खान ने गीत गाकर दुःख बांटने की कोशिश की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** शहर के समाजसेवी शेखर मुखर्जी उर्फ पेंटर बाबू भाई का आज निधन हो गया है। वे लगभग 1 महीने से कैंसर से पीड़ित थे। वे अपने पीछे बेटी दीप शिखा मुखर्जी और वाइफ दीप्ति मुखर्जी को छोड़कर चले गए। उक्त जानकारी पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सह पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि के अंसार खान ने दी। उनके निधन पर श्री खान दुःख प्रकट करते हुए कहा कि मैं उनकी बेटी दीप शिखा मुखर्जी को सैल्यूट करता हूं बेटी ने अपने पिता को बचाने के लिए हर मुमकिन कोशिश किया। इस दौरान उन्होंने जमशेदपुर के कैंसर हॉस्पिटल में गीत के माध्यम से दुख की इस घड़ी में साथ देने का कोशिश किया। आइ हम सब मिलकर हर किसी के दुख दर्द में साथ दे, चाहे वह किसी भी धर्म से ताल्लुक रखता हो। यही हमारे मजहब और भारत की शान है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



संपादकीय

# विपक्षी एकता के मायने

**राजधानी** दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के समर्थक और भाजपा-विरोधी बड़े नेता मौजूद थे। एकजुटता साफ नजर आ रही थी। उनमें से अधिकतर ने देश को आगाह किया कि यदि तीसरी बार भी मोदी सरकार बनी, तो देश का संविधान बदलने की शुरुआत होगी। शासन और भी एकाधिकारवादी हो जाएगा। भारत रूस बन सकता है। लोकतंत्र की आत्मा खत्म कर दी जाएगी। जिस तरह रूस पर पुतिन का राज है, उसी तरह भारत में मोदी की स्थिति होगी। यह आशंका कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जताई थी। संविधान को बदलने की बात राहुल गांधी ने की, जिन्हें किन्हीं भाजपा नेताओं ने 'ब्रीफ' किया था। यहां तक आगाह किया गया कि देश में आग लग जाएगी। इनके अलावा अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, शरद पवार, सीताराम येचुरी, भगवंत मान आदि विपक्षी नेताओं ने रोजगार का संकट, बेरोजगारी, महंगाई, किसानों का एमएसपी, जांच एजेंसियों की निरंकुशता और प्रशासन आदि के साझा मुद्दे उठाकर अपने लोकसभा चुनाव अभियान को गति दी। सारांश में विपक्ष की साझा रैली कई मायनों में असर छोड़ गई। एक बार फिर 'इंडिया' बिखरने के बजाय लामबंद होता दिखाई दिया। आपसी विरोधाभास को भी उन्होंने स्वीकार किया। बेशक ममता बनर्जी और स्टालिन सरीखे मुख्यमंत्री रैली में नहीं आए, लेकिन उन्होंने अपने प्रतिनिधि भेजकर स्पष्ट किया कि वे आज भी 'इंडिया' के घटक हैं। बहरहाल विपक्षी नेताओं ने चुनावों को 'लोकतंत्र-संविधान बचाने' की सामूहिक कोशिश चित्रित किया। दूसरी तरफ प्रधानमंत्री मोदी ने 1857 की प्रथम क्रांति की मूलभूमि मेरठ से चुनाव के दूसरे हिस्से का आगाज किया। उन्होंने 'भारत-रत्न' चौधरी चरण सिंह के 'गौरव समारोह' के जरिए पश्चिमी उप्र के किसानों, जाटों और 'मसीहा' के भक्त-समर्थकों को साधने की कोशिश की। प्रधानमंत्री ने 'भ्रष्टाचार' के मुद्दे पर चुनावी लड़ाई की चेतावनी भी कबूल की और देश से साझा किया कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी, क्योंकि जनता का जो पैसा लूटा गया है, वह उसे लौटा रहे हैं। अभी तक 17,000 करोड़ रुपए से अधिक लोगों को वापस किए जा चुके हैं, यह प्रधानमंत्री मोदी ने दावा किया। प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई को 'मोदी की गारंटी' करार दिया और कहा कि वह विपक्ष के रुदन और चिल्लाने से घबराने वाले नहीं हैं। इन दोनों जनसभाओं का आकलन करने के बाद चुनाव विश्लेषकों की व्याख्या है कि जितना एकतरफा आम चुनाव माना जाता रहा है, उतना नहीं है। कुछ गंभीर जन-समस्याओं पर लोगों में ध्रुवीकरण होने लगा है। 'अंडर करंट' भी माना जा रहा है। उप्र और राजस्थान सरीखे राज्यों में जिस तरह एकतरफा 'मोदी लहर' आंकी जा रही थी, अब वह स्थिति नहीं है। प्रधानमंत्री ने बूथ स्तर के काडर को अनुरोध किया है कि वे घर-घर जाएं और कहें कि मोदी जी ने नमस्कार भेजा है। बेशक भाजपा के पक्ष में भ्रष्टाचार के अलावा, अयोध्या राम मंदिर निर्माण, लाभार्थी योजनाएं, महिला वोट बैंक और मोदी सरकार की विभिन्न परियोजनाएं आदि हैं। यदि समूचा विपक्ष आज से ही एक सीट, एक साझा उम्मीदवार की रणनीति को अमलीजामा पहना दे और देश भर में सघन अभियान चलाए, तब भी मोदी और भाजपा-एनडीए 'दुर्जेय' हैं। चुनाव विशेषज्ञों का मानना है कि तमिलनाडु, केरल सरीखे दक्षिण भारतीय राज्यों में इस बार प्रधानमंत्री मोदी, राम मंदिर, सनातन आदि को लेकर एक अनूठी लहर महसूस की जा रही है, लिहाजा भाजपा इस बार इन राज्यों में 'शून्य' नहीं रहेगी। यदि विपक्षी दल आपस में भाजपा-विरोधी वोटों को कम काटें और भरपूर मतदान हो, तब भी भाजपा को परास्त करना बहुत मुश्किल काम है, क्योंकि चुनाव घोषणा से पहले ही भाजपा के काडर ने सभी बुनियादी बंदोबस्त कर दिए थे।

भारत रूस बन सकता है। लोकतंत्र की आत्मा खत्म कर दी जाएगी। जिस तरह रूस पर पुतिन का राज है, उसी तरह भारत में मोदी की स्थिति होगी। यह आशंका कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जताई थी। संविधान को बदलने की बात राहुल गांधी ने की, जिन्हें किन्हीं भाजपा नेताओं ने 'ब्रीफ' किया था। यहां तक आगाह किया गया कि देश में आग लग जाएगी। इनके अलावा अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, शरद पवार, सीताराम येचुरी, भगवंत मान आदि विपक्षी नेताओं ने रोजगार का संकट, बेरोजगारी, महंगाई, किसानों का एमएसपी, जांच एजेंसियों की निरंकुशता और प्रशासन आदि के साझा मुद्दे उठाकर अपने लोकसभा चुनाव अभियान को गति दी। सारांश में विपक्ष की साझा रैली कई मायनों में असर छोड़ गई। एक बार फिर 'इंडिया' बिखरने के बजाय लामबंद होता दिखाई दिया। आपसी विरोधाभास को भी उन्होंने स्वीकार किया। बेशक ममता बनर्जी और स्टालिन सरीखे मुख्यमंत्री रैली में नहीं आए, लेकिन उन्होंने अपने प्रतिनिधि भेजकर स्पष्ट किया कि वे आज भी 'इंडिया' के घटक हैं।

नजाकत को देखते हुए जरूरी है और इस जरूरत को महसूस करते हुए दोनों देशों को अपनी-अपनी सेनाएं हटाने के लिए तैयार हो जाना चाहिए

# ग़ाज़ा पट्टी में युद्ध विराम की जरूरत

ललित गर्ग

हमास एवं इस्राइल के बीच चल रहे युद्ध को विराम देकर, शांति का उजाला करने, अभय का वातावरण, शुभ की कामना और मंगल का फैलाव करने के लिये को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को दृढ़ता से शांति प्रयास एवं युद्ध विराम को लागू करना ही चाहिए। मनुष्य के भयभीत मन को युद्ध की विभीषिका से मुक्ति देनी चाहिए। इन दोनों देशों को अभय बनकर विश्व को निर्भय बनाना चाहिए।

**संयुक्त** राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सोमवार को, ग़ाज़ा पट्टी में युद्ध और मानवीय पीड़ा पर विराम लगाने के लिए, तत्काल युद्धविराम लागू किए जाने और तमाम बन्धकों की तत्काल व बिना शर्त रिहाई की मांग करने वाला एक नया प्रस्ताव पारित कर दिया है। यह प्रस्ताव, 11 मार्च को शुरू हुए रमजान के महीने की करुण एवं मानवीय पुकार है, साथ ही, इसराइल पर हमलों के दौरान बन्धक बनाए लोगों में से शेष 130 लोगों को रिहा किए जाने की मांग है। हमास एवं इस्राइल के बीच चल रहे युद्ध को विराम देकर, शांति का उजाला करने, अभय का वातावरण, शुभ की कामना और मंगल का फैलाव करने के लिये को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को दृढ़ता से शांति प्रयास एवं युद्ध विराम को लागू करना ही चाहिए। मनुष्य के भयभीत मन को युद्ध की विभीषिका से मुक्ति देनी चाहिए। इन दोनों देशों को अभय बनकर विश्व को निर्भय बनाना चाहिए। निश्चय ही यह किसी एक देश या दूसरे देश की जीत नहीं बल्कि समूची मानव-जाति की जीत होगी। यह समय की नजाकत को देखते हुए जरूरी है और इस जरूरत को महसूस करते हुए दोनों देशों को अपनी-अपनी सेनाएं हटाने के लिए तैयार हो जाना चाहिए। ग़ाज़ा में विशाल स्तर पर उपजी आवश्यकताओं और ज़रूरतमन्द आबादी तक मानवीय सहायता पहुँचाएं जाने की भी जरूरत है, क्योंकि वहां के लोग भुखमरी के कगार पर पहुँच चुके है। छह महीने से जारी इस भयंकर जंग के दौरान यह पहला मौका है, जब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने युद्धविराम का प्रस्ताव पारित किया है। यह इसलिए संभव हुआ कि अमेरिका ने इसे वीटो करने से परहेज किया। निश्चित रूप से सुरक्षा परिषद का यह प्रस्ताव विश्व जनमत से उपजे दबाव की अभिव्यक्ति है। बड़े शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों को इस युद्ध विराम देने के प्रस्ताव को बल देना चाहिए और इसे लागू करने के प्रयास करने चाहिए। पिछले सात अक्टूबर को हमास की ओर से किए गए आतंकी हमले के खिलाफ जब इस्राइल ने कार्रवाई की बात कही तो अमेरिका और भारत समेत तमाम देशों की सहानुभूति उसके साथ थी। लेकिन इस्राइल ने जिस तरह से गाजा में हवाई हमले शुरू किए और वहां से आम लोगों के हताहत होने की खबरें आने लगीं, उसके बाद यह आवाज तेज होती गई कि इस्राइल को अपने अभियान का स्वरूप बदलना चाहिए। अब तक गाजा में करीब 32 हजार लोगों के मारे जाने की खबरें हैं, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। भारत हमेशा युद्ध-विरोधी रहा है, युद्ध-



विराम की उसकी कोशिशें निरन्तर चलती रही है। किसी भी देश में यह भ्रम पैदा नहीं होना चाहिए कि भारत हाथ पर हाथ धरे बैठा रहा है। भारत ने उचित ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को यह भी बता दिया है कि वह सभी संबंधित पक्षों के संपर्क में है और उनसे बातचीत की मेज पर लौटने का आग्रह कर रहा है। निस्संदेह, भारत को मानवता के पक्ष में शांति, युद्ध-विराम और राहत के प्रयासों में जुटे रहना चाहिए। भारत के ऐसे प्रयासों का ही परिणाम है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने युद्धविराम का ऐसा प्रस्ताव पारित किया है। गाजा पट्टी में हिंसक टकराव पर विराम लगाने के लिए सुरक्षा परिषद की कई बैठकें हो चुकी हैं, मगर फिलहाल यह सम्भव नहीं हो पाया है। नवम्बर 2023 में एक सप्ताह के लिए लड़ाई रोकी गई थी और गाजा से बंधकों और इस्राइल से फलस्तीनी बंदियों की अदला-बदली हुई थी। मगर, इसके बाद लड़ाई फिर भड़क उठी और इसमें तेजी आई है। गाजा में मृतक संख्या और भूख व कुपोषण से प्रभावित फलस्तीनियों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। इसके मद्देनजर लड़ाई को जल्द से जल्द रोके जाने और मानवीय पीड़ा पर मरहम लगाने की मांग भी प्रबल हो रही है। दुनिया के किसी भी हिस्से में मानवता का इस तरह पीड़ित एवं मर्माहत होना शर्म की बात है। इस शर्म को लगातार ढ़ोते रहना शक्तिसम्पन्न एवं निर्णायक राष्ट्रों के लिये शर्मनाक ही है। अब एक सार्थक पहल हुई है तो उसका स्वागत होना ही चाहिए। समूची दुनिया और उसके देश हमास एवं इस्राइल के बीच चल रहे युद्ध को विराम देने की अपेक्षा महसूस करते हुए लगातार मांग कर रहे हैं, लेकिन अफसोस की बात थी कि अलग-अलग देशों में हो रहे प्रदर्शनों में व्यक्त होती जनभावना एवं मानवता की पुकार संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव के रूप में बाहर नहीं आ पा रही थी। खुद अमेरिका इससे पहले गाजा युद्ध विराम से जुड़े तीन प्रस्ताव को वीटो कर चुका था। सोमवार को मतदान से अलग रहते हुए भी उसने इस प्रस्ताव को पारित होने दिया, जो उसके अब तक के रुख में अहम बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। अमेरिकी रुख में आए इस कथित बदलाव पर इस्राइल ने भले ही तीखी प्रतिक्रिया जताई। इस्राइली पीएम नेतन्याहू ने इसी सप्ताह बातचीत के लिए अमेरिका जाने वाले एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के कार्यक्रम को रद्द करने की घोषणा कर दी। हालांकि अमेरिका ने अपने रुख में बदलाव से इनकार किया है, लेकिन फिर भी माना जा रहा है कि अमेरिका का ताजा कदम इस बात का स्पष्ट संकेत है कि इस्राइल उसके समर्थन को तय मानकर न चले। भले ही अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की नाकामी ने अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक क्षेत्र में एक रिक्तता पैदा करते हुए संकट को गहराया है लेकिन अब अमेरिका के बदले रूख से युद्ध का अंधेरा नहीं, शांति का उजाला होने की संभावनाएं हैं। अमेरिका के रुख में यह बदलाव और सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव सकारात्मक संकेत हैं। लेकिन फिर भी इनके संभावित परिणामों को लेकर अभी धुंधलके ही छाये हैं, किसी निष्कर्ष एवं निर्णायक मोड में पहुंचने की बात अभी जल्दबाजी ही प्रतीत हो रही है। हालांकि अभी बात इस्राइल और फलस्तीन के बेहद लंबे और जटिल विवाद की नहीं, बस गाजा में चल रहे युद्ध को बंद करने और बंधकों को रिहा करने की संभावनाओं तक सीमित है। लेकिन यह सीमित लक्ष्य भी तमाम अनिश्चितताओं से घिरा है। ऐसे में फिलहाल सिर्फ यह उम्मीद और अपील की जा सकती है कि सभी संबंधित पक्ष इस मामले में सकारात्मक और लचीला रुख अपनाएं। बात भले ही अभी गाजा में युद्ध-विराम की हो, लेकिन युद्ध कहीं भी हो, विनाश का ही कारण है, विकास को अवरूद्ध करने एवं शांति एवं अमन को बाधित करने का जरिया है। युद्ध तो लम्बे समय से रूस एवं यूक्रेन के बीच भी चल रहा है। हमाम और इस्राइल भी लम्बे समय से युद्धरत है। इस तरह युद्धरत बने रहना खुद में एक असाधारण और अति-संवेदनशील मामला है, जो समूची दुनिया को विनाश एवं विध्वंस की ओर धकेलने जैसा है। ऐसे युद्ध का होना विजेता एवं विजित दोनों ही राष्ट्रों को सदियों तक पीछे धकेल देगा, इससे भौतिक हानि के अतिरिक्त मानवता के अपाहिज और विकलांग होने का भी बड़ा कारण बनेगा। विश्वशांति एवं मानवता की रक्षा का ध्यान रखते हुए युद्धरत देशों को युद्ध विराम के लिये अग्रसर होना चाहिए।

दृष्टि कोण

# प्राकृतिक खेती को पुनर्जीवित करने की जरूरत

**स्वतंत्रता** प्राप्ति के पश्चात से ही भारत को कृषि प्रधान देश के रूप में जाना जाता है। कई किसान पृष्ठभूमि से जुड़ी विभूतियां देश के शीर्ष राजनीतिक पद तक पहुंचीं, मगर उस समय देश की आर्थिकी बहुत कमजोर थी। कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए ज्यादा उत्पादन संभव नहीं था। आज हमारा देश चहुंमुखी विकास की ओर अग्रसर है। विश्व भर के हर कार्य क्षेत्र में भारतीय प्रतिभाएं अपनी चमक बिखेर रही हैं। आज देश के 58 फीसदी लोग कृषि पर निर्भर हैं। 10.07 करोड़ परिवार यानी देश के 48 फीसदी परिवार कृषि करते हैं। विश्व के 70 प्रतिशत लोग गैर कृषि व्यवसाय से जुड़े हैं। कम समय में ज्यादा पैसा कमाना भी सामाजिक परिवेश व सामाजिक मनोदशा के परिवर्तन का एक कारक है। कृषि के क्षेत्र में ज्यादा पैदावार की चाह हर किसान रखता है, जिसके कुछ कारण भी हैं। कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न तरह की रासायनिक खादें, कीटनाशक दवाइयां व कृषि यंत्र महंगे होते जा रहे हैं। आज कृषि क्षेत्र में खुद कार्य करने वाले



किसान नाममात्र के ही रह गए हैं, बाकी सब कृषि यंत्रों, खेतों में कार्य करने वाले श्रमिकों व कृषि में प्रयुक्त होने वाले रसायनों पर निर्भर हैं। सब कुछ दिन प्रतिदिन महंगा होता जा रहा है और अनाज के दाम जस के तस बने हुए हैं। वर्ष भर मेहनत करने वाले किसान फसल बेचकर कई बार उत्पादन खर्च भी पूरा नहीं कर पाते और आमदनी बढ़ाने के लिए वे फसल के ज्यादा उत्पादन की चाह में प्राकृतिक खेती से दूर होते जा रहे हैं। कुछ प्रभाव दीर्घकालिक होते हैं। पहले मनुष्य की औसत आयु 80-90 वर्ष होती थी, मगर वर्तमान परिप्रेक्ष्य में 60 से 70 वर्ष भी बमुश्किल है। वजह थी प्राकृतिक खेती और रसायनमुक्त अनाज। आज के रसायनयुक्त अनाजों से बहुत सी जटिल बीमारियों ने इनसान को जकड़ रखा है। कहते हैं कि पृथ्वी गोल है और इनसान तेजी से ज्यादा धन कमाने की चाह में आगे से आगे बढ़ता जा रहा है। किसान बेचारा कहीं पीछे भी रह जाता होगा, क्योंकि बिचौलिए कमाने की चाह में हमेशा आगे निकल जाते हैं। आखिर में इनसान वहीं पहुंच जाएगा जहां से यात्रा शुरू की थी, यानी अब इनसान को प्राकृतिक खेती के महत्त्व का एहसास होने लगा है। हिमाचल प्रदेश सरकार की 'प्राकृतिक खेती खुशहाल योजना' एक अच्छी शुरुआत है जिसके तहत प्रदेश की 3226 पंचायतों में से 2934 पंचायतों के 72193 परिवारों को प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस योजना हेतु 25 लाख रुपए के बजट का प्रावधान है जो कि नाकाफी है। पशुपालन हेतु भी किसानों को शुरुआती दौर में आर्थिक प्रोत्साहन की आवश्यकता है, अन्यथा कुछ मजबूरीवस व कुछ स्वार्थ के चलते पशुधन से दूर होते जा रहे हैं और बेचारे पशु इनसान के इस अमानवीय स्वभाव के चलते आवारा बनने को विवश हैं। पशुओं के आवारापन की दिशा में भी कठोर कदम उठाने की आवश्यकता है। गोबर जैसे प्राकृतिक जैविक पदार्थों की बहुमूल्यता को बनाए रखकर भी लोग पशुओं से जुड़े रहेंगे। गांव में प्राकृतिक खेती में काम आने वाले अदानों की आपूर्ति हेतु संसाधन भंडार के लिए 10000 रुपए की सहायता शीघ्रता से किसान समूह बनाकर उपलब्ध करवाई जाए। गौशाला के फर्श पक्का कर गौमूत्र इक_I करने के लिए गड्ढा बनाने हेतु भी सरकार ने बजट का प्रावधान किया है, वह भी शीघ्रता से किसानों को मिले व भारतीय नस्ल की गाय की खरीद पर 50 फीसदी और अधिकतम 25000 रुपए के उपदान को जरूरतमंदों तक पहुंचाया जाए। इसके अतिरिक्त परिवहन हेतु 5000 रुपए की राशि का भी विशेष प्रावधान है। छोटे किसानों के लिए यह योजना कारगर साबित होगी, यानी सही ढंग से विभाग द्वारा इसे अमलीजामा पहनाए जाने की जरूरत है।

कुछ अलग

# एक ही नारा, एक ही नाम

**मेरे** प्रिय परिवारजनो! मैं लगातार 11वीं बार चाल क़िले की प्राचीर से झुन्नू लाल बोल रहा हूँ। अब तक आप बीजे पार्टी के चाल, चरित्र और चेहरे का अभ्यास बेहद असरदार तरीके से कर चुके होंगे। हमारी नजर साल 2047 पर है। हमने विश्व गुरू को विकसित भारत बनाने का नया झुनझुना आपके हाथों में पकड़ा दिया है। जब आपका दिल चाहे आप पहले के झुनझुनों के साथ इसे बजा सकते हैं या चाहें तो अलग से बजा कर परपीड़ा की तान पर इसका आनंद ले सकते हैं। चुनाव आचार संहिता के दौरान देश की संसद के चुनाव जीतने के लिए अपनाए जा रहे हथकंडों से आप आने वाले समय का अंदाज़ा लगा सकते हैं। आपको जून तक पूरी छूट है कि आप जो चाहे लिखें। इसके बाद सरकार या विश्व गुरू की आलोचना, उसकी नीतियों, योजनाओं और कार्यों की समीक्षा और टिप्पणियाँ पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगी। किसी भी व्यक्तिगत या सांस्थानिक कुचेष्टा को सरकार गंभीरता से लेगी। ऐसा करने वाले उद्दंडियों के दिलो-दिमाग़ को दुरुस्त करने के लिए एकाग्रता शिविरों (कंसंट्रेशन कैंप) में भेज दिया जाएगा। ख़ासकर व्यंग्य लिखने वालों को अभी से भजन-चालीसा लिखने का अभ्यास आरम्भ कर देना चाहिए। लेखन की खाज मिटाने के लिए आप चाहें तो पुराणों-कथाओं का अंग्रेज़ी अनुवाद कर सकते हैं, मुझ पर या मेरी सरकार पर लेख और किताबें छाप सकते हैं। लेकिन व्यंग्य लिखने वाले एकाग्रता शिविरों में जाने के लिए तैयार रहें। हिटलर ने नाजियों को ठिकाने लगाने के लिए ज़हरीली गैसों का इस्तेमाल किया था। पर हम इसके लिए नाले की उस गैस का प्रयोग करेंगे, जिससे मैंने आपको चाय बनाना और पकौड़े तलना सिखाया है। हो सकता है आप में से कुछ कथित बुद्धिजीवियों ने जॉर्ज ऑरवेल के उपन्यास 'एनिमल फॉर्म' और '1984' पढ़े हों। 'एनिमल फॉर्म' की तजऱ्पर हम डिमोक्रेसी (लोकतंत्र) को बीस्टोक्रेसी (पशुतंत्र) में बदलने जा रहे हैं। जॉर्ज ऑरवेल चूँकि भारत के पश्चिम बंगाल के मोतीहारी में पैदा हुए थे, उन्होंने आर्यावर्त के भविष्य को काफी पहले भाँप लिया था। लेकिन वह समय का सही अंदाज़ा नहीं लगा पाए थे। नहीं तो अपने जगत विख्यात उपन्यास का नाम 1984 की बजाय 2024 रखते। जल्द ही उत्तरी कोरिया और रशिया को हम पशुतंत्र होने में मीलों पीछे छोड़ देंगे और विश्व के सबसे बड़े पशुतंत्र होंगे। लेकिन आप चिंता न करें, आपको ताउम्र पाँच किलो फ्री राशन मिलता रहेगा। जिस तरह कुत्ता सूखी हड्डी चबाते हुए अपने ही ख़ून का मज़ा लेता है, उसी तरह आप फ्री राशन का आनंद उठा सकते हैं। अन्यथा जीने के लिए सरकार आपको फ्री हवा मुहैया करवा रही है। आपको सरकार का शुक्रगुज़ार होना चाहिए कि अभी तक उसने इस पर जीएसटी या वैट नहीं लगाया है। पर मेरे व्यापारिक मित्रों के बैंक ऋणों के हितों की रखवाली के लिए आपको आने वाले सालों में इसके लिए तैयार रहना चाहिए। यूट्यूब और अन्य सोशल मीडिया पर वर्तमान में सरकार के विरुद्ध बनाए जा रहे वीडियोज़ पर जून में पूरी पाबंदी लागू कर दी जाएगी। इन सभी यूट्यूबर्स को अपनी रोज़ी-रोटी के लिए अभी से दूसरे प्रबंध कर लेने चाहिए। अन्यथा एकाग्रता शिविरों में मिलने वाले घटिया आधे पेट भोजन की तैयारी कर लेनी चाहिए। अभी तो फैक्ट चैक यूनिट पर सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप से स्टे है। लेकिन चुनाव आयुक्तों की तरह जल्द ही सुप्रीम कोर्ट के जजों की नियुक्ति भी सरकार के हाथ में होगी। मैं गारंटी की गारंटी देता हूँ कि जिस तरह रशिया में सुप्रीम कोर्ट कोमा में गए विपक्षी नेता को जेल में डाल देते हैं, उसी तरह की कडक़ व्यवस्था भारत में सुनिश्चित करवाई जाएगी। मैं सौभाग्यशाली हूँ कि इन नेक कामों के लिए भगवान ने मुझे चुना है।

देश दुनीया से

# उत्तर-दक्षिण विभाजन की झूठी कहानी

दक्षिण भारतीय राज्य आर्थिक दृष्टि से शेष भारत से अलग हैं। क्योंकि भारत की केवल 20 प्रतिशत आबादी पांच दक्षिणी राज्यों आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना में रहती है, लेकिन इन राज्यों को कुल विदेशी निवेश का 35 प्रतिशत प्राप्त होता है। इन राज्यों ने देश के अन्य हिस्सों की तुलना में अधिक विकास किया है और जहां 1993 में ये राज्य देश की जीडीपी का 24 प्रतिशत उत्पन्न करते थे, वहीं अब यह बढक़र 31 प्रतिशत हो गया है। 46 प्रतिशत टेक यूनिकॉर्न दक्षिण भारत से हैं और भारत का 46 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात इन्हीं पांच दक्षिणी राज्यों से होता है। इतना ही नहीं, पत्रिका लिखती है कि 66 फीसदी आईटी सेवाओं का निर्यात भी दक्षिणी राज्यों से होता है।

**हाल** ही में लंदन से प्रकाशित 'दि इकोनॉमिस्ट' नाम की एक पत्रिका ने एक बेहद शरारती लेख के जरिए उत्तर और दक्षिण के बीच विभाजन की नई परिभाषा गढने की कोशिश की है। पत्रिका यह दावा करने की कोशिश करती है कि दक्षिण भारतीय राज्य आर्थिक दृष्टि से शेष भारत से अलग हैं। क्योंकि भारत की केवल 20 प्रतिशत आबादी पांच दक्षिणी राज्यों आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना में रहती है, लेकिन इन राज्यों को कुल विदेशी निवेश का 35 प्रतिशत प्राप्त होता है। इन राज्यों ने देश के अन्य हिस्सों की तुलना में अधिक विकास किया है और जहां 1993 में ये राज्य देश की जीडीपी का 24 प्रतिशत उत्पन्न करते थे, वहीं अब यह बढक़र 31 प्रतिशत हो गया है। 46 प्रतिशत टेक यूनिकॉर्न दक्षिण भारत से हैं और भारत का 46 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात इन्हीं पांच दक्षिणी राज्यों से होता है। इतना ही नहीं, पत्रिका लिखती है कि 66 फीसदी आईटी सेवाओं का निर्यात भी दक्षिणी राज्यों से होता है। कुछ एजेंडाधर्मी लोगों को छोड़, सारा विश्व जनता है कि उत्तर से दक्षिण तक, पूर्व से पश्चिम तक भारत एक है। इस उपमहाद्वीप में रहने वाले सभी लोग विविध धर्मों, जातियों, भाषाओं, क्षेत्रों, वेशभूषा और खानपान के बावजूद स्वयं को भारतीय मानते हैं। विष्णु पुराण में कहा गया है : 'उत्तरं यत समुद्रस्य हिमाद्रेश्चैव दक्षिणम्। वर्षम् तद् भारतम् नाम भारती यत्र सन्तिः।' इसका अर्थ है : समुद्र के उत्तर और हिमालय के दक्षिण में स्थित भूमि को भारत भूमि कहा जाता है और भारत की इस पवित्र भूमि पर रहने वाले लोगों को भारतीय कहा जाता है। यह सच है कि भारत में अलग-अलग क्षेत्रों पर अलग-अलग समय में अलग-अलग शासकों का शासन था, लेकिन पूरे भारत में रहने वाले सभी लोगों के बीच एक अटूट संबंध बना रहा। देश के विभिन्न हिस्सों में स्थित हमारे ज्योतिर्लिंग, तीर्थ और धाम इस बात के गवाह हैं कि सभी भारतीय पूरे राष्ट्र को अपना राष्ट्र मानते रहे हैं और भाषायी, क्षेत्रीय, खानपान और अन्य विविधताएं कभी भी इसमें बाधक नहीं बनीं। लेकिन अफसोस की बात है कि विदेशी शासन के दौरान ब्रिटिश सरकार द्वारा ऐसा साहित्य रचा गया और जानबूझ कर इतिहास लेखन के माध्यम से झूठी कहानियां गढ़ी गईं, जिससे दक्षिण भारत के लोगों के मन में उत्तर भारत के लोगों के खिलाफ जहर भर गया। झूठा इतिहास रचा गया कि, आर्य विदेशों से आए थे और उनके क्रूर आक्रमण से द्रविड़ लोग आहत होकर दक्षिण की ओर जाने को मजबूर हुए। ऐसी स्थिति में हिंदी भाषा के प्रति शत्रुता को दक्षिणी राज्यों में, तमिलनाडु में और भी अधिक तीव्रता से बढ़ावा दिया गया। कहा जाता है कि इस झूठी कहानी की शुरुआत एक जर्मन प्राच्यविद् और भाषाशास्त्री ने की थी। आज प्रचुर मात्रा में वैज्ञानिक प्रमाण मौजूद हैं जो साबित करते हैं कि आर्य आक्रमण सिद्धांत पूरी तरह से एक मिथक, मनगढ़ंत और काल्पनिक है, और अवैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित है। भारत, अमरीका और अन्य देशों के शोधकर्ताओं द्वारा हाल ही में प्रकाशित शोध पत्रों के अनुसार, हड़प्पा काल के वैज्ञानिक तथ्यों के साक्ष्य के आधार पर यह कहा जा सकता है कि मध्य एशिया से आर्यों का इतने बड़े पैमाने पर प्रवास कभी नहीं हुआ।



इसके अलावा कई इतिहासकारों ने भी इस झूठी कहानी को उजागर करने का काम किया है। लेकिन उसके बावजूद भारत में हो रहे तेजी से विकास से ईर्ष्या करने वाले पश्चिमी दुनिया के देशों द्वारा यह एजेंडा लगातार चलाया जा रहा है। दक्षिण में हुए विकास के आंकड़ों का सहारा लेकर, पत्रिका ने शरारतपूर्ण तरीके से इस मुद्दे को राजनीति से जोड़ा और कहा कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के पास दक्षिणी राज्यों में मजबूत आधार नहीं है। पत्रिका का यह भी तर्क है कि इसलिए यह कहा जा सकता है कि वर्तमान सरकार के पास पूरे देश का जनादेश नहीं है। गौरतलब है कि जिस देश (ब्रिटेन) में इकोनॉमिस्ट पत्रिका प्रकाशित होती है, वहां अब तक किसी भी प्रधानमंत्री को चुनाव में पूरे देश से समान जनादेश नहीं मिला है। क्या इसका मतलब यह है कि प्रधानमंत्री के पास पूरे देश का जनादेश नहीं है? दुनिया भर के लोकतंत्र के इतिहास में ऐसे बहुत कम उदाहरण हैं जब सभी क्षेत्रों से समान रूप से बहुमत वोट प्राप्त करके सरकार बनाई गई हो। इसी तरह दक्षिण भारत के कुछ नेता भी इसी प्रकार के तर्क देकर अपनी अलगाववादी राजनीति को बढ़ावा दे रहे हैं। हम जानते हैं कि देश में कुछ भ्रष्ट और अयोग्य नेताओं के कारण कई राज्यों का विकास बाधित हुआ, जिनमें दक्षिणी राज्य भी शामिल थे। पूर्वोत्तर के कई राज्य पूर्ववर्ती केंद्र सरकार की उपेक्षा के शिकार रहे हैं।

आप का नजरीया

# अपने-अपने मुगालते

**हिमाचल** विधानसभा का आचरण पहले जनादेश की काबिलीयत में प्रतिबिंबित होता था, वही अब अकालग्रस्त सियासी चरित्र की परिक्रमा में व्यस्त है। छोटे से प्रदेश में आखिर इतने बड़े नखरे क्यों सुशोभित होने लगे। आश्चर्य यह कि तीन निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे अब खुराफाती मंजर की दुहाई देने लगे। न चैन की बांसुरी पहले विधानसभा चुनाव में बजी और न अब उपचुनाव की संगत में मुंह छुपाने की होड़ असरदार दिखाई देती है। मुगालते में लोकतंत्र को यह भी मालूम नहीं कि नैतिकता के इस्तीफे किस करवट सही और किसके कसूर से गलत। कांग्रेस के छह विधायक इस्तीफों के परचम से उपचुनाव में मापे जाएंगे, तो यही दस्तूर निर्दलीय विधायकों को कौन सा पाठ पढ़ा रहा है। बहरहाल घोषित उपचुनाव का कारवां विधानसभा के अध्यक्ष की दहलीज पर थमा है। बाईस मार्च को तीन निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे पर कुंडली मार कर बैठी लोकतंत्र की लाज की व्याख्या स्पीकर कर रहे हैं या खिचड़ी पका कर ही फैसला होगा कि ये कदम कब किस पर भारी पड़ेंगे। पहली बार तीन निर्दलीय विधायक अपने इस्तीफों की इज्जत बचाना चाहते हैं, जो लोकतांत्रिक प्रणाली के अनिश्चित व्यवहार में फंसी है। जाहिर है राजनीतिक घटनाक्रम के दरिया अभी सूखे नहीं और न ही सियासी गणित में इस्तीफों का जहाज डूबा है। लोकतांत्रिक अधिकारों की व्याख्या में समीक्षा है ही कहां। विधानसभा अध्यक्ष का दायित्व इस खोजबीन में है कि कहीं किसी दबाव में निर्दलीय अपनी विधायकी न छोड़ रहे हों, लेकिन दबाव है कहां, अभी तक मालूम नहीं। जिस तरह से विधायक सदन में आए, उससे बड़ी वजह खोजी जा रही है। कारणों की भी लड़ाई कई बार इस तरह होती है, जहां नैतिकता का हवाला भी एक कारण है। कारण समझने के बजाय अपने कारणों से विधानसभा के पात्र एक दूसरे के खिलाफ इतना आगे बढ़ गए हैं कि अब जो इस्तीफा देना चाहते हैं, उन्हें इससे दूर रखने की वजह दिखाई दे रही है। पहली बार विधानसभा परिसर में ऐसा भी एक सदन लगा है, जहां तीन विधायक अपनी विधायकी को खोना चाहते हैं। यहां सत्ता बनाम विपक्ष देखा जा सकता है, लेकिन उससे भी आगे निकल कर निर्दलीय विधायक फिर से चुनाव को आजमाना चाहते हैं, फर्क सिर्फ इतना है कि इस बार ये भाजपा के रंग में मतदान को भुनाना चाहते हैं। बावजूद इसके इस्तीफों को मंजूर कराने के लिए अगर विधायक धरने पर बैठे हैं, तो यह बदलती राजनीति को भी प्रमाणित करता है। विधायक पुनः परीक्षा में उतरने के लिए मान मनौव्वल कर रहे हैं, तो यह जनादेश का अंतिम प्रश्न नहीं। जनादेश को पलटने की शिरकत में देश की गलियां खामोश रहेंगी या इंकलाब जनता के परिवेश में भी आएगा। विधायकों का धरना उस अवधारणा को जन्म दे रहा है कि अब सियासत की रात हमेशा उजालों से लड़ेगी या कब नेताओं की बारात अपना रास्ता बदल लेगी। देहरा, नालागढ़ और हमीरपुर की जनता ने दो प्रमुख दलों को ठुकरा कर क्यों निर्दलीयों को आजमाया, यह विषय जानने के लिए सियासत फिर इन्हीं इलाकों में लौट रही है। इस बार निर्दलीयों ने भाजपा का दामन थाम कर चुनाव की बोली लगाई है।

### पिता सहित दो बच्चें की हत्या मामले में निकाला गया कैंडल मार्च

# आदिवासी समुदाय के लोगों ने कैंडल मार्च निकालकर हत्यारे को गिरफ्तार करने की मांग की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जीले के बालुमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम आरा चमातु में बिते दिन अज्ञात अपराधियों के द्वारा आरा चमातु निवासी विनोद उरांव सहित दो बच्चें की हत्या कर बाइक में रस्सी से बांधकर तालाब में फेंक दिया गया था। जिसको लेकर आदिवासी समुदाय के लोगों में काफी आक्रोश है।सीसीएल कर्मी विनोद उरांव रविवार के दिन अपने बेटे अंकित उरांव 12 वर्ष और बेटी प्रिया कुमारी 7 वर्ष को लेकर मैक्लुस्कीगंज के लिए निकले थे।उसके बाद बिनोद देर शाम तक घर नहीं पहुचें तो घर वाले परेशान हो गए।उन्होंने गांव वालों के साथ मिलकर तीनों की तलाश शुरू की।सभी जगहों पर खोजबीन करने के वावजूद भी तीनों का दो दिनों तक कहीं पता नहीं चल पाया।तीसरे दिन गांव वालों को पास के एक तालाब में हेलमेट पड़ा दिखाई दिया तो उन्हें शक हुआ। क्योंकि विनोद अपने दोनों बच्चों के साथ बाइक पर ही निकले थे। गांव वालों ने गोताखोरों की मदद से तालाब का छानना शुरू किया तो सभी के रोंगटे खड़े हो गए,तालाब के अंदर से तीनों के शव मिले, वो भी बाइक से बंधे हुए शरीर पर चोट के कई निशान थे।जो अभी तक गुत्थी नहीं सुलझ सकी है।जिसको लेकर गुरुवार के शाम आदिवासी समुदाय के लोगों ने कैंडल मार्च निकालकर रोष व्यक्त किया है तथा लोगों ने जिला प्रशासन से हत्यारे को जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग किया है। यह कैंडल मार्च लातेहार थाना चौक से मुख्य पथ होते हुए, समाहरणालय तक पहुंची। जहां आदिवासी समुदाय के लोगों ने घटना कि निंदा करते हुए पुलिस प्रशासन से दोषियों को पता लगाकर जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग किया है।वहीं आर्यन उरांव ने कहा कि यह निंदनीय विषय है कि घटना कि दो दिन बित जाने के बाद भी हत्यारा पुलिस के गिरफ्त से बाहर है यह हमारी आदिवासी समुदाय के साथ बहुत बड़ी अत्याचार है। परिजनों ने की सीबीआई जांच की मांग परिजनों ने ट्रिपल हत्याकांड की जांच सीबीआइ से कराने की मांग की है साथ ही दोषियों को फांसी की सजा देने की बात कही है। मृतक की पत्नी गुड्डी देवी बार-बार कह रही थी कि अब वो किसके भरोसे रहेगी। मृतक के पिता करमा उरांव ने बताया कि सीसीएल में उसकी चार एकड़ जमीन गयी थी इसके एवज में उसके दोनों पुत्र विनोद उरांव व मनोज उरांव की चार माह पहले ही सीसीएल में नौकरी मिली थी। वह प्रतिदिन डकरा आना-जाना करता था। **क्या कहते हैं पुलिस :** बालुमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आषुतोष सत्यम ने बताया कि घटना कि अनुसंधान की जा रही है मामले की खुलासा जल्द कर दी जाएगी।

## डीसी के निर्देश पर अवैध खनन परिवहन व भंडारण के विरुद्ध चला छापेमारी अभियान, 33000 सीएफटी बालू जप्त




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** डीसी रमेश घोलप के निर्देशानुसार जिला खनन पदाधिकारी के नेतृत्व में खान निरीक्षक जिला खनन कार्यालय , थाना प्रभारी, मयूरहंड एवं पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से मौजा - नौडीहा, सोकी के विभिन्न स्थलो पर अवैध बालू उत्खनन, परिवहन, भंडारण के विरुद्ध औचक छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी अभियान के क्रम में खनन पदाधिकारी मनोज टोप्पो ने बताया कि नोडिह टाड में लगभग 330 ट्रेक्टर अवैध बालू का भंडारण पाया गया। स्थनीय ग्रामीण लोगो से पूछताछ में किसी के द्वारा बालू भंडारण से संबंधित कुछ भी जानकारी नही दी गई। नौडीहा क्षेत्र अंतर्गत किसी को भी बालू भंडारण के लिए अनुज्ञप्ति पत्र प्राप्त नही है।अतः अवैध बालू खनिज को जप्त करते हुए मयूरहंड थाना में अवैध बालू भंडारण के विरुद्ध प्राथमिकी कांड सख्या 20/2024 दर्ज कराई गई है। जप्त बालू खनिज को स्थानिय मुखिया मीना देवी के पति ईश्वरी मेहता को जिमेनामा एवं जप्ती सूचि सौपते हुए सुरक्षार्थ आदेश एवं सतत निगरानी हेतु थाना प्रभारी मयूरहंड से अनुरोध किया गया हैं।

## भाजपा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ चतरा जिला के जिला संयोजक बने पूर्व सैनिक मिथिलेश कुमार पांडेय



**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के चतरा जिला का जिला संयोजक पूर्व सैनिक मिथिलेश कुमार पांडेय को बनाया गया। भाजपा के जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता ने जिला कार्यालय में उनको पत्र सौंपा। शुक्रवार को टंडवा में विधायक आवास पर मिथिलेश कुमार पांडेय का स्वागत फूल माला पहनाकर एवम भाजपा का अंगवस्त्र देकर किया गया। ज्ञात हो कि मिथिलेश कुमार पांडेय भारतीय सेना में 17 वर्षो तक देश सेवा में अपना योगदान दिया है तथा सेवानिवृत होने के बाद लगातार समाज कल्याण में जुड़े रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, भाजपा के वरिष्ठ नेता कामेश्वर पांडेय, जिला महामंत्री मिथिलेश गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, मंडल अध्यक्ष संजय पांडेय, विजय पांडेय, राजमणि सिंह, अरुण पांडेय, सुनील चौरसिया, बबलू गुप्ता, विनय सिंह, संजीत गुप्ता, उपेंद्र पांडेय, रामेश्वर मिस्त्री, सरिता देवी, बेबी देवी तथा सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बधाई दिया है।

## डीएमएफटी मद से बनाए गए सड़क दुर्घटना को दे रहे है आमंत्रण



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के कसारी पंचायत के भगवान पुर में बने डीएमएफटी मद से मुबारक मियां के घर से असगर मियां के घर तक पीसीसी सड़क निर्माण सवेंदक तेजप्रताप सिह के द्वारा बनाई गई पीसीसी सड़क इन दिनों मौत का आमंत्रण दे रहा है। पुल के करीब बने पीसीसी सड़क को अंदर से तेज पानी के धार ने मिट्टी को अपने आगोश में ले लिया है जिससे पीसीसी सड़क लटक सा गया है। यदि कोई भी भारी वाहन उक्त सड़क से गुजरने का प्रयास करेगा तो वह दुर्घटना ग्रस्त हो जाएगा। जिससे भारी क्षति उठाना पड़ेगा। और तो और सवेंदक द्वारा पीसीसी के किनारे मिट्टी तक नहीं डाला गया है। हाँ जहां तहां सड़क के कॉलर में मिट्टी डाल खाना पूर्ति कर योजना को पूर्ण बता सभी राशि निकाल ली गयी है। अक्सर सवेंदको का यही हाल है जैसे तैसे कार्य पूर्ण करा अपना राशि निकाल चलते बनते है। जिसका खमियाजा ग्रामीण भुगतने को मजबूर होते हैं। आपको बता दें कि पीसीसी सड़क 10 वर्ष के बाद हीं दुबारा उस पर प्राक्कलन तैयार कर पुनः योजना को पास करते हुए निर्माण कार्य किया जा सकता है। वैसे में सड़क टूटी तो इसका जिम्मेवार कौन ग्रामीण या सवेंदक।

# अवैध बालू की जमकर हो रही है ढुलाई, संबंधित पदाधिकारी है मौन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** थाना क्षेत्र के विभिन्न नदियों से बालू माफियाओं के द्वारा जमकर अवैध बालू की हो रही है ढुलाई। बालू उत्खनन पर रोक लगाए जाने के बावजूद बालू माफियाओं के द्वारा सरकारी को ताक पर रखकर अवैध बालू का जमकर परिवहन किया जा रहा है और संबंधित पदाधिकारी मौन बैठे हैं। बताते चलें कि सिंघानी पंचायत के परसोनीया नदी, बरवाडीह पंचायत के बकुलिया नदी, भुराही नदी, चौथा के नदी से 4:00 बजे शाम से लेकर 12:00 बजे दोपहर तक और नोनगांव पंचायत, मेराल पंचायत एवं शिल्हटी के विभिन्न नदियों से दिन-रात अवैध बालू का खनन तेजी से किया जा रहा है और राजस्व को जबरदस्त लाखों लाख का चुना लगाया जा रहा है। अवैध बालू का जमकर खनन होने के कारण नदियों की प्राकृतिक आकृति में भी तेजी से परिवर्तन हो रहा है। इसके बावजूद भी संबंधित पदाधिकारी मौन बैठे हैं अब देखना यह है की खबर प्रकाशित होने के बाद भी अवैध बालू खनन करने वाले माफियाओ के ऊपर कारवाई की जाती है या फिर छोड़ दिया जाता है।

## शांति और सौहार्दपूर्ण ढंग से मनेगा ईद और रामनवमी त्यौहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड क्षेत्र में रामनवमी और ईद का त्यौहार शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया जाएगा। शांतिपूर्ण मनाने को लेकर शुक्रवार को आयोजित बैठक में शांति समिति की बैठक में लिया गया निर्णय। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ विनय कुमार ने किया। बैठक में रामनवमी और ईद पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के विषय में जानकारी ली गई तथा कार्यक्रमों के दौरान उत्पन्न होने वाले संभावित समस्याओं पर भी विशेष चर्चा की गई। बताया गया कि प्रखंड में सभी पर्व शांति और सौहार्द पूर्ण ढंग से मनाने का परंपरा चला आ रहा है। पर्व पर सभी समुदाय एक दूसरे की भावनाओं का आदर करते हैं तथा मिलजुल कर मनाते हैं। इस वर्ष भी उसी परंपरा का पालन किया जाएगा। वहीं बैठक में खास कर मोटरसाइकिल से 14 कोयला बेचने वालों को गिरफ्तारी, बालू पर धर पकड़, सिमरिया चौक पर अतिक्रमण को खाली कराने को लिए काफी चर्चा की गई। शोर शराबे के साथ शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुआ। हालांकि उच्चस्तरीय पदाधिकारियों के निर्देशानुसार भारीभरकम साउंड पर प्रतिबंध रहेगा।साथ हीं शराब पर भी काफी निगरानी एवं त्योहार में शांति भंग करने वालों पर पुलिस प्रशासन की खूब नजर रहेगी। मौके पर जिप सदस्य देवनंदन साहु, प्रमुख रोहन साहू, उप प्रमुख दामोदर गोप, थाना प्रभारी चन्दन कुमार, पूर्व जिप सदस्य जयप्रकाश सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, मुखिया शकुंतला देवी, नरेश साहू, सुनीता कुमारी, लखन साहू, उस्मान मियां, आलोक रंजन, अख्तर हुसैन, परमेश्वर यादव, एनुल हक, रणजीत सिंह, महेंद्र साहू, वसंत साहू,गोपाल महतो, दिलेश्वर महतो, करम साहू, जवाहर विश्वकर्मा, रूपु सिह, उगन भुइँया, इंद्रदेव पासवान, जागेश्वर महतो, भूपेंद्र ठाकुर के अलावे अन्य लोग शामिल थे।

## 17 सीएलए एक्ट के लंबित मामले में एक अभियुक्त गिरफ्तार, जेल

**कुन्दा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा चुनाव से पूर्व कुन्दा थाना पुलिस को मिली सफलता, 17 सीएलए एक्ट के फरार अभियुक्त को शुक्रवार को कुन्दा पुलिस ने थाना क्षेत्र के भैसमारा जंगल से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्त राजेन्द्र गंझु उर्फ राजकुमार सिंह पिता बागेश्वर सिंह ग्राम गर्वत (टोला बेटापत्थर) मनातू थाना जिला पलामू का निवासी है। अभियुक्त के खिलाफ कुन्दा थाना में कांड संख्या 42/19 के फरार अभियुक्त पर 17 सीएलए एक्ट के तहत मामला दर्ज था। अभियुक्त लंबे समय से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। वही मिली जानकारी के अनुसार अभियुक्त टीएसपीसी का समर्थक बताया जा रहा है।

## सिमरिया चौक होगा अतिक्रमण मुक्त : जयप्रकाश सिह



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड मुख्यालय के सिमरिया चौक पर नेता जी सुभाष चन्द्र बोष की प्रतिमा जब से मनचला ट्रक द्वारा चकनाचूर कर दिया गया है। तब से पुलिस प्रशासन और राजनीतिक दलों एवं बुद्धिजीवियों को सिमरिया चौक पर अतिक्रमण करना नागवार गुजरा है। इसी मामले में पूर्व जिला परिषद जयप्रकाश सिह ने कहा कि सिमरिया चौक को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा। लोग अपने अपने दुकानों के सामने एक और अलग दुकान बना जगह को धीरे धीरे संकीर्ण बनाते जा रहे हैं। और तो और दुकान के सामने समान लेने के लिए साइकिल मोटरसाइकिल खड़ा करने तक जगह नहीं बच पाया रही है। ऐसे में पूरे चौक को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए पुलिस प्रशासन और मैं पुरजोर प्रयास करूंगा ताकि लोगों को असुविधा उत्पन्न ना हो। वहीं आगे कहा कि चौक पर एक तरफ सीसम का पेड़ और एक तरफ बरगद का पेड़ होने से काफी परेशानी झेलनी पड़ती है जिसे कटवाने के लिए उच्चस्तरीय पदाधिकारियों से बातचीत जारी है। वहीं पुनः नेता जी सुभाष चन्द्र बोष का भव्य प्रतिमा चौक पर स्थापित किया जाएगा। साथ हीं बसों और ओटो का ठहराव के लिए जगह निर्धारित किया जाएगा।

# पंचायती राज के लिए संघर्ष जारी रहेगा : रविंद्र तिवारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** राष्ट्रीय सड़क मार्ग मंत्रालय भारत सरकार के सड़क सुरक्षा संगठन परिषद के सदस्य रविंद्र नाथ तिवारी ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता का आयोजन कर बताया कि हम पंचायती राज के लिए ग्राम प्रधान के अधिकार के लिए संघर्ष और लड़ाई लड़ते रहेंगे। साथ हीं ग्राम सभा के महत्व को बतायेंगे, ग्राम प्रधानों में जागरूकता पैदा करेंगे, और उसे ग्राम शक्ति के माध्यम से गांव क्षेत्र का विकास करने के लिए जागरूक करेंगे। साथ ही श्री तिवारी ने बताया कि चतरा संसदीय क्षेत्र से सभी की इच्छा है कि चुनाव लड़ें परंतु हम चुनाव नहीं लड़ेंगे। किसी पार्टी का सपोर्ट भी नहीं करेंगे लेकिन जो पंचायती राज के हिमायती होगा ग्राम सभा का प्राथमिकता देगा, उसी के हमारा समर्थन मिलेगा। मौके पर डुड़ंगी कला के ग्राम प्रधान पूर्व मुखिया गुर्जर उरांव परसही ग्राम प्रधान दामोदर सिंह, किनामांड़ ग्रामप्रधान रामा भगत, हुंटार के ग्राम प्रधान राम लगन सिंह, ओदान के ग्राम प्रधान, अमित, पोचरा ग्राम प्रधान अखिलेश्वर प्रजापति कोशल तिवारी सहित अन्य शामिल थे।

## चतरा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी ने मनिका में कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** चतरा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा के प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने दिन शुक्रवार को मनिका के बीआरसी रोड स्थित बबन पासवान के मकान में प्रखंड स्तरीय भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक किया। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं से जान पहचान की गई बैठक में सर्वप्रथम श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर एवं राष्ट्रीय गीत गाकर बैठक की।आगे कि कार्यक्रम चालू की गई बैठक में कार्यकर्ताओं से अपील किया गया कि आप लोग तन मन लगाकर पार्टी का कार्य करें ताकि पिछले बार से भी ज्यादा अंतर से चतरा लोकसभा क्षेत्र में भाजपा विजय प्राप्त कर सके बैठक में मोदी सरकार के 9 साल का किए गए कार्यों के बारे में भी उल्लेख की गई।मौके पर मनिका विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह मनिका पश्चिमी जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार मंडल उपाध्यक्ष धर्मजीत राय मनिका प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी मीना देवी वृंदा देवी ध्रुव कुमार पांडे छोटू राजा लव कुमार दुबे बबन कुमार पासवान अजय प्रसाद मंदीप कुमार पंकज यादव विकास कुमार समेत सैकड़ों की संख्या में प्रखंड क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मुस्लिम धर्मावलांबियों ने अलविदा जुमे की नमाज अदा की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड के सभी मस्जिदों मे माह ए रमजान की अलविदा जुमे की नमाज नमाजियो के द्वारा पढ़ी गई। जहा अक़ीदतमंदो ने तय समय पर जुमे की नमाज अदा की और क्षेत्र मे सुख शांति के लिए अल्लाह पाक से दुआ मांगी। इस दौरान छेंचा के मौलवी हलीम खां बरवाडीह बड़ी मस्जिद के मौलाना मो रहमत, मस्जिदे अजीजिया के मौलाना अब्दुल रहमान, बेतला मे शेखावत, पोखरी कला के मौलाना मो जुबेर महबूब आदि ने कहा कि माह ए रमजान मोतक्की और परहेजगारी का महीना होता है। इस माह मे पुरी इमान से अदा की गई इबादत और नमाज, अल्लाह पाक को सीधे कबूल होता है। और वे सभी गुनाहे को माफ कर जीवन को काफी सुखद और कामयाब बनाते है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समुदाय के बालिग सभी लोगो को नमाज अदा और रोजा रखना फ़र्ज़ मना गया है।

## आपसी विवाद में पत्नी के सामने अधेड़ की गोली मारकर हत्या

**कुन्दा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के डुमरवार गांव निवासी रामवृक्ष पासवान के पुत्र 50 वर्षीय रामस्वरूप पासवान की हत्या तीन बुधवार की रात्रि में कर दिया हैं। बताया जाता है कि उक्त व्यक्ति की हत्या आपसी विवाद में की गई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रामस्वरूप पासवान अपने पुराने घर से दूसरे वाले घर पर जाने के क्रम में मुर्गीयाडीह के पास घात लगाए बैठे अपराधी ने नजदीक से सिर में सटा कर गोली मार दिया जिससे बृद्ध की मौत घटनास्थल पर ही हो गई।गोली मारने के समय मृतक की पत्नी दस गज की दूरी पर मौजूद थी।इस संबंध में थाना प्रभारी नितेश कुमार प्रसाद ने बताया कि आपसी विवाद में हत्या हुई हैं।शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौपते हुवे।पत्नी के लिखित आवेदन पर दो नामजद व दो अज्ञात पर मामला दर्ज कर जाँच पड़ताल किया जा रहा हैं।दोषियों को जल्द गिरप्तार कर जेल भेजी जाएगी।

# महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में की गई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के समीप नवनिर्मित जिला कार्यालय करकट में शुक्रवार को एक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शीला देवी ने कि इसके मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश के सह संयोजक और कलस्टर प्रभारी सीमा शर्मा, सह प्रभारी सरिता पांडेय , भाजपा के जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, चतरा लोक सभा के प्रत्याशी कालीचरण सिंह , लातेहार जिले के संगठन प्रभारी मुकेश निरंजन सिन्हा उपस्थित रहे।इस बैठक का मुख्य उद्देश्य लोकसभा 2024 के चुनाव को लेकर महिला संपर्क अभियान की बैठक ली गई जिसमें लोकसभा प्रभारी सह प्रभारी विधानसभा प्रभारी सह प्रभारी प्रदेश कार्य समिति सदस्य जिला प्रभारी मंडल के प्रभारी और सह प्रभारी उपस्थित रहे। साथ ही संखा देवी और मनोरमा देवी का भाजपा का महिला मोर्चा मे सम्मलित किया गया। मंच संचालन महिला मोर्चा जिला महामंत्री अर्पणा सिंह ने कि तथा धन्यवाद ज्ञापन लातेहार मंडल की अध्यक्ष अंजू गुप्ता ने किया। मौके पर प्रदेश कार्य समितिसदस्य कल्याणी पांडेय , जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी जिला परिषद सदस्य सरोज देवी प्रियंका देवी, भाजपा उपाध्यक्ष उषा देवी, राकेश दुबे भाजपा कार्य समिति सदस्य रानी कुमारी ,आशा देवी भाजपा महामंत्री बंसी यादव, रूपाली देवी सुशीला देवी चिंतामणि देवी जसमती देवी, नीलम देवी प्रमिला देवी, सुनीता देवी, मीरा देवी, कर्मी देवी, सुकन्या देवी, उषा पांडे, मंजू देवी संगीता तिवारी, साथ ही महिला मोर्चा कि सभी बहनें उपस्थित रहीं।

# असामाजिक तत्वों द्वारा सरना झंडा उखाड़ने के विरोध में की गई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** सरहुल पूजा को लेकर मुख्यालय क्षेत्र मे सरना झंडा लगाया गया था.जिसे गुरुवार की रात्रि अज्ञात कुछ असामाजिक तत्वों ने लगभग 40 सरना झंडा उखाड़कर गायब कर दिए. जिसे लेकर आदिवासी समुदाय के बीच रोष व्याप्त है.सरना धर्म का प्रतिक सरना झंडा उखाड़ने को लेकर सरहुल कमिटी द्वारा जाँच कर कार्रवाई के लिए गुरुवार को बारियातू थाना मे आवेदन दिया. सरहुल पूजा कमिटी के सदस्यों ने बताया की थाना मे आवेदन देने के क्रम मे बारियातू थाना कर्मियों द्वारा आदिवासी समुदाय के लोगो को थाना मे उच्च आवाज मे बात नहीं करने की बात कहकर दुर्व्यवहार किया गया. जिसको लेकर शुक्रवार को सरना स्थल मे बैठक कर पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी आशुतोष कुमार सत्यम से बात कर मामले की पूरी जानकारी दी। इस पर पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी आशुतोष कुमार सत्यम ने बैठक मे उपस्थित सरनाधर्मावलमबियों को आश्वासन देते हुए कहा की झंडा उखाड़ने के मामले मे जाँच की जाएगी. जाँच मे दोषी पाए जाने वाले पर कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी से बात कर उखाड़े गए स्थल पर पुनः झंडा लगवाया जायेगा. मौके पर प्रभुदयाल उरांव,पूर्व मुखिया प्रमोद उरांव, ईश्वरी उरांव सहित काफ़ी संख्या मे लोग मौजूद थे।

## बालूमाथ में अलविदा की नमाज अदा की गई



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित जामा मस्जिद में शुक्रवार को अलविदा की नमाज अदा की गई। मौलाना मजहर ने रमजान के आखिरी शुक्रवार के अवसर पर अलविदा की नमाज पढ़ावाई। इस दौरान रोजेदारों ने मुल्क व कौम की खुशहाली के लिए दुआ मांगी। मौके पर बोलते हुए मौलाना मजहर ने कहा कि रमजान में आप सभी लोग अल्लाह की जितनी इबादत करें कम है। रोजा रखने के साथ-साथ पांचो वक्त की नमाज़ पढ़े। रमजान में अल्लाह अपने बंदों के लिए रहमतों की बारिश करता है। जितना हो सके गरीबों का असहायों की मदद करें। अल्लाह की गई नेकी के बदले सवाब देता है। इसके अलावा बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित मदीना मस्जिद, मिल्लत मस्जिद समेत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के शेरेगड़ा, मासियातु, मुरपा, बालू समेत विभिन्न पंचायत में अलविदा की नमाज अदा किया गया।

# आदर्श आचार संहिता के पालन को लेकर बीडीओ ने विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रखण्ड अध्यक्षो एवं प्रखण्ड के वरिष्ठ राजनेताओं से आम चुनाव में आचार संहिता के मुद्दे पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान बीडीओ कहा कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की घोषणा के साथ ही आचारसंहिता लागू हो गई है। सभी राजनीतिक दलों का आदर्श आचारसंहिता का पालन करते हुए सरकारी भवन एवं निजी में बिना अनुमति के प्रचार प्रसार सामग्री नही लगाने एवं अन्य गतिविधियो को नही करने का निर्देश दिया गया ।साथ ही कहा गया कि छुटे मतदाता व वोटर कार्ड में गड़बड़ी को वोटर हेल्प लाइन अप्प की मदद से 23 अप्रैल 2024 तक सुधारा जा सकता है। सभी राजनीतिक दलों के अध्यक्षों को मतदाता सूची भी सौपी गई।मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से मतदान केन्द्रों पर एएमएफ की सुविधा की जानकारी दी गई।बताया गया कि 85 वर्ष की अधिक उम्र तथा दिव्यांग जन जो वोटिंग क्षेत्र में उपस्थित होने के बावजूद भी मतदान केन्द्रों में जाकर वोट नही दे पाते उस स्थिति में सरकारी अधिकारियों के द्वारा जाकर एवीएससी एवं एवीपी मतदाताओं को पोस्टल वैलेट से घर पर वोटिंग कराई जायेगी। ऐसे मतदाताओं में पूरे प्रखण्ड में 12 मतदाताओं को चिन्हित किया गया है।बीडीओ ने सभी पार्टियों एवं आमजनों से अपील करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों को न प्रेषित करने का संदेश दिया,पकड़े जाने पर कानूनन कार्यवाई की बात कही गई।इसके पश्चात बीडीओ अखिलेश कुमार ने विष्णुगढ चेडरा के बूथ 417,418,419,420,421 के बूथों सुनिश्चित न्यूनतम सुविधा(एएमएफ) के तहत पानी,शौचालय, लाइट,पंखा की सुविधाओ का जायजा लिया गया।पूर्व में चलकरी तथा बारा के बूथों का भी जायजा लिया गया था। इस मौके पर मुख्य रूप से अंचलाधिकारी विकास कुमार टुडु,जीपीएस रामचंद्र दांगी,कांग्रेस जिलाउपाध्यक्ष विश्वेश्वर स्वर्णकार,माले जानकी शर्मा,भाजपा मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल समेत अन्य लोग इस बैठक में शामिल थे।

## चुरचू प्रखंड सहित चरही कोलयाचल क्षेत्र में अलविदा जुम्मे की नमाज अदा की गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** चुरचू प्रखंड सहित पूरे चरही कोलयाचल क्षेत्र में अलविदा का नमाज अदा किया गया। वही इस्लाम धर्म में जुमा के दिन का खास महत्व होता है. वहीं मुकद्दस महीने रमजान में पड़ने वाले जुमा का महत्व कई गुना बढ़ जाता है. क्योंकि यह बरकतों का महीना होता है, जिसमें मुसलमान पूरे महीने रोजा रखकर अल्लाह की इबादत और नेकी के काम करते हैं.रमजान महीने के बाद शव्वाल की पहली तारीख को ईद-उल-फितर का पर्व मनाया जाता है, जिसे मीठी ईद भी कहते हैं. लेकिन ईद से पहले आता है रमजान महीने का आखिरी शुक्रवार. इसे अलविदा जुमा भी कहते हैं. रमजान महीने का अंतिम शुक्रवार मुसलमानों के लिए पर्व की तरह होता है. अलविदा जुमा का मतलब होता है, ईद उल फितर की विदाई.इस साल रमजान का आखिरी शुक्रवार यानी वहीअलविदा जुमा 05 अप्रैल 2024 को मनाया गया।

## सांसद का कार्य को देखकर मानसिक संतुलन खो चुका है विपक्षी,कर रहा अनर्गल ब्यानबाजी

**टाटीझरिया :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपुर्णा देवी के लोकप्रियता एवं विकास को देखकर विपक्ष के लोगों का मानसिक संतुलन विगड गया है जिसके कारण क्षेत्र में आकर मजदुरो,जमीन नापी करा रहे लोग,चाय पीने वाले लोगों के साथ जबरजस्ती खडा एवं बैठकर फोटो लेने के बाद सांसद के विरूद्ध अन्नगर्ल ब्यानबाजी कर रहा है। कुछ दिन पुर्व इचाक के युवा नेता कहलाने वाले गौतम कुमार जो एक मुखिया का चुनाव में हार का मुंह देखना पडा था वह एक लोकप्रिय सांसद का टाटीझरिया प्रखंड में वोट का वहिष्कार का सोशल मिडिया में चल रहा है जिसका कटाक्ष करते हुए सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री का लोकप्रिय पुरा देश में चल रहा है साथ ही सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपुर्णा देवी का लोकप्रिय पुरा संसदीय क्षेत्र में है और लोकसभा चुनाव 2024 में रिकोर्ड मत से जीतेगी। बेडमका निवासी सोरभ सिंह ने बताया कि हमलोग जमीन नाप रहे थे वह जबरजस्ती हमको और मेरे मजदुरों को बुला कर फोटो लेकर ब्यानबाजी कर रहा है जिसका मैं भी विरोध कर रहा हुं?। सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल ने बताया कि सांसद के प्रयास से उच्च विद्यालय झरपो में उन्नयन कार्य,मध्य विद्यालय बेडमका में उन्नयन कार्य पुर्ण हो चुका है। झरपो से पेटो सडक का कार्य पुर्ण हुआ है। उच्च विद्यालय खैरा में कार्य चल रहा है। साथ ही नारायणपुर से अमनारी रोड,बेडमका से झरपो रोड,खैरा से करमा रोड समेत अन्य सडक अनुशंसित है इसका भी कार्य चुनाव के बाद प्रारंभ होगा। इसके अलावा बेडमका में भव्य सांसद फूटबोल टुर्नामेंट भी आयोजन हो चुका है। इसके अलावा सांसद मद से भी तीनों पंचायत में योजना अनुशंसित है। यही सब कार्य को देखकर विपक्ष बौखला गया है।

## अलविदा जुमे की नमाज में उमड़ी अकीदतमंदों की भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के सभी गांव के मस्जिदों में माह-ए-रमजान के अंतिम जुमे यानी अलविदा की नमाज अदा की गई। इस मौके पर बड़ी तादाद में लोगों ने मस्जिदों का रुख किया। सुबह से ही लोग अलविदा जुमे की नमाज के तैयारियों में लगे रहे। इस दौरान मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ को देखते हुए मस्जिद कमेटियों की ओर खास इंतेजाम किए गए थे। दोपहर होते-होते प्रखंड की सभी मस्जिदों में अलविदा जुमे की नमाज अदा करने के लिए अकीदतमंदो की भीड़ पहुंच गई थी। बादम जामा मस्जिद, बलिया जामा मस्जिद, बड़कागांव जामा मस्जिद, चट्टी मस्जिद, मोकद्दस मस्जिद बादम, सिरमा मस्जिद, महुदी मस्जिद, महुगाई मस्जिद, चंदौल मस्जिद, डाडी मस्जिद, चेपा मस्जिद, सिंदूवारी मस्जिद, नगड़ी मस्जिद, हाहे मस्जिद, छवनिया मस्जिद, कनोदा मस्जिद अलविदा जुमे की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। पवित्र महीने रमजान के आखिरी जुमे की नमाज में खुदा की बारगाह में हजारों सिर एक साथ झुकते नजर आए और लोगों ने अपने गुनाहों की माफी मांगी। बादम जामा मस्जिद में मौलाना रहमत ग्यावि ने नमाजियों को संबोधित करते हुए कहा के रमजान का महीना अब हम से विदा हो रहा है। अब हमारी जिम्मेवारी है जिस तरह हम लोग रमजान के महीने में बुराइयों से दूर रहे है, शराब से दूर रहे, लड़ाई झगड़े से दूर रहे वैसे ही पूरे साल बुरे कामों से दूर रहेंगे। जिस तरह रमजान के महीने में अपने औकात के मुताबिक गरीबों और जरूरतमंदों की मदद की है वैसे ही सालों भर मदद करेंगे तभी रमजान का असल मकसद हम सबको हासिल होगा। नमाज अदा करने के बाद देश में आपसी भाईचारे और देश के अमन, चैन और खुशहाली की खुसूसी दुआ मांगी गई।

# जंगली कोटरा गांव में घुसा वन विभाग ने पकड़ कर नेशनल पार्क में छोड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव:** प्रखंड अंतर्गत सिकरी पंचायत में गुरुवार की रात्रि लगभग 3:00 बजे जंगल से भटका हुआ एक कोटरा सिकरी गांव पहुंच गया। गांव में भटकते हुए कोटरा उच्च विद्यालय सिकरी के समीप सड़क किनारे अजगैबुल मियां के घर के सामने कुआं में गिर गया। सुबह उठा तो लोगों ने कुएं में हलचल सी आवाज सुनी, देखा कि एक हिरण प्रजाति का कोटरा कुएं में डूबा हुआ है। इस बात की जानकारी पूर्व मुखिया प्रतिनिधि कृष्णा सिंह को दी गई। कृष्णा सिंह ने तत्काल वन विभाग के वनपाल अजय कुमार यादव को इसकी सूचना दी। सूचना प्राप्त होते हीं वन विभाग की टीम सिकरी गांव पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से कोटरा को काफी मशक्कत बाद बाहर निकाला गया। तत्पश्चात वन विभाग की टीम ने अपने कब्जे में लेकर कोटरा को हजारीबाग नेशनल पार्क में छोड़ दिया। बताया जाता है कि महुदी पहाड़ में महुआ चुनने के दौरान ग्रामीणों द्वारा आग लगा दी जा रही है जिसके कारण जंगली जानवर इधर-उधर भटक जा रहे हैं। जिसमें कई जानवर गांव घुस जा रहे हैं। पश्चिमी वन प्रमंडल एसीएफ एके परमार ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि महुआ चुनने के दौरान लोग जंगल में आग नहीं लगायें ,इसके दुष्परिणामों से जंगली जानवर पेड़ पौधे पूर्ण रूप से प्रभावित हो रहे हैं। हमें जंगल और जंगल के जीव जंतु को संरक्षित करने की आवश्यकता है अन्यथा हमारा अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। मौके पर कृष्णा सिंह, पृथ्वी राज गुप्ता, प्रदीप रॉय, जितेंद्र गुप्ता, अजगैबूल अंसारी, मनोवर अंसारी, परवेज आलम, अनुज राम, अशोक महतो, दौलत महतो, सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## चुनाव लड़ रहे अभ्यर्थियों के लिए निर्वाचन आयोग ने जारी किया है सुविधा ऐप



**हजारीबाग :** लोकसभा निर्वाचन 2024 में चुनाव लड़ रहे अभ्यर्थियों के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने अभ्यर्थियों के नाम-निर्देशन और अनुमति प्राप्त करने की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए सुविधा नामक वेब एप्लिकेशन को लांच किया है जो एनकोर के नाम से भी जाना जाता है। बता दें कि अब समस्त प्रक्रिया ऑनलाइन पोर्टल /एप के माध्यम से प्राप्त की जाएगी तथा सम्बन्धित अधिकारियों की ओर से उक्त एप के माध्यम से अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किया जाएगा। सुविधा एप भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट (https://www.eci.gov.in/suvidha-candidate) से भी डाउनलोड किया जा सकता है । नामांकन की तिथि से मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व तक अनुमति प्रदान की जाएगी। लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान मीटिंग, रैली, माइक, हेलिकॉप्टर, हेलिपैड आदि की अनुमति लेने के लिए अब प्रत्याशियों व राजनीतिक दलों को निर्वाचन कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने होंगे। अनुमति के लिए सुविधा एप्प के माध्यम से राजनीतिक दल ऑनलाइन परमिशन ले सकेंगे। यह कार्य 48 घंटे के पहले आवेदन देना होगा अगर राजनीतिक दल ऑनलाइन आवेदन करने ने असमर्थ है तो आदर्श आचार संहिता सेल के काउंटर पर जाकर ऑफलाइन आवेदन भी कर सकते है। एनकोर, ईएसएमएस, ईटीपीबीएस, पोस्टल बैलेट, सी विजील एवं अन्य आईटी एप्लिकेशन का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## माह ए रमजान का अलविदा जुमे की नमाज अदा की गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही के विभिन्न क्षेत्रों में रमजान की आखरी जुम्मे अलविदा की नमाज अदा करने को लेकर सभी मस्जिदों में मुस्लिम समाज के लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। इस मौके पर बरही के जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मुशरफुल कादरी, मक्का मस्जिद के इमाम हाफिज अब्दुल क्यूम, मदीना मस्जिद के इमाम हाजी हफीज कलीम उद्दीन रिजवी, मस्जिदे अक्सा के इमाम मौलाना रिजवान कादरी सहित अन्य मस्जिदों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने रमजान के आखरी जुम्मे अलविदा की नमाज अदा की। समुदाय के लोगों की भारी भीड़ जुटने में अंजुमन कमेटी के सदस्यों ने सभी को व्यवस्थित तरीके से नमाज अदा करने में मदद की। वहीं, मस्जिद के इमाम द्वारा समाज के लोगों को विधि पूर्वक नमाज अदा करवाया। नमाज अदा करते हुए समाज के लोगों ने मुल्क की खुशहाली और अनम चैन की दुआ करते हुए पूरी दुनिया के लिए शांति की कामना की। अलविदा जुम्मे की नमाज अदा करते हुए समाज के युवा और बच्चों में खासा उत्साह दिखा।

**ईद की नमाज का वक्त मुकर्रर :** वहीं अंजुमन कमेटियों की ओर से अपने अपने क्षेत्र के ईदगाह व मस्जिदों में ईद की नमाज अदा करने का समय निर्धारित कर दिया गया है। जिसके अनुसार ईदगाह का 7:30, मदीना मस्जिद 7:45, मक्का मस्जिद 8, जामा मस्जिद 08:45, मस्जिदे अक्सा में 8:15 बजे ईद की नमाज अदा होगी।

## मतदान में सहभागिता सुनिश्चित कराने हेतु चुनाव आयोग की अनोखी पहल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग झारखण्ड एवं भारत निर्वाचन आयोग,नई दिल्ली द्वारा प्राप्त निदेशानुसार लोक सभा आम चुनाव 2024 में स्वतंत्र,निष्पक्ष,सहभागी, सुगम, समावेशी,पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव का संचालन के निमित दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं की सहभागिता सुगमतापूर्वक सुनिश्चित करने हेतु जिला समाज कल्याण विभाग के सभागार में इन्दु प्रभा खलखो जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग निवेदिता राय की उपस्थिति में दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने वाले विभिन्न स्वैच्छिक स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से दिव्यांगजनों को चुनाव के बारे में जानकारी प्रदान करने के उदेश्य से प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान में भाग लेने एवं दिव्यांगजनों को मतदान केंद्र में दी जाने वाली सुविधाओं की उपलब्धता के बारे में बताया गया। उन्होंने बूथों पर एएमएफ सुनिश्चित करने के संबंध में चर्चा करते हुए प्रत्येक बुथ में संसाधनों की व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्रदान की। स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के द्वारा बताया गया कि दिव्यांगजनों को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों जिसमें नुक्कड नाटक,भाषण प्रतियोगिता, ट्राईसाइकिल दौड, चित्रकला, स्लोगण लेखन इत्यादि का आयोजन कर जागरूक किया जा सकता है। विभिन्न प्रखंडों में दिव्यांगजनों को ब्रेल एवं सांकेतिक भाषा की प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षक की व्यवस्था पर विचार किया गया।

## सांढ़ छपेरवा गांव में बजरंगबली व विश्वकर्मा मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा व यज्ञ कि तैयारी जोरों पर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागाँव :** प्रखंड के सांढ़-छपेरवा गांव में बजरंग बली व विश्वकर्मा मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा व यज्ञ को लेकर विचार विमर्श करते हुए बजरंग बली व विश्वकर्मा भगवान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा 9 अप्रैल को करने का निर्णय लिया गया। बजरंग बली व विश्वकर्मा भगवान नवनिर्मित मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा व यज्ञ को लेकर सांढ़ - छपेरवा गांव से भव्य आकर्षक यज्ञ मंडप तैयार की जा रही है। 9 अप्रैल को सुबह 5:00 से भव्य कलश यात्रा निकाला जाएगा। 2100 श्रद्धालु कलश यात्रा में भाग लेंगे। कलश यात्रा बजरंग बली व विश्वकर्मा मंदिर से प्रारंभ होकर सांढ- छपेरवा, साँडकडीह, होरम मोड़, ढेँगा, गुरुचट्टी, बड़कागाँव राम जानकी मंदिर होते हुए छवानिया, बुढ़वा महादेव डुमारो नदी से जल उठाकर, कांडतरी, मिर्जापुर, सोनपुरा, शिवाडीह होते पुन ः मंदिर प्रांगण पहुंचेंगे। तैयारी में यज्ञ समिति अध्यक्ष हरि शंकर प्रसाद, सचिव पूरन महतो, कोषाध्यक्ष कृतियानंद महतो, यज्ञ मंडप प्रभारी शंकर प्रसाद मेहता तथा दोनों गांव के ग्रामीण शामिल हैं।

## मनीष जायसवाल ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया

**हजारीबाग :** लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने शुक्रवार को मांडू विधानसभा क्षेत्रांतर्गत डाड़ी प्रखंड क्षेत्र के 10 पंचायतों के दर्जनों गांवों का तुफानी दौरा किया और अपने एवं भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए लोगों के बीच जनसंपर्क और जनसंवाद अभियान चलाया। सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने डाड़ी प्रखंड क्षेत्र के बलसगरा, हुवाग, होन्होमोढ़ा, मिश्राइनमोढ़ा, रेलीगढ़ा (गिद्दी), डाड़ी, कनकी, रबोध, हेसालोंग, रेलीगढ़ा पंचायत के झुमरी महुआ, पटरंगी, बलसगरा, विनोद बिहारी महतो चौक, शर्मा टोला, चैनपुर लंगड़ा मोड़, बड़कीटांड़, चैनपुर, खपिया, कुर्रा, रिकवा, मिश्राइनमोढ़ा, वाशरी कॉलोनी, डाड़ी, होसिर, कनकी, रबोध, रियांग, सेनेगढ़ा, हैसालोंग बस्ती, हैसालोंग माइंस, एमपीआई रेलिगढ़ा और रेलीगढ़ा चांदनी चौक में जनसंपर्क और जनसंवाद अभियान चलाया। सभी जगहों पर ताशा की पुरनूर झंकार और तड़तड़ाहट के बीच फूल माला पहनाकर और तिलक-चंदन लगाकर भाजपा और आजसू कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से स्थानीय लोगों संग मिलकर अभूतपूर्व स्वागत किया और इस क्षेत्र से पूर्ण समर्थन का भरोसा जताया । जायसवाल ने चुनावी जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों से कहा कि कांग्रेस ने इस देश में करीब 62 सालों तक सत्ता में रहकर देश को गरीबों को ठगने का काम किया लेकिन भाजपा के महज़ करीब 15 साल के कार्यकाल में जहां देश का सर्वांगीण विकास हुआ वहीं देश की जनता के जीवन स्तर को भी ऊंचा उठाने का सकारात्मक पहल किया गया। कांग्रेस ने गरीबी हटाओ देश बचाओ का नारा देकर सिर्फ वोट लिया लेकिन गरीबों का कोई उत्थान नहीं हुआ। भाजपा की बाजपेई सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र में पीएम ग्राम सड़क योजना, सर्व शिक्षा अभियान, भारत माला प्रोजेक्ट और मोदी सरकार ने कश्मीर से धारा 370 हटाया, अयोध्या में राममंदिर का निर्माण कराने के साथ ही देश के गरीबों के उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई। बैंक में खाता खोलवाया, शौचालय निर्माण के लिए प्रोत्साहित किया, स्वच्छता अभियान चलाया, निशुल्क गैस चूल्हा और सिलेंडर दिया, कोविड में मुफ्त में वैक्सीन, किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि सहित सैकड़ों जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जिससे आपके जीवन में कई बदलाव आए हैं।

# रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष बने जीतू यादव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** रामनवमी महा समिति अध्यक्ष को लेकर शुक्रवार को मालवीय मार्ग अवस्थित बड़ा अखाड़ा परिसर में में चुनाव संपन्न हुआ। काफी गहमागामी के बीच संपन्न हुए इस चुनाव में जीतू यादव ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मीत यादव को 12 मतों से पराजित कर महासमिति का ताज पहना। ऐसे में बताना अहम यह होगा कि जीतू यादव को 66 मत, मीत यादव को 54 मत, विशाल वाल्मीकि को 50 मत, मुकेश मेहता को 28 व दीपक शंकर 12 मत हासिल हुए। महा समिति अध्यक्ष के सफलतापूर्वक चुनाव संपन्न कराने को लेकर प्रशासनिक अमला पूरी चौकसी बरते हुए था। इस मौके पर पूरा प्रशासनिक अमला चाक चौबंद दिखा। इस मौके पर महंत विजयानंद दास ने बताया कि महासमिति के चुनाव में मीत यादव को 12 मतों से पराजित कर जीतू यादव महासमिति के अध्यक्ष घोषित किए गए। जिनके कंधे पर महासमिति कि अहम जिम्मेदारियां होंगी कहा कि महासमिति अध्यक्ष के अलावा सभी पूर्व अध्यक्षों, समाजसेवी संगठनों के सहयोग और समर्पण से शांतिपूर्वक माहौल में सौहार्द के साथ रामनवमी महापर्व संपन्न कराया जाएगा। अध्यक्ष चुने जाने पर जीतू यादव ने कहा कि हजारीबाग के इंटरनेशनल रामनवमी को शांति एवं सौहार्द के साथ संपन्न कराने को लेकर महासमिति की ओर से पूरी तैयारीयां की जाएगी विशेष रूप से महिलाओं के लिए काफी व्यवस्थाएं रहेगी ताकि महिलाओं को रामनवमी जुलूस में किसी भी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न ना हो उनकी सुविधा के लिए काफी तैयारी की जाएगी। रामनवमी पर्व को शांति और सौहार्द के साथ संपन्न कराने को लेकर नशा मुक्ति पर विशेष ध्यान रहेगा कहा कि इस बार की रामनवमी नशा मुक्त रामनवमी मनाई जाएगी ताकि एक मिसाल कायम की जा सके। जीतू यादव के महासमिति अध्यक्ष चुने जाने को लेकर पूरे शहर में जश्न का माहौल दिखा इस अवसर पर विजय जुलूस निकाला गया और जमकर जीत के नारे लगाए इस मौके पर जगह-जगह जीतू यादव का भव्य स्वागत किया गया सभी ने जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दी इस अवसर पर महावीर स्थान के समीप खुदरा खाद्यान्न व्यावसायिक संघ के मीडिया हेड विजय जैन ने भी संघ की ओर से जीतू यादव का स्वागत किया और जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट ने सेवा निवृत बीएसएफ जवान का किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** अलौंजा खुर्द के भारतीय जवान पंकज मेहता 22 साल बीएसएफ में सेवा देकर सेवानिवृत हुए।मौके पर पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन झारखंड के द्वारा गर्म जोशी से उनका स्वागत कर उनके निवास स्थान प्रेम नगर हजारीबाग तक बैंड बाजे के साथ पहुंचाया गया।बताते चलें पंकज मेहता मेघालय में पोस्टेड थे सेवा के दौरान दुर्गम इलाकों में तैनाती हुई और अपने कर्तव्यों को अच्छे से पूरा करते हुए सेवानिवृत हुए। मौके पर सेवानिवृत सैनिक पंकज मेहता ने कहा कि इस तरह का सम्मान मिलना अविस्मरणीय है वही पत्नी नीलम देवी ने कहा कि दुसरे राज्यों में इस तरह का सम्मान देखकर अच्छा लगता था आज पति का भी हो रहा है तो बहुत अच्छा लग रहा है। पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा ने कहा कि संगठन का ये रूटीन वर्क है और सेवानिवृत्ति सैनिकों का सम्मान निरंतर जारी रहेगा। वहीं हजारीबाग जिला अध्यक्ष शंकर सिंह ने कहा कि इस तरह के सम्मान के लिए हम तत्पर हैं।

## टाटीझरिया प्रखंड में अनपूर्णा देवी का हुआ बहिस्कार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया ।** कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के खैरा, झरपो भराजो पंचायत मे विकास नहीं करने को लेकर ग्रामीणों ने भाजपा के लोकसभा प्रत्यासी अनपूर्णा देवी को वोट बहिस्कार करने का निर्णय लिया. झरपो पंचायत के मुखिया सह कांग्रेस के बीस सुत्री अध्यक्ष शिबु सोनी ने कहा की कोडरमा लोकसभा के सांसद हेलीकाप्टर से आतीहै और हेलीकाप्टर से ही जाती है.तो जनता का दुःख दर्द कहां से समझेगी. मोदी के नाम पर वोट मांगने वाले को इस बार भारी चोट मिलेगा. स्थानीय मुखिया शिबु प्रसाद सोनी ने कहा की हमारे सांसद चंद दलालो के बीच ही सिर्फ घिरी रहत है यहाँ की जनता इस बार मोदी के नाम पर नहीं काम करने वाले को वोट करेगी. टाटीझरिया प्रखंड के झरपो भराजो व खैरा मे ऐसे बहुत सड़क है जो बीस वर्षो से गड्ढे नाले मे तब्दील हो चुका, इस परिस्थिति मे उनका बहिस्कार ही हमारा क्षेत्र का विकास है. लोहण्डी से कारिचाट्टान से होते हुए हुए मुख्य मार्ग बसरिया तक, रसीद मियां के घर से होते हुए झरपो जरगा सीमाना के नाला तक, बेडमक्का मुख्य पथ से झरपो तक सड़क का निर्माण नहीं हुआ जिससे आम राहगीरों मे चलना मुश्किल हो गया. यहाँ तक झरपो मे निर्मित पावर हाउस बने हुए लगभग 5 वर्ष हो गया लेकिन चालु नहीं हुआ. इस परिस्थिति मे अनपूर्णा देवी को मज़बुर होकर वोट नहीं देने का फैसला लिया है.वही युवा नेता गौतम कुमार ने कहा की दुसरे के नाम पर अपना चेहरा चमकाने वाले नेता को बरकट्ठा विधानसभा की जनता जान चुकी हैं. इस बार जनता एक नेता नहीं बल्कि अपना कार्यकर्ता को मतदान करेंगी. बहिस्कार करने वालों मे सौरव सिंह, छोटी पासवान, खेमलाल पासवान, बासुदेव प्रसाद कुशवाहा, सीताराम कुशवाहा, बद्री भूईयां, रोहित कुमार, मनोज प्रसाद, जमुना सिंह, रामलखन पाण्डेय, सुनील प्रसाद, दुलारचंद पासवान, प्रताप सिंह, पिंटू कुमार, आदर्श युवा संगठन के कमल कुमार दास समेत अन्य लोग मौजुद थे।

## शहीद रघुनाथ महतो की पुण्यतिथि मनाई गई



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पीटीपीएस पतरातू में प्रथम स्वतंत्रता सेनानी सह चुहाड़ विद्रोह के नायक शहीद रघुनाथ महतो की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर शहीद रघुनाथ महतो स्मारक समिति पतरातू के द्वारा स्वतंत्रता सेनानी की तस्वीर पर माल्यार्पण और श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मौके पर उपस्थित पंचायत मुखिया किशोर कु. महतो ने कहा कि शहीद रघुनाथ महतो का जन्म सरायकेला खरसावां जिला के नीमड़ीह में हुआ था। वे एक राष्ट्रीय क्रांतिकारी और जुझारू नेता थे।जिन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध चुहाड़ विद्रोह का नेतृत्व किया था। अंग्रेजों के खिलाफ लड़ते-लड़ते देश के खातिर शहीद हो गए तथा उन्होंने नारा दिया था कि अपना गांव अपना राज दूर भागाओ विदेशी राज। वहीं कार्यक्रम में दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## सोमदेव करमाली ने झारखंड पार्टी के रामगढ़ जिला अध्यक्ष व पार्टी के सदस्यता से इस्तीफा दिया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड पार्टी के जिला अध्यक्ष सोमदेव करमाली ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी कि में सोमदेव करमाली झारखंड पार्टी के रामगढ़ जिला अध्यक्ष पद से व सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं । साथ ही कहा कि आदिवासी समाज ज्यादा व्यस्सता होने के कारण मै झाखण्ड पाटी में समय नही दे पा रहा हूं। और समाज काम बहुत बढ जाने रे कारण मैं झारखण्ड पार्टी से इस्तीफा दे रहा हूँ।सोमदेव करमाली ने कहा की आदिवासी समाज के लिए जिउगा और मरूंगा कि क्योंकि आदिवासी समाज को आगे बढ़ाना है। और समाज को हडिया , दारू को छुडवाना, बच्चो को शिक्षित व महिलाओ स्वरोगार से जोड़ना ही हमारा लक्ष्य है। इसको आगे बढ़ाने के लिए मैं तन मन धन से लगा रहूंगा ।



## मतकमा चौक में झालोक्रांमो के प्रत्याशी संजय मेहता का स्वागत हुआ



**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी संजय मेहता का शुक्रवार को मतकमा चौक में स्वागत किया गया। इनका स्वागत झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने फूल-माला पहनाकर किया। इससे पूर्व प्रत्याशी संजय मेहता ने भदानीनगर के चैनगडा, लपंगा महुआ टोला, कुरसे सहित अन्य गांव में जाकर लोगों से रुबरु हुए। उन्होंने ग्रामीणों से अपने पक्ष में समर्थन करने की अपील की। कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र कई मुद्दों में विकास से वंचित है। जिसको विकसित करना है। मौके पर राजेंद्र बेदिया, गिरीशंकर महतो, संजीव साहू, अंजन कुमार महतो, राजेश महतो, शंकर, मेराज, पवन, सुनील, कमलनाथ, खिरोधर, गणेश सहित अन्य मौजूद थे।

## बरकाकाना ओपी क्षेत्र में 260 किलोग्राम जावा महुआ नष्ट किया गया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरकाकाना ओपी प्रभारी मोश अख्तर अली के निर्देश पर लगातार दूसरे दिन भी अवैध शराब के खिलाफ छापामारी अभियान चला । संध्या गस्ती के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम दुर्गी में लगभग 260 किलोग्राम जावा महुआ नष्ट किया गया मौके पर ओपी प्रभारी मोश अख्तर अली ने कहा अवैध शराब का कारोबार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा अवैध शराब कारोबार में शामिल पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी । छापेमारी में शामिल पु अ नी विकास आर्यन बरकाकाना ओपी एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।



## गणगौर को लेकर पूजा-पाठ में जुटीं नवविवाहिताएं

**झुमरीतिलैया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हरिये गोबर गोली धावो मोत्या चोक पुरावो मोतिया का दोय आखां ल्याबो निरणी गोर पुजाओ..। ऐसे ही भक्तिमय गीतों की गूंज इन दिनों झुमरीतिलैया शहर के राजस्थानी परिवारों के घरों में सुबह से ही सुनाई देने लग रही है। राजस्थानियों का महत्वपूर्ण गणगौर पर्व को लेकर नवविवाहिताएं और युवतियां इस तरह के गीत अहले सुबह से ही गुनगुनाते हुए पूजन कार्य में जुट जा रही हैं। होलिकादहन के साथ शुरू हुआ यह पर्व आगामी 11 अप्रैल को संपन्न होगा। मालूम हो कि राजस्थानी नवविवाहिताओं के लिए यह पर्व अतिमहत्वपूर्ण होता है।

## जिंदल कम्पनी के खिलाफ ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

**भुरकुंडा :** रामगढ़ जिला के पतरातु प्रखण्ड स्थित गेगदा पंचायत के क्वारिगेट के ग्रामीणों ने पेयजल को लेकर खोला मोर्चा, ग्रामीणों ने एकजुट होकर आज जिंदल कंपनी का जोरदार तरीके से किया विरोध, जिंदल कंपनी के पीजीपी प्लांट से निकलने वाले जहरीले धुवां और केमिकल युक्त पानी से पूरी तरीका से जल स्रोत दूषित हो गया है, क्वारिगेट के ग्रामीणों ने पानी को लेकर विरोध प्रदर्शन किया, जिंदल कंपनी के खिलाफ ग्रामीणों हुवे गोलबंद, ग्रामीणों ने कहा जिंदल प्लांट के पीपीपी प्लांट के कारण जल की समस्या उत्पन्न हो गई है,आसपास का ग्रामीण क्षेत्र में जितने भी जल स्रोत है सभी दूषित हो चुके हैं सभी चापानालों से पेट्रोल युक्त पानी निकल रहा है , वही बालकुदरा के मुखिया विजय मुंडा ने कहा कि सभी चपकालों का सैंपल को कलेक्ट किया जा रहा है और उसे लैब भेजा जाएगा, वहीं ग्रामीण महिलाओं ने बताया घर में खाना बनाने में भी कई तरह की समस्या उत्पन्न हो रही है और बच्चे कई तरह की बीमारी से भी ग्रसित हो रहे हैं।


**पूर्व मध्य रेल**

**सूचना**

**सूचना संख्या सी 717/ओ/हॉल्ट/24 दिनांक 03.04.2024**

धनबाद मंडल के अंतर्गत (1)झांझीटोली हॉल्ट, (2) हुन्दुर हॉल्ट, (3) अम्लो हॉल्ट, (4) दुराईटांड हॉल्ट, (5) कवार हॉल्ट, (6) महेशपुर हॉल्ट (7) नावाडीह हॉल्ट (8) नवालशाही हॉल्ट, (9) लालगढ़बिहार हॉल्ट, (10) कथौटिया हॉल्ट एवं (11) मांडू हॉल्ट स्टेशन में रेल प्रशासन द्वारा निर्धारित पाँच (5) साल के लिए कमीशन के आधार पर रेलवे टिकट बिक्री के लिए हॉल्ट ठीकेदार की नियुक्ति हेतु बंद लिफाफे में आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है। विस्तृत नीचे दिया गया है :

**(1) मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल. धनबाद के कार्यालय में आवेदन जमा करने की समय एवं तिथि** : आवेदन दिनांक 08.04.2024 से 29.04.2024 को 16.00 बजे तक कार्यावधि में हाथों–हाथ अथवा निबंधित डाक द्वारा पहुँच जाना चाहिए। दिनांक 29.04.2024 को 16.00 बजे के बाद कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जायेंगे। आवेदन निर्धारित समय के बाद प्राप्त आवेदन पर रेल प्रशासन विचार नहीं करेगा। अप्राप्त पत्र या देर से प्राप्त आवेदनों जो डाक द्वारा भेजे गये हैं उसके लिए रेल प्रशासन जिम्मेवार नहीं होगा। आवेदन उसी दिन दिनांक 29.04.2024 को 16.30 बजे खोले जायेंगे।

**(2) वेबसाइट का विवरण एवं नोटिस बोर्ड पर लगाए जाने का स्थान** : www.ecr.indianrailways.gov.in, & एवं वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, धनबाद के कार्यालय एवं संबंधित सेवित स्टेशन तथा हाल्ट स्टेशन के सुचना नोटिस बोर्ड पट्ट पर। उपरोक्त आवेदन का विस्तृत जानकारी नियम एवं शर्ते वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, धनबाद के कार्यालय तथा सेवित स्टेशन प्रबंधक/वाणिज्य पर्यवेक्षक से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। **टिप्पणी:** 1) इस अधिसूचना के आलोक में प्राप्त सभी अथवा किसी आवेदन/ अधिसूचना को बिना कारण बताए रद्द करने का अधिकार रेल प्रशासन के पास सुरक्षित है।

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/धनबाद

पीआर/0025/डीएचएन/सीओएमएल/एन/24-25/52


# रमजान का आखिरी जुमा का नमाज रामगढ़ के सभी मस्जिदों में अदा की गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** रमजान का अलविदा जुमा की नमाज रामगढ़ सहित पूरे देश में अदा की गई। रमजान के महीने में मुसलमान पूरे 29 या 30 दिन तक रोजा रखते हैं यानी करीब चार हफ्ते रोजे की मुद्दत होती है, इन चार हफ्तों में जो आखिरी जुमा होता है, वही अलविदा जुमा कहलाता है। वैसे तो रमजान में हर जुमे की अपनी अहमियत है, लेकिन मुस्लिम समुदाय के लिए अलविदा जुमा एक अलग ही महत्तव रखता है।रामगढ़ के सभी अंजुमन द्वारा अपने-अपने मस्जिदों का निर्णय लिया गया की ईद की नमाज गोलपार जमा मस्जिद में सुबह 9:00 बजे सौदागर मोहल्ला जमा मस्जिद में सुबह 8:45 दुसाध मोहल्ला मस्जिद में सुबह 9:00 इकरा मस्जिद 8:45 नई सराय मस्जिद 9:00 बजे नई सराय मस्जिद अक्सा 8:30 बजे अदा की जायेगी।गोलपार्क जमा मस्जिद में शुक्रवार को अंजुमन कमेटी के जानिब से दावते आम दावते इफ्तार का भी इंतजाम किया गया है ।रमजान के आखिरी जुमा को लेकर प्रशासन की विशेष नजर रखी है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया है। इस मौके पर गोलपार जमा मस्जिद के इमाम मौलाना सऊद साहब एवं कमेटी के दर्जनों सदस्य आरिफ कुरैशी, हाजी रईस खान, वजूल खान, सरवर कुरैशी, अब्दुल मजीद,वसीम कुरेशी, महफूज आलम, जमील कुरैशी, शहाबुद्दीन कुरैशी, बेलाल कुरेशी, शाहिद मुबारक, मोहम्मद वगैरा-वगैरा थे ।

## चैती दुर्गा पूजा, सरहुल व रामनवमी पूजा को लेकर कोतो में हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** चैती दुर्गा पुजा सरहुल व रामनवमी पूजा को लेकर कोतो सरना स्थल में ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता वरीय कांग्रेसी नेता जय प्रकाश सिंह ननकी और संचालन बालेश्वर महली ने किया। इस बैठक में सर्वसम्मति से सभी पूजा को सफलता पूर्ण संपन्न करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया और कई निर्णय लिए गए। मौके पर जय प्रकाश सिंह ननकी ने कहा की इस बार कई मायने में रामनवमी सहित सभी पर्व ऐतिहासिक होगा। क्योंकि इस बार न्यु रामनवमी मैदान पिछले मैदान के अपेक्षा काफी बड़ा है। जंहा आने वाले सभी अखाड़ा के राम भक्तों व अतिथियों की समुचित व्यवस्थाओ पर कई आवश्यक नये कार्य भी किये जायेंगे। मौके पर पहान दुबाराज मुन्डा, बिगन महली, मनोबध महली, बाबु राम मुन्डा, सोहराय मुन्डा,जानकी मुन्डा, गंगा महली, लालो महली, मनराज मुन्डा, शंकर मुन्डा,विकास मुन्डा, सुनिल महली, अरविंद मुन्डा, जाहिरा मुन्डा, नकुल मुन्डा,संदीप उरांव, बालदेव मुन्डा, संतोष बडाईक, रिंकु महतो, मनोज महली, सरजु महली, शीलानाथ तिवारी आदि शामिल थे।

## लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर्स के साथ हुआ बैठक का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। रामगढ़ जिले में सफलता पूर्वक निर्वाचन संपन्न कराने हेतु शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में छत्तरमांडू स्थित टाउन हॉल भवन में माण्डू व पतरातू प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों, बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर्स के साथ बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के द्वारा सबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों, बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर्स से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यो की जानकारी ली गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल आयोजन तथा इस दौरान शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने में आप सभी की भूमिका बेहद अहम है जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर्स को उनके क्षेत्र में पड़ने वाले सभी मतदान केन्द्रों का नियमित निरीक्षण कर मतदान की तिथि के दिन सभी तरह की आवश्यक मूलभूत सुविधाएं केंद्र पर सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने उनके उनके क्षेत्र में आयोजित किए जा रहे हैं मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों में भी सभी को हिस्सा लेकर ज्यादा से ज्यादा आम जनों को कार्यक्रमों से जोड़ने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर्स को मतदान के दिन उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों, बुजुर्ग, दिव्यांग सहित अन्य मतदाताओं का मतदान आसानी पूर्वक मतदान केंद्र पर सुनिश्चित कराने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य सभी अधिकारियों एवं कर्मियों ने मतदाता जागरूकता शपथ के तहत भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा, अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए ।

## विवाहिता की हुई मौत, हत्या या आत्महत्या जांच कर रही है भुरकुंडा पुलिस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**उरीमारी :** सयाल के आठ नवंबर कुम्हारगढ़ा स्थित शुक्रवार को एक सनसनीखेज़ मामला सामने आया।यहां एक 28 वर्षीय विवाहित महिला स्वेता देवी का अपने घर में पंखे पर लटकता शव मिला है। घटना के वक्त घर पर कोई नहीं था। पति श्रवन कुमार प्रजापति सुबह ही काम पर चले गए थे। घर पर सिर्फ़ छोटा देवर था थोड़ी देर बाद वो भी अपने मित्र के घर चला गया। जब वह थोड़ी देर बाद लौटा तो देखा कि भाभी पंखे से लटकी हुई है।उसके बाद उसने आनन फानन में घर के बगल की भाभी को अपने साथ लेकर देवर और उसके मित्र ने उसे पंखे से उतारकर सयाल अस्पताल लेकर गए। यहां डाक्टर ना होने पर परिजन उसे भुरकुंडा अस्पताल ले गए। जहां जांच के उपरांत डाक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया??। वहीं परिजनों ने मृत महिला स्वेता देवी को घर लेते आए। वहीं बताया गया कि मामला सुबह करीब साढ़े आठ से नौ बजे की है। घटना के विषय पर मृत स्वेता देवी की मां गीता देवी और उसके पिता अरूण कुमार ने बताया कि हमने अपनी बेटी की शादी श्रवण के साथ 20 मई 2014 को की थी।मेरी बेटी पढ़ी लिखी और शिक्षित थी। वो कभी भी ऐसा कदम नहीं उठा सकती थी। मेरी बेटी के साथ जरूर कुछ ग़लत हुआ है।बता दे कि मृत स्वेता देवी के दो पुत्र सौरव और सौर्य है। वहीं घटना की जानकारी पर भुरकुंडा ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार व निर्मय कुमार गुप्ता घर पहुंच मामले की जानकारी ली। एवं शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ सदर भेज दिया। वहीं शक के आधार पर मृत स्वेता देवी के देवर रवि प्रजापति और उसके मित्र मोहन कुमार मुंडा को अपने साथ थाने लेते गई। वहीं इस घटना पर ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार ने कहा कि यह हत्या है या आत्महत्या यह जांच का विषय है। मामले पर कार्रवाई की जा रही है। मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया जाएगा है। जल्द ही अपराधी सलाखों के पीछे होंगे।

## डिप्लोमा एग्जिट परीक्षा 2024 पर वेबिनार का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग में डिप्लोमा एग्जिट परीक्षा 2024 पर वेबिनार का आयोजन किया। इसमें जीडीसी इंस्टीट्यूट सेंटर बिलासपुर (सीजी) के प्रख्यात वक्ता प्रत्यूष स्वर्णकार ने डी.फार्मा के छात्रों के लिए अक्टूबर 2024 में आयोजित होने वाली एग्जिट परीक्षा के बारे में पूरी जानकारी दी। फार्मेसी में यह पहली बार है की एनबीईएमएस इस वर्ष से सत्र 2022-24 के लिए डी.फार्मा छात्रों के लिए एग्जिट परीक्षा लेने जा रहा है। उन्होंने उचित अध्ययन से छात्रों को एग्जिट परीक्षा की तैयारी करने के लिए प्रेरित किया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महोदय बी. एन. साह ने वेबिनार की सफलता की शुभकामनाएं दी। राधा गोविंद शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट के सचिव प्रियंका कुमारी ने कहा की हम अपने छात्रों को गुणवतापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है। कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल ने अपने स्वागत संबोधन में कहा की यह वेबीनार छात्रों को डिप्लोमा एग्जिट परीक्षा 2024 की तैयारी करने में मददगार साबित होगी। मौके पर विश्वविद्यालय के वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ.संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. रश्मि प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार, फार्मेसी विभाग के व्याख्याता साई प्रकाश, रूबी संतरा, भाग्यश्री सुरजीत बर्मन , गोरखनाथ , सुमित महाराणा ,विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, व्याख्यातगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## अनुमंडल पदाधिकारी ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इस दौरान निर्वाचन के स्वतंत्र व निष्पक्ष आयोजन तथा इस शत प्रतिशत मतदाताओं का अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़ आशीष गंगवार ने रामगढ़ जिला अंतर्गत दुलमी प्रखंड के कुल्हि, गोड़ातु, हरहद, कंडेर, इचातु, चटाक सहित अन्य क्षेत्रों में स्थित बड़ी संख्या में मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मतदान केंद्र पर उपलब्ध आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया।मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी ने मतदान केंद्र पर उपस्थित बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर्स आदि को उनके उनके क्षेत्र में प्रत्येक योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची में अंकित होना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने सर्वे कर जिन व्यक्तियों का किसी कारणवश अब तक मतदाता पहचान पत्र नहीं बन पाया है उनसे तत्काल रूप से प्रारूप 6 भरवाने का निर्देश दिया। इन सबके अलावा निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर्स को उनके क्षेत्र में मतदाता जागरूकता के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में ज्यादा से ज्यादा आम जनों की सहभागिता सुनिश्चित कराने व लोगों तक कार्यक्रमों की सूचना पहुंचाने का निर्देश दिया।

## बरकाकाना ओपी में चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो चोर को किया गया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** रामगढ़ जिलान्तर्गत बरकाकाना ओ0पी0 क्षेत्र ग्राम अरगडडा, झोपडी टोला से सुभाष उराँव का होण्डा साईन मोटरसाईकिल रजिस्ट्रेशन सं0-छ्ा 24 8 7965 अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया था। इस संदर्भ में पतरातू (बरकाकाना) थाना काण्ड संख्या-82/2024, दिनांक 04.04.2024, पारा-379/411 भा0द0वि0 अंतर्गत अज्ञात चोरों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक रामगढ़, डॉ0 बिमल कुमार के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अज्ञात चोरी किये गये मोटरसाईकिल के बरामदगी एवं अज्ञात चोरों के विरूद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई हेतु अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी पतरातु के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के निर्देशानुसार सत्त रूप से छापामारी अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक रामगढ़ को मिले गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी दल के द्वारा अफसर अंसारी, पे0 मो0 असलम अंसारी एवं इकबाल अंसारी, पे0-मो असगर अंसारी दोनों सा0-सिरका, अरगडडा थाना जिला-रामगढ़ को हिरासत में लिया गया। उक्त दोनों अभियुक्त से पुछताछ के क्रम में अभियुक्त के द्वारा पतरातु (बरकाकाना) थाना काण्ड संख्या-82/2024 में अपनी संलिप्तता स्वीकार किया गया तथा अभियुक्त के निशानदेही पर उक्त काण्ड में चोरी गया मोटरसाईकिल होण्डा साईन जिसका रजिस्ट्रेशन सं0-छ्ा 24 क्र 7965 को बरामद किया गया। उक्त दोनों अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।इस छापामारी में मुख्य रूप से पतरातु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार राम, बरकाकाना ओपी प्रभारी मोहम्मद अख्तर अली, भुनेश्वर यादव एवं सशस्त्र बल बारकाकाना ओपी के मौजूद थे।

## भाजपा भुरकुंडा मंडल की बैठक आहूत की गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा के आवासीय कार्यालय में अति आवश्यक बैठक आहूत की गई जिसमें मुख्य रूप से शशि भूषण भगत जी रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता बड़कागांव के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो हजारीबाग लोकसभा के संयोजक टुन्नू गोप लोकसभा के सहसंयोजक रंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू बैठक में जिला उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी योगेश दांगी अखिलेश प्रसाद जिला मंत्री संजीव कुमार बावला बैठक की अध्यक्षता भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा व संचालक मंडल के महामंत्री महेंद्र सिंह अशोक सोनी ने किया जगतार सिंह जी धन्यवाद ज्ञापन किया और इस बार हजारीबाग लोकसभा से अपने प्रत्याशी मनीष जायसवाल प्रचंड बहुमत के साथ जीतने का काम हम सभी कार्यकर्ता करेंगे अबकी बार 400 पर के नारा के साथ हजारीबाग लोकसभा प्रचंड बहुमत से जीतेगी बैठक को सफल बनाने में अमरेश सिंह राजन पांडे शंकर प्रसाद सत्येंद्र नारायण सिंह जुगल नायक सुखदेव प्रसाद ज्योति सिंह राजेश गुप्ता कुमेल उरांव संतोष शर्मा सुभाष दास विजय कुमार सूरज शर्मा अनूप कुमार सिंह विकास मोहन मिश्रा आकाश साहू प्रकाश नायक संतन सिंह बाबूलाल नायक बलजीत सिंह राजु मल्होत्रा प्रकाश नायक सुनील बैठा लकी चंद लोहार सिन्हा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## झारखंड सरकार के पहले बिजली मंत्री लालचंद महतो का आकस्मिक निधन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रजरप्पा :** झारखंड राज्य निर्माण के आंदोलनकारी अगुवा प्रणेता एवं झारखंड के पूर्व मंत्री लालचंद महतो 72 वर्षीय का अपने रांची स्थित लालपुर में अमरावती निजीआवास में निधन हो गया,छोटे भाई चेतलाल महतो ने बताया की देर रात 11:00 बाथरूम में गिर जाने के बाद अचेत हो गए, जिसे उनके परिजनों द्वारा आनन फानन स्थिति में रांची के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों द्वारा जांच के उपरांत पूर्व मंत्री को मृत घोषित किया,लालचंद महतो झारखंड राज्य निर्माण में एक बहुत ही बड़े आंदोलनकारी नेता के रूप में जाने जाते थे हमेशा गरीबों की हक और अधिकार के आवाज बनकर खड़ा रहते थे निधन होने से पूरे झारखंड कोएक आंदोलनकारी और संघर्षशील नेता का क्षति हुआ है जिसकी भरपाई कभी नहीं की जा सकती राज्य निर्माता के अलावे गिरिडीह जिला के डुमरी विधानसभा से तीन बार विधायक बने, प्रदेश का निर्माण होने के बाद पहला बिजली मंत्री बने थे,डुमरी विधानसभा का सुंदर प्रतिनिधित्व कर चुके हैं वह अपने कार्यकाल में क्षेत्र का चहूंमुखी विकास करने में किसी प्रकार की कोताही नहीं वर्ती विकास पुरुष के नाम से भी जाने जाते थे,उनके निधन से पूरे झारखंड प्रदेश में शोक का माहौल है, राजनीतिक क्षेत्र में काफी परिपक्वता था ।

## अपना गांव, अपना राज दूर भगाओ विदेशी राज का नारा दिए थे शहीद रघुनाथ महतो : सुधीर मंगलेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड के सिरु बुधबाजार अंग्रेजों के जुल्म के खिलाफ विद्रोह की आवाज को बुलंद करनेवाले शहीद रघुनाथ महतो की शहादत दिवस पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर मुख्य बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा की अंग्रेजो के खिलाफ सबसे पहले बिगुल फूंकने वाले शहीदों में शुमार किए जाते थे। अंग्रेजों ने उनके विद्राह को रास्कल मूवमेंट का नाम दिया था। चुहाड़ विद्रोह के प्रथम नायक रघुनाथ महतो ने अंग्रेजो के खिलाफ पहला बिगुल फूंका था। अंग्रेजो से लोहा लेते हुए रघुनाथ महतो अन्य साथियों के साथ पांच अप्रैल 1778 को इसी धरती पर शहीद हुए थे। झारखंड के जल, जंगल, जमीन और उसकी संस्कृति की रक्षा के लिए उन्होंने ही सर्वप्रथम हथियार उठाया। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की शुरुआती पारंपरिक तौर पर 1857 से मानी जाती है लेकिन इसके पहले यहां अंग्रेजों के खिलाफ चुहाड़ विद्रोह, कोल विद्रोह, चेरो आंदोलन, हो विद्रोह, संताल विद्रोह हुए जो स्वतंत्रता संग्राम के शुरुआती जलती मशाल थे। मौके पर उत्तम कुमार लिलेशवर महतो करमू कुमार देवेंद्र महतो शिशु कुमार ताहिर अंसारी रोहित कुमार आदि थे ।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंटर कॉलेज सिंदरी परिसर से मतदाता जागरूकता रैली निकाला गया जो सिंदरी के प्रमुख स्थान का भ्रमण करते हुए पुनः कॉलेज परिसर लौटा । रैली को प्राचार्य डॉक्टर जितेंद्र कुमार बनर्जी ने रैली में शामिल लोगों को राष्ट्रहित में एक-एक मतदाता को मतदान करने एवं करवाने का शपथ दिलाया । रैली का नेतृत्व भारत स्काउट और गाइड सिंदरी कॉलेज के मास्टर उमेश चंद्र मिश्रा ने किया । रैली में कॉलेज परिसर के शिक्षक , कर्मचारीयो ,विद्यार्थियों एवं भारत स्काउट और गाइड सिंदरी के प्रशिक्षकों ने भारी संख्या में भाग लिया ।रैली को सफल करने में प्राचार्य डॉक्टर जितेंद्र कुमार बनर्जी कॉलेज के स्काउट मास्टर उमेश कुमार मिश्रा, सुदीप पॉल ,गाइड कैप्टन प्रियंका कुमारी ,हर सिंह ,गीता कुमारी, शिवपूजन सिंह ,उज्जवल सिंह, राहुल कुमार महतो ,सुकुमार चक्रवर्ती ,मलाई मंडल, अनिल बावरी ,रूपा चक्रवर्ती, पूनम कुमारी ,पूरन सिंह ,गोपाल दीवार, राकेश महतो, बेवी देवी, युधिष्ठिर टुडू, भोला सिंह ,जगदीश आदि ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का निर्वाह किया।

## डीएवी मॉडल स्कूल, सीएफआरआई का एसओएफ व एनएसओ में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीएवी मॉडल स्कूल, सीएफआरआई में एसओएफ इंटरनेशनल मैथ्स ओलंम्पियाड तथा एनएसओ में सत्र 2023-24 के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले उन सभी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर स्कूल की प्राचार्या महुआ सिंह ने सत्र 2024 एवं 25 का शुभारंभ किया। इस शानदार उपलब्धि के अवसर पर उन्होंने कहा कि पूरा डीएवी परिवार गौरवान्वित है तथा उन्हें खुशी है कि बच्चे उनकी आकांक्षाओं पर पूरा खरा उतर रहे हैं। साथ ही बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि सतत अभ्यास और कड़ी मेहनत करते रहने से कोई भी लक्ष्य आसानी से प्राप्त किया जा सकता हैं। एसओएफ, एनएसओ तथा हिन्दी ओलंपियाड को सफलतापूर्वक आयोजित करने में विशिष्ट योगदान हेतु मौसमी बनर्जी, टीएन तिवारी, आर पाठक, आरपी राय, रवीश चंद्रा, एन दास, रंजन कुमार सिंह, देबूश्री सरकार, पायल मुखर्जी, अर्चना बनर्जी, श्रीपर्णा सामान्ता, इंद्रजीत दास, सुनील कुमार शर्मा, स्वाति तिवारी को भी प्रशस्ति पत्र दिया गया। मौके पर वरिष्ट शिक्षिका रतना मिश्रा तथा संतोष कुमार सिंह भी मौजूद थे।

## टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा में सभागार कक्ष का हुआ भूमि पूजन



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा मे सभागार कक्ष का भूमि पूजन मूख्य अतिथि संजय रजौरिया महाप्रबंधक टाटा स्टील लिमिटेड झरिया क्षेत्र ने किया। विद्यालय के प्राचार्य अनुज कुमार मिश्रा के सानिध्य में छात्रों के द्वारा वैदिक मन्त्रोच्चार के साथ विशिष्ट यज्ञ का आयोजन किया गया। इस भव्य समारोह में पंकज दास हेड एच आर, कर्नल भवानी सिंह हेड एडमिनिस्ट्रेशन, नरेन्द्र गुप्ता माइन्स चीफ़, अमन हेड इंजीनियरिंग सर्विसेस, मयंक शेखर झा चीफ़ सिजुआ ग्रुप, जितेन्द्र यादव सीनियर मैनेजर प्रोजेक्ट, सुजीत झा सिक्योरिटी सीनियर मैनेजर, रवि झा सिक्योरिटी मैनेजर, राणा भीमप्रताप सिंह सीनियर मैनेजर टी एम डी, हेमन्त प्रभाकर असिस्टेंट मैनेजर सिविल आदि टिस्को के अधिकारी भी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ के अध्यक्ष संतोष कुमार महतो ने भी अपनी उपस्थिति से समारोह की शोभा को बढाया। प्राचार्य अनुज कुमार मिश्रा ने सभी अतिथियों का स्वागत मोमेंटो तथा सैपलिंग देकर किया। इसी मौके पर विद्यालय में नये सत्र से नन्हें बच्चों के लिये बाल वाटिका का भी शुभारम्भ संजय राजौरिया महाप्रबंधक के करकमलों से हुआ। समारोह के अन्त में प्राचार्य अनुज कुमार मिश्रा ने सभी आगंतुकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन किया।

# अलविदा जुमा पर उमड़ी नमाजियों की भीड़, लोगों ने की दुआएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** माह ए रमजान अब रुख्शत हो रहा है। वहीं इस माह के आखिरी शुक्रवार को सुबह से ही मुस्लिम बाहुल क्षेत्रों मे उत्सव का माहौल बना रहा। चारो ओर चहल पहल देखने को मिली। वहीं अलविदा जुमा की नमाज को लेकर मस्जिदों मे नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी। सभी मस्जिद नमाजियों से खचाखच भरा रहा। लोगों ने अलविदा जुमा की नमाज अदा की एवं अपने सहित देश व दुनिया की भलाई, अमन, शांति, खुशहाली व सौहार्द के लिये अल्लाह से दुआएं मांगी। लोगों ने रोजा रखा, नमाजें अदा की एवं पवित्र कुरान शरीफ की तिलावत कर, अपनी इबादतों से अल्लाह को राजी करने की कोशिश की। अलविदा जुमा की नमाज के बाद कब्रिस्तान मे भी नमाजियों की भीड़ देखने को मिली। सभी लोग अपने पूर्वजों की कब्र पर जाकर उनके लिये अल्लाह से दुआएं करते देखे गए। शाम होते ही बाज़ार व चौक चौराहे पर भीड़ भाड़ बना रहा। लोग अफ्तार की खरीदारी करने मे व्यस्त रहे। विशेष कर फलों की दुकान पर काफी भीड़ रही। वहीं दुसरी ओर घरों पर महिलायें भी तरह तरह के पकवान बनाने मे व्यस्त रहीं। मगरीब की आजान होते ही सभी ने रोजा खोला और नमाज अदा की। तत्पश्चात रात मे पढ़ी जाने वाली तराबी की नमाज की तय्यारी मे सभी जुट गए। हालांकि इन सबके बावजूद रमजान की बिदाई को लेकर लोगों मे कहीं ना कहीं एक मायुसी और उदासी देखी गई। इसी से ये महसूस किया जा सकता है की माह ए रमजान की कितनी फजीलत और अहमियत है।

## माहे रमजान की अंतिम जुम्मे में नमाजियों व रोजेदारों की उमड़ी भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** शुक्रवार को गिरिडीह ज़िले में रमजान के अंतिम जुम्मे की नमाज गिरिडीह में शहर से लेकर गांवों तक अदबो एहतराम के साथ अदा की गई। वही तपती धूप और उमस भरी गर्मी के बीच भी नमाजियों और रोजेदारों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। इधर नमाज के दौरान मस्जिद के अंदर से लेकर बाहर तक नमाजियों की भीड़ देखी गई। कई स्थानों पर नमाजियों की भीड़ इतनी बढ़ गई कि जगह कम पड़ने पर नमाजियों को सड़क अथवा खुले मैदान में नमाज अदा करनी पड़ी। शहर की लाइन मस्जिद में भीड़ अधिक बढ़ने पर नमाजियों ने रेलवे स्टेशन जानेवाले मार्ग पर नमाज अदा की। गिरिडीह शहरी क्षेत्र में स्टेशन रोड स्थित लाइन मस्जिद के अलावा भंडारीडीह, बरवाडीह, तेलोडीह, पचंबा, बुढ़ियाखाद, बिशनपुर, पचंबा, कोलडीहा मस्जिदों के साथ साथ मुफ्फसिल क्षेत्रों के मस्जिदों में रोजेदारों ने पूरे अकीदत के साथ अंतिम जुम्मा की नमाज अदा किया।

## गिरिडीह में नए प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार ने संभाला कार्यभार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** शुक्रवार को गिरिडीह ज़िले में नये प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज प्रसाद ने अपना पद पर योगदान देते हुए कार्यभार संभाल लिया है। इस दौरान मनोज प्रसाद गिरिडीह न्यायालय पहुंचे और अपना प्रभार जिला जज वन गोपाल पांडेय से लिया। इस दौरान न्यायिक अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। नए प्रधान जिला जज से मिलने जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रकाश सहाय के नेतृत्व में पदाधिकारी और सदस्य पहुंचे और पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। वहीं मौके पर प्रभारी न्यायधीश मोहित चौधरी, प्रधान न्यायधीश कुटुंब न्यायलय अरविंद कुमार पांडेय, डीजे 1 गोपाल पांडेय, डीजे 8 यशवंत प्रकाश, डीजे 2 आनंद प्रकाश, अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायलय अजय कुमार श्रीवास्तव, डीजे 3 सोमनाथ सिकदर, डीजे 4 पीयूष श्रीवास्तव, डीजे 9 नीरजा आश्री, डीजे 5 संजीव वर्मा, डीजे 6 लक्ष्मीकान्त समेत अन्य न्यायिक अधिकारियों ने नये प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज प्रसाद का स्वागत किया।

### एशियन अस्पताल परिसर में इफ्तार का आयोजन

# अच्छे हेल्थ व अमन चैन की मांगी दुआ





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** शहर के एशियन हॉस्पिटल परिसर में शुक्रवार को आखिरी जुम्मा अलविदा के दिन भव्य इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। मौके पर हॉस्पिटल के मरीजों की अच्छे हेल्थ और वेल्थ के साथ साथ अमन चैन की दुआ मांगी गई। इफ्तार पार्टी में हॉस्पिटल के सभी मरीज एवं उनके परिजन शामिल हुए। जबकि विशिष्ट अतिथि में अस्पताल के सेंटर हेड डॉ. मेजर चंदन, सभी सीनियर्स डॉक्टर, प्रबंधन पदाधिकारीगण, हॉस्पिटल के नर्सेज एवं सभी स्वास्थ्यकर्मी शामिल हुए।वहीं वासेपुर निवासी समाजसेवी मुख्तार खान, कैफ खान, हाजी ज़मीर आरिफ समेत शहर के कई गणमान्य लोगों ने भी इस कार्यक्रम मे अपनी उपस्थिति दर्ज की। इस मौके पर अस्पताल के मार्केटिंग हेड ताजुद्दीन ने कहा कि हर एक साल के बाद इफ्तार पार्टी का हॉस्पिटल के अति व्यस्तता शेड्यूल के बीच डॉक्टरों, मरीजों, परिजनों व अतिथियों के बीच शानदार मिलन आयोजन करने का यह अवसर मिलता है। जिससे अस्पताल प्रबंधन गौरवान्वित होता है। उन्होंने कहा की स्वास्थ्य से बड़ी चीज इस दुनिया में कोई नहीं। इसके लिए हम एशियन हॉस्पिटल परिवार सबके वैलनेस के लिए हार्दिक दुआ करते हैं।

### स्वर्गीय राजेंद्र चौरसिया के श्राद्धकर्म में जुटे कई गणमान्य तथा पत्रकार

# पत्रकार संजय चौरसिया को दी सांत्वना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद प्रेस क्लब सदस्य संजय चौरसिया के पिता स्वर्गीय राजेंद्र चौरसिया के श्राद्धकर्म पर जुटे स्थानीय लोग सहित परिजन व पत्रकारों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। धनबाद के पुराना बाजार स्थित संजय चौरसिया के आवास में यह कार्यक्रम आयोजित की गई। इस अवसर पर दैनिक जागरण के संपादक डॉ. चंदन शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार सत्येंद्र कुमार, वरिष्ठ पत्रकार अनिल पांडेय, वरिष्ठ फोटोग्राफर जे डी दा, दिनेश पासवान, अजय प्रसाद, चंदन पाल, शरद पांडेय, संतोष कुमार, महफूज आलम, सरफराज नवाज, हाजी ज़मीर आरिफ, मुअज्जम अली, सित्थून मोदक, नीरज राउत, कुंदन सिंह, महेश पासवान, विपिन कुमार, मनोज कुमार, इंदु शेखर, रणधीर झा, राकेश कुमार, उमेश तिवारी सहित अन्य पत्रकार उपस्थित हुएं व संजय चौरसिया को सांत्वना दी। वहीं इस श्राद्धकर्म में कांग्रेस नेता रविंद्र वर्मा, समाजसेवी मुख्तार खान, मधुलिका स्वीट्स के संजय चौरसिया, कावेरी रेस्टोरेंट के प्रेम चौरसिया, जेपी नारायण तारकनाथ दास, अनिल प्रसाद बिट्टू, गौतम साव, पवन गुप्ता सहित सैकड़ो लोगों ने मौके पर जुट कर स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद चौरसिया को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

## एनडीए का हिस्सा मानकर सभी प्रत्याशियों को जिताने में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे : राज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी झारखंड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज ने दावा किया है कि आज भी राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का हिस्सा है और हर कीमत पर झारखंड में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एनडीए को विजय दिलाने के लिए पूरी राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी झारखंड इकाई अपने मजबूत संगठन के बदौलत एनडीए के पक्ष में प्रचार प्रसार करेगी तथा नरेंद्र मोदी की नेतृत्व में तीसरी बार बनने वाली सरकार में सहयोगी रहेगी। राज ने कहा की अपेक्षा का अनुरूप सीट बंटवारे में स्थान नहीं मिलने से कार्य कर्ताओं में निराशा जरूर है लेकिन गुस्सा में जहर नहीं खाना है और हर कीमत पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को झारखंड के 14 में से 14 सीटों पर विजय दिलाना है । राज ने कहा है की राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी का एक भी अधिकृत बयान एनडीए के खिलाफ अभी तक नहीं आया है ।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता स्वणरिखा शीर्षकार्य प्रमंडल, राँची**
**E-mail ID-eedwsd.headworks@gmail.com**

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रूक्का प्लान्ट अन्तर्गत विभिन्न पाईप लाईनों में लिकेज मरम्मति कराना अतिआवश्यक है। उक्त कार्य कराने हेतु दिनांक 06.04.2024 को पूर्वाह्न 09:00 बजे से अपराह्न 06:00 बजे तक पूर्णरूपेण पेयजलापूर्ति बाधित रहेगी। पेयजलापूर्ति में होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

1. 5hrs shutdown for connection of overhead electrical line by NCC.
2. $2^{nd}$ Phase pipe line leakage at near Rangroli Bridge.
3. $1^{st}$ Phase Pipe leakage at near section Office.
4. $2^{nd}$ Phase pipe line leakage at near holding.
5. $2^{nd}$ Phase pipe leakage at near BSNL.
6. $2^{nd}$ Phase Pipe leakage at Rahman Hospital.
7. ROW water leakage repairing near clarifloculator No-01 at Rukka WTP.

ह0/–
(ई0 चन्द्रशेखर) कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता स्वणरिखा शीर्षकार्य प्रमंडल, राँची।

PR.NO.323588 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

# टुंडी विधायक द्वारा चिरप्रतीक्षित प्रतापपुर भाया सर्रा पथ जनता को किया समर्पित, लोगों में उत्साह का माहौल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो के द्वारा ग्रामीण जनता की चिरप्रतीक्षित प्रतापपुर भाया सर्रा पथ का निर्माण कार्य की स्वीकृति दिलाएं आज़ एक माह होने को चला इस नेक काम के लिए ग्रामीणों ने टुंडी विधायक का आभार प्रकट किया और कहा कि जनता द्वारा यह कार्य के लिए टुंडी विधायक को तहेदिल से स्वागत करता हूं। बताया जाता है कि प्रतापपुर भाया सर्रा पथ अपनी दुर्दशा पर आठ आठ आंसू बहा रहा था तभी इस पथ पर विधायक का ध्यान गया और बहुत जल्द कायाकल्प करने की बात ग्रामीणों से कहा आज़ सपना साकार होने पर जनता ने भी विधायक को इस कार्य के प्रति आभार व्यक्त किया है और आने वाले दिनों में हमेशा साथ रहने की बात कही। बताया जाता है कि गोविंदपुर गिरिडीह मुख्य मार्ग के बराकर स्थित प्रतापपुर,ठेठाटांड, सर्रा,पी डब्लू डी पथ भाया चरक,जाताखूंटी, बालिका बिहार, भुस्की, नवाटांड पथ भाया बालिका बिहार से सर्रा भाया फतेहपुर,टकीपुर,बागजोबरा पथ जिसकी कुल लंबाई 10.688किलोमीटर को ग्रामीण कार्य विभाग से उक्त दोनों पथ निर्माण कार्य दो लेन में चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण होना सुनिश्चित हुआ है यह पथ इन दिनों काफी जर्जर हालत में है एवं तीस वर्षों से किसी जनप्रतिनिधियों ने अमल नहीं किया अंतिम में टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो द्वारा किए गए वादों के अनुसार आखिरकार प्रतापपुर भाया सर्रा पथ ग्रामीणों को समर्पित कर अपना वादा पूरा करने में कामयाब रहे। इस पथ के बनने से लोगों को समय एवं दूरी से बहुत हद तक सहूलियत होगी आज़ टुंडी की जनता विधायक सह इंडिया गठबंधन प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो का भूरि भूरि प्रशंसा कर रहे हैं साथ ही टुंडी में शिक्षा की अलख जगाने के लिए भी बहुत बहुत बधाई लोगों ने दिया है।

# रक्सौल-हावड़ा एवं कोलकाता-जयनगर के मध्य समर स्पेशल ट्रेन का होगा परिचालन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** ग्रीष्मकालीन अवकाश में यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर रक्सौल-हावड़ा एवं कोलकाता-जयनगर के मध्य समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा । रक्सौल और हावड़ा के मध्य समर स्पेषल ट्रेन 13.04.2024 से 16.06.2024 तक जबकि जयनगर-कोलकाता समर स्पेषल ट्रेन 12.04.2024 से 15.06.2024 तक परिचालित की जाएगी ।

1. गाड़ी संख्या 03043 हावड़ा-रक्सौल समर स्पेशल~ गाड़ी संख्या 03043 हावड़ा-रक्सौल समर स्पेशल दिनांक 13.04.2024 से दिनांक 15.06.2024 तक हावड़ा से प्रत्येक शनिवार को 23.00 बजे खुलकर अगले दिन रविवार को 14.15 बजे रक्सौल पहुंचेगी ।

2. गाड़ी संख्या 03044 रक्सौल-हावड़ा समर स्पेशल~ गाड़ी संख्या 03044 रक्सौल-हावड़ा समर स्पेशल दिनांक 14.04.2024 से 16.06.2024 तक प्रत्येक रविवार को रक्सौल से 16.55 बजे खुलकर अगले दिन सोमवार को 08.30 बजे हावड़ा पहुंचेगी ।

अप एवं डाउन दिषा में रक्सौल-हावड़ा समर स्पेशल ट्रेन हावड़ा और रक्सौल के बीच बंडेल, बर्द्धमान, दुर्गापुर, आसनसोल, चितरंजन, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, किऊल, बरौनी, समस्तीपुर, दरभंगा, जनकपुर रोड, सीतामढ़ी, बैरगनिया स्टेशनों पर रूकेगी । इस ट्रेन में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 01 कोच, वातानुकूलित द्वितीय सह तृतीय श्रेणी के 02 कोच, शयनयान श्रेणी के 09 कोच तथा साधारण श्रेणी के 04 कोच लगेंगे ।

3. गाड़ी संख्या 03185 कोलकाता-जयनगर स्पेशल~ गाड़ी संख्या 03185 कोलकाता-जयनगर समर स्पेशल दिनांक 12.04.2024 से दिनांक 14.06.2024 तक प्रत्येक शुक्रवार को कोलकाता से 23.55 बजे खुलकर अगले दिन शनिवार को 14.15 बजे जयनगर पहुंचेगी ।

4. गाड़ी संख्या 03186 जयनगर-कोलकाता समर स्पेशल~ गाड़ी संख्या 03186 जयनगर-कोलकाता समर स्पेशल दिनांक 13.04.2024 से 15.06.2024 तक प्रत्येक शनिवार को जयनगर से 15.25 बजे खुलकर अगले दिन रविवार को 05.15 बजे कोलकाता पहुंचेगी ।

**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गढ़वा**
**(जिला सामान्य शाखा)**

**–: आदेश :–**

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से सम्पन्न कराने हेतु जिला स्क्रीनिंग समिति की बैठक में लिये गए निर्णय के आलोक में शस्त्र नियमावली 1962 के नियम 63 एवं शस्त्र अनुज्ञप्ति की शर्त्त संख्या–9 एवं 14 के अंतर्गत गढ़वा जिले के सभी शस्त्रों को जमा किया जाना है। सभी अनुज्ञप्तिधारी को दिनांक 27.03.2024 से 02.04.2024 तक निश्चित रूप से अपने शस्त्रों को संबंधित थाना में जमा करने हेतु इस कार्यालय के ज्ञापांक– 296/सा0, दिनांक 22.03.2024 द्वारा आदेश दिया गया था। उक्त तिथि तक अपने शस्त्रों को थाना में जमा नहीं करने वाले अनुज्ञप्तिधारियों को पुनः आदेश दिया जाता है कि अपने शस्त्रों को दिनांक 03.04.2024 से 07.04.2024 तक नजदिकी थाना में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। उक्त निर्धारित तिथि तक शस्त्र जमा नहीं करने वाले अनुज्ञप्तिधारियों के अनुज्ञप्ति को शस्त्र नियमावली के सुसंगत धाराओं के तहत् अनुज्ञप्ति निलंबन/रद्द की कार्रवाई की जायेगी।

संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी अपने–अपने थाना/ओ0पी0 के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को अपने स्तर से भी सूचित करते हुए सभी शस्त्रों को जमा कराना सुनिश्चित करेंगे।

इसे अतिआवश्यक समझा जाय।

ह0/–
उपायुक्त–सह–
जिला दण्डाधिकारी,गढ़वा

PR 323575 District(24-25).D

# मंदिर में चोरी के दोनों आरोपी को सदर थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शहरी क्षेत्र के हनुमान मंदिर और सिद्धीदात्री मंदिर में चोरी के दोनों आरोपी को सदर थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार। आरोपियों की पहचान किस्को थाना क्षेत्र के राजा उरांव तथा सदर थाना क्षेत्र के कार्तिक उरांव के रूप में हुई है। चोरों से पुलिस ने चोरी किए गए सामान को भी सकुशल बरामद कर लिया है। सदर प्रखंड थाना प्रभारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बताया कि दिनांक -03/04.04.2024 के रात्रि लोहरदगा थाना क्षेत्र अन्तर्गत राणा चौक के समीप स्थित हनुमान मंदिर का ताला काटकर अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा मंदिर में रखे गौदरेज से पीतल का परात, थाली, चाँदी का मुकुट, पीतल का घंटी, एवं नगद 13,500 / रूपया तथा मंदिर का दान पेटी की चोरी कर लेने के आरोप में अज्ञात अपराधकर्मी के विरूद्ध लोहरदगा थाना कांड सं0-72/2024 दिनांक-04.04.2024 धारा-461/379 भा0द0वि0 का दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है कि उसी रात्रि दिनांक-03/04.04.2024 को लोहरदगा थाना से करीब आधा कि0. मी0. की दूरी पर बीर शिवाजी चौक के समीप सिद्धीदाती दुर्गा मंदिर/दान पेटी का ताला तोड़कर उसमें रखे पैसे एवं वर्तन की चोरी कर ली गई है। उक्त आरोप में लोहरदगा थाना कांड सं0-73/2024 दिनांक 04.04.2024 धारा-461/379 भा0द0वि0 का अंकित किया गया। पुलिस अधीक्षक,महोदय लोहरदगा द्वारा उपरोक्त दोनो कांडों के उदभेदन/मंदिर से चोरी गये सामानों की बरामदगी / संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस निरीक्षक-सह-थाना प्रभारी लोहरदगा के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा घटनास्थल के आस-पास के सी0सी0टी0वी0 कैमरों से फुटेज प्राप्त कर संलिप्त अपराधकर्मियों के हुलिया अनुसार उनके गतिविधि सत्यापन करने पर पाया गया कि हाल में जेल से रिहा हुये अपराधकर्मी राजा उरॉव उम्र-करीब 30 वर्ष पिता-सुमन उरॉव ग्राम-बेठठ चिगलाटोली, थाना-बगडू जिला-लोहरदगा एवं एक अन्य कि गतिविधि संदेहात्मक पाया गया। छापमारी दल को प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के दौरान राजा उरॉव को गिरफ्तार किया गया। जिसके द्वारा अपना अपराध स्वीकार करते हुए अपने सहयोगी के साथ मिलकर दोनो मंदिरों (राणा चौक स्थित हनुमान मंदिर एवं बीर शिवाजी चौक स्थित सिद्धीदाती दुर्गा मंदिर) में घटना कारित करने की बात स्वीकार की गई। गिरफ्तार राजा उरॉव द्वारा बताया गया कि चोरी गये सामानों को रियाजत हुसैन उम्र 36 वर्ष पिता-मो0 ऐहसान घर-न्यूरोड थाना-जिला-लोहरदगा (कबाड़ी) के पास विक्री कर दिये है। तत्पश्चात् रियाजत हुसैन उम्र 36 वर्ष पिता-मो0 ऐहसान घर न्यूरोड थाना-जिला-लोहरदगा के घर छापमारी कर मंदिरों में चोरी किये गये सामानों को बरामद किया गया है। इस घटना में संलिप्त अपराधकर्मी राजा उरॉव उम्र करीब 30 वर्ष पिता-सुमन उरॉव ग्राम बेठर चिगलाटोली,थाना-किस्को,जिला-लोहरदगा एवं 02. रियाजत हुसैन उम्र 36 वर्ष पिता मो0 ऐहसान घर-न्यूरोड थाना-जिला- लोहरदगा को विधिवत् गिरफ्तार किया गया है। कांड में संलिप्त कार्तिक टॉप (25 वर्ष) पि0 मालदेव उपैव साठ-केरार था0-पेठबार 10 पु0 दुपट्टा चौक भा0-जिए-लोहरदगा को गिरफ्तार किया गया है। अप्राथमिकी अभियुक्त-राजा उरॉव के निशानदेही पर रियाजत हुसैन उम्र 36 वर्ष पिता-मो0 ऐहसान घर-न्यूरोड थाना-जिला-लोहरदगा के घर से बरामद सामानों का विवरण इस प्रकार है। पितल का पड़ा परात 01,पितल का छोटा गमला 02 पीस,पितल का बड़ा कलश 01 पीस,पितल का छोटा कलश 01 पीस,पितल का छोटा लोटा 01 पीस,पितल का छोटा कम्नडल 01 पीस,पितल का पुजा का छोटा लोटा 01 पीस,पितल का छोटा तासला 01 पीस,पितल का छोटा घंटा 01 पीस,ताम्बा का छोटा लोटा 01 पीस। **गिरफ्तार व्यक्तियों का नाम पता :** राजा उरॉव उम्र करीब 30 वर्ष पिता सुमन उरॉव ग्राम बेठर चिगलाटोली,थाना-किस्को, जिला-लोहरदगा। रियाजत हुसैन उम्र 36 वर्ष पिता मो0 ऐहसान घर-न्यूरोड थाना-जिला- लोहरदगा। कार्तिक उरॉव, उम्र करीब 24 वर्ष पिता मालदेव उरॉव सा0 केरार थाना पेशरार जिला लोहरदगा वर्तमान ब्रहम्णडीहा दुप्पटा चौक लोहरदगाा। **छापामारी दल में शामिल पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मियों का नाम :** रत्नेश मोहन ठाकुर, पु0नि0-सह-थाना प्रभारी, लोहरदगा थाना। पु0अ0.नि0. आर्दश कुमार, लोहरदगा थाना। पु0अ0नि0 संजय कुमार, लोहरदगा थाना। स0अ0नि0 अरबिन्द कुमार शर्मा, लोहरदगा थाना। पुलिस 563 / चन्द्रदीप मेहता। चालक पुलिस-256/ सत्यकिशोर कुमार। चालक पुलिस-713/मुकेश कुमार शामिल है। राजा उराँव एवं कार्तिक उरांव का अपराधिक इतिहास इस प्रकार है। लोहरदगा कांड संख्या 140/22,189/22, 215/22, 132/ 22 में दोनों संलिप्त है।

## राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय जिंगी की छात्रा का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन, शिक्षकों ने दी बधाई



**कुडू-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय जिंगी की कक्षा आठवीं की छात्रा ज्योति कुमारी का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना, सेन्हा में नौवीं कक्षा में नामांकन हेतू हो गया है। विद्यालय परिवार में ज्योति के चयन पर खुशी का माहौल है। विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने आज ज्योति को बधाई दी और उसके लंबे तथा उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। विद्यालय के प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने ज्योति की सफलता विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को बधाई दी है। मौके पर उन्होंने बताया कि जिंगी पंचायत मुख्यालय निवासी सुरेन्द्र साहू एवं काशी देवी की पुत्री ज्योति कुमारी बचपन से ही मेधावी छात्रा रही है। विद्यालय में भी वह अपने समय को बर्बाद नहीं करती बल्कि शिक्षकों से पूछ पूछ कर पढ़ाई करती रहती है। इसी का परिणाम है कि चयन परीक्षा में वह सफल हो सकी। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ सर्वांगीण विकास हेतु हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। मौके पर शिक्षक-शिक्षिकाएं ज्याउल हक अंसारी, सरोज कुमार दुबे, प्रमेश कुमार सिंह, खुशमारेन मर्शिला तिर्की, समीना खातून, चांदो तिर्की, फूलमनी कुमारी, मोनिका उरांव, राजेश्वरी कुमारी, समीना खातून, सरिता टोप्पो, आईसीटी इंस्ट्रक्टर सादाब अंसारी सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# मनरेगा लोकपाल इंदू तिवारी ने किया जनसुनवाई, लाभूक को पुनः पौधे देने की बनी सहमति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 05 अप्रैल शुक्रवार को पंचायत भवन कैरो मे मुखिया वीरेन्द्र महली की अध्यक्षता मे एवं मनरेगा लोकपाल श्री मति इंदू तिवारी एवं मनरेगा कर्मियों व लाभूक की उपस्थिति मे जनसूनवाई का किया गया आयोजन। उक्त जनसुनवाई मे लोकपाल इंदू तिवारी ने विरसा हरित क्रांति आम वागवानी योजना के अंतर्गत कैरो मे विभिन्न लाभूको का पिछ्ले दिनो योजना के आम वागवानी कार्य का स्थल निरीक्षण कीया गया था, निरीक्षण के क्रम मे कैरो निवासी संजय पांडे को योजना के अंतर्गत पुर्व मे 44 आम के पौधे आवंटित किये गये थे, जिसमे 01 भी पौधे लगे हुए नहीं पाए गए थे, लाभूक ने कहा था कि विभाग की और से दिये गये सभी पौधे लगाए गए थे परंतु घेरान नहीं होने के कारण पौधे को वकरियों के द्वारा नष्ट कर दिया गया। जन सुनवाई मे लोकपाल ने सभी विन्दुओं पर वारिकीयो से अवलोकन के पाश्चात्य लाभुक को पुन; पौधे आवंटीत करने का निर्देश उपस्थित जनसूनवाई मे मनरेगा कर्मियॉ को दिया गया। लोकपाल इंदू तिवारी ने जन सुनवाई मे कहा कि यदि किसी भी लाभूक को कार्य मे किसी भी तरह की कोई परेशानी होती है तो मुझे सिधे इस मो0 न0 82103 27993 पर संपर्क कर सकते हैं, योजना कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही क्षम्य नहीं। मौके पर जनसूनवाई मे पंचायत सचिव गुहा उराँव, रोजगार सेवक नन्दा भगत, मेठ संदीप रविदास के अलावा लाभूक संजय पांडेय एवं अन्य लाभूक उपस्थित थे।

# अलविदा जुम्मे की नमाज अदा कर लोगों ने मांगी अमन चैन की दुवाएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र में पाक पवित्र माह रमजान माह के मौके पर मुस्लिम धर्मावलम्बियों के लोगों ने रमजान माह के शुक्रवार को आखिरी जुम्मा पर अलविदा जुम्मे की नमाज पढ़ी गई। जिसमें प्रखण्ड क्षेत्र के सेरेंगहातु, उगरा, चितरी डॉडू, सेन्हा, अरु, कल्हेपाट, झखरा, भंगाडी, अरु बांधटोली, तोड़ार सहित विभिन्न गांव के मस्जिदों में सौहार्द के साथ शांतिपूर्वक ढंग से अलविदा जुम्मे की नमाज अदा की गई। और देश में अमन चैन व खुशहाली की दुआ मांगी गई.जिसे अलविदा जुमे की नमाज अदा करने के लिये प्रखंड क्षेत्र के सभी मस्जिदों में भारी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबियों की भीड़ उमड़ी हुई थी। वही नमाज अदा करने से पहले इमाम हाफिज गुलाम मुस्तफा द्वारा अपनी तकरीर में रमजान और अलविदा जुम्मा के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुए। रमजान में रोज रख कर इबाबत करने तथा नेकी के राहों चलने के लिये बताया गया। कहा कि एक नेक काम करने से अल्लाह 70 नेकी देता है। साथ ही लोगों ने कहा कि पाक पवित्र रमजान माह में रोजा रखना सभी मुसलमानों का धर्म है। रोज रख कर सभी के साथ बेहतर सम्बन्ध रखना और गम तथा खुशी के वक्त सभी का साथ देना चाहिये। रमजान में पांचो वक्त नमाज अदा करना चाहिये जिसे नमाज हर बुराई से बचाता है। पुलिस प्रसाशन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था की कड़ी प्रबंध की गई थी। वही चौक चौराहों पर विशेष रूप से सुरक्षा बल की तैनाती की गई थी। मौके पर सदर मोख्तार अंसारी, सेक्रेटरी अजरुद्दीन अंसारी के अलावे गफार अंसारी, इम्तियाज अंसारी, मंसूर अंसारी, जमहीर अंसारी, अफरोज अंसारी सहित मुस्लिम धर्मावलम्बियों के अन्य लोग मौजूद रहे।

## रमजान पर मस्जिदों में पढ़ी गई अलविदा नमाज, 08 बजे पढ़ी जायेगी ईद की नमाज : इमाम



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 05 अप्रैल शुक्रवार को प्रखंड के सभी मश्जीदो मे मुस्लिम धर्मावलम्बियों ने अलविदा की नमाज अदा की। इस अवसर पर कैरो जामा मश्जीद, नयाटोली मश्जीदे सिद्दीक,उतका मोती मश्जीद, गराडीह मश्जीद, हनहट मश्जीद मे उत्साह के साथ मुस्लिम समाज के लोगो ने अलविदा की नमाज अदा की। कैरो उतका मोती मश्जीद मे अलविदा की नमाज अदा करवाने के उपरांत इमाम कारी मोविन ने कहा कि जुम्मा रमजान के रुखसती आखिरी जुम्मा कहलाता है, आज के दिन सारे मुसलमान पुरे जोश और खरोस से अलविदा की नमाज अदा कर रहे हैं। ईद की नमाज ईद के दिन कैरो ईदगाह मे 08 बजे से अदा की जायेगी,नमाज के उपरांत एक दुसरे से गले मिल त्योहार ईद की शुभकामनायें दी जायेगी।

## बिजली का खंभा से अज्ञात चोरों ने की बिजली तार की चोरी

**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला पंचायत अन्तर्गत आरा हंसा गांव के टोगरी टोली से जोभी रास्ता तक लगभग 40 बिजली का खंभा में लगाए गए बिजली की तार को अज्ञात चोरों ने गुरूवार रात्रि को चुरा लिया। वही बताया जाता है की सुबह जब ग्रामीण गांव से टोगरी टोली के तरफ खेत में गये तो देखे की बिजली का खंभा से तार गायब था। बिजली तार चोरी की बात गांव में फैल गया जिसे आराहंसा गांव के ग्रामीणों ने सेन्हा थाना में और बिजली विभाग के एसडीओ को लिखित आवेदन देते हुए बिजली तार चोरी होने का जानकारी दिया है। ग्रामीणों का कहना है की बिजली की तार की चोरी होने से गांव में अंधेरा छा गया है जिसे ग्रामीण अंधेरा में रहने को विवश है। ग्रामीणों द्वारा प्रशिक्षु आईपीएस सह सेन्हा थाना प्रभारी वेदांत शंकर और बिजली विभाग के एसडीओ को तीन दर्जन ग्रामीणों का हस्ताक्षर युक्त आवेदन दिया गया है। साथ अज्ञात चोरों को पकड़ कर नियम संगत कानूनी कारवाई करने की अपील किया है। तथा एसडीओ से बिजली की व्यवस्था करने की मांग किया है वही ग्रामीण के बीच में चर्चा है की इस तरह की चोरी की घटना सेन्हा थाना क्षेत्र में पहली घटना है।

## अधिक से अधिक मतदान को लेकर बीडीओ ने प्रखंड कार्यालय कर्मियों को दिलाया शपथ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 05 अप्रैल शुक्रवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन कैरो मे प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी अंचलाधिकारी छन्दा भट्टाचार्य ने प्रखंड सह अंचलकर्मियो को अधिक से अधिक मतदान को लेकर दिलाया शपथ। इस अवसर पर जेएसएलपीएस के द्वारा रंगोली भी बनाकर एसभीईईपी लिखा गया था,वही वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम का फ्लैक्स लेकर प्रखंड सह अंचल कर्मी शपथ ले रहे थे। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री मति छ्न्दा भट्टाचार्य ने कहा कि प्रखंड के सभी 37 बूथों पर 100 प्रतिशत मतदान, बूथो पर अधिक - से - अधिक मतदान को लेकर आप सभी 37 बूथो के मतदाताओं को करें जागरूक। मौके पर अमन शिखर, लालअविनाश नाथ शाहदेव, रोजगार सेवक नंदा भगत, जेएसएलपीएस के बीटीएम, प्रखंड एवं अंचल के कर्मी अधिक से अधिक मतदान को लेकर शपथ ग्रहण कार्यक्रम मे उपस्थित थे।

### आप अपने क्षेत्र में सभी योग्य मतदाताओं को करें जागरूक : उप विकास आयुक्त

# दिव्यांग मतदाताओं और सभी बीएलओ के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत आज शुक्रवार को दिव्यांग मतदाताओं और सभी बीएलओ के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन नगर भवन लोहरदगा में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि आप अपने क्षेत्र में सभी योग्य मतदाताओं को जागरूक करें। लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 अंतर्गत लोहरदगा जिला में मतदान की तिथि 13 मई 2024 को निर्धारित है। इसकी जानकारी सभी को दें। दिव्यांग लोगों ने कई क्षेत्रों में अपना नाम रौशन किया है। अपनी पहचान बनायी है। निर्वाचन आयोग के द्वारा दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक जाने, मतदान करने के लिए कई तरह की सुविधाएं दी गई हैं। ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान करें इसके लिए कई अभियान जिला में चलाये जा रहे हैं। लोकसभा चुनाव देश का सबसे बड़ा चुनाव है। कोई भी मतदाता ना छूटे इसके लिए आपको कार्य करना है। कार्यक्रम में अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार ने कहा कि दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक ले जाने के लिए वाहन, मतदान केंद्र में व्हीलचेयर की सुविधा दी जा रही है। वोलेंटियर मतदान केंद्र में उनकी मदद के लिए मौजूद रहेंगे। अनुमण्डल पदाधिकारी ने कहा कि सभी बीएलओ जल्द फार्म 12-डी का सर्वे का कार्य पूरा कर लें। लोहरदगा जिला के जिन मतदाताओं का नाम अभी भी मतदाता सूची में नहीं जुड़ पाया है वे अपना नाम मतदाता सूची में 15.04.2024 तक अवश्य रूप से जुड़वा सकते हैं। बीएलओ अपने क्षेत्र के योग्य मतदाता का फार्म-6 अवश्य भरवा दें। साथ ही, अपने क्षेत्र में चुनाव पाठशाला का भी आयोजन करें। उप निर्वाचन पदाधिकारी, लोहरदगा ने सभी बीएलओ को अपने क्षेत्र के वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं को मतदान की तिथि 13.05.2024 को मतदान केंद्र तक लाने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि जो भी मतदाता अन्य राज्यों में गये हैं उन्हें भी मतदान के लिए अपने बूथ तक बुला लें। जो बीएलओ अपने बूथ में 90 प्रतिशत से अधिक मतदान कराएंगे उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। अपने क्षेत्र में मतदाता पर्ची का वितरण 30 अप्रैल से 06 मई 2024 के बीच कर लेना है। आज के कार्यक्रम में सुषमा सोरेंग, आईटीडीए परियोजना निदेशक, सीता पुष्पा, वरीय पदाधिकारी, स्वीप कोषांग, नगर परिषद प्रशासक जयपाल सिंह, जेएसएलपीएस की डीपीएम अनीता केरकेट्टा, दिव्यांग मतदाताओं की जिला आईकॉन अंतर्राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी संजना कुमारी समेत बड़ी संख्या में दिव्यांग मतदाता और बीएलओ उपस्थित थे।

## प्रखंड निबन्धन निर्वाची पदाधिकारी ने बीएलओ व पर्यवेक्षकों को दिया आवश्यक दिशा निर्देश



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में सीओ सह प्रखंड निबन्धन निर्वाची पदाधिकारी ने बीएलओ तथा बीएलओ पर्यवेक्षकों के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर बूथ स्तर पर विधि व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही सीओ सह प्रखंड निबन्धन निर्वाची पदाधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने चुनाव आयोग के निर्देशानुसार प्रखंड क्षेत्र के सभी बीएलओ व बीएलओ पर्यवेक्षकों को बताते हुए कहा कि हुए मतदान केंद्र पर इंटरमीडिएट स्ट्रॉन्ग रूम होना है। साथ ही मतदाता व मतदान कर्मी के लिये सब्जी मतदान केंद्रों में बिजली पानी, रैम्प व शौचालय की व्यवस्था पर चर्चा किया गया। मौके पर अंचल निरीक्षक अनुज कुमार, पर्यवेक्षक सुजीत उराँव, रिजवान अख्तर, नागमणी उराँव, मुदस्सर हुसैन, गुहा उराँव, बाल विकास पर्यवेक्षिका परमुनी देवी सहित सभी बीएलओ मौजूद थे।

# झुण्ड से बिछड़े जंगली हाथी का कहर लगातार जारी, अब लोगों में मदद की उम्मीदें टूट रहीं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जलडेगा प्रखण्ड के विभिन्न हाथी प्रभावित गांवों में लगातार कई दिनों से गरीबों का आशियाना उजड़ रहा है। हाथी को क्षेत्र से भगाने के लिए प्रशासन की ओर से कोई पहल नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग के कर्मी सांत्वना के तौर पर सिर्फ एक दो बोरा, मोबिल देकर और फोटो खींचा के चले जाते हैं। इसलिए प्रशासन के प्रति विश्वास और भरोसा टूट चुका है। लोग कहते हैं कि शायद प्रशासन किसी का मौत का तमासा देखना चाहते हैं तब क्षेत्र से हाथी को भगाने का पहल किया जाएगा। गुरूवार रात को फिर से जलडेगा प्रखण्ड के कुटुंगिया डुड़िंग टोली में महिला करमी सिंह पति स्व लोधा सिंह और सेरेंगदा नोबेल सुरिन का घर को हाथी द्वारा अपना निशाना बनाया। घर के दीवार और को छत को तोड़कर घर में रखे अनाज को खा गया। कई घरेलु सामान भी बर्बाद हो गया। पीड़ित परिवार का नुकसान का जायजा लेने कुटुंगिया पंचायत की मुखिया जानकी देवी पहुंच कर मुआवजा हेतु कागजी प्रक्रिया में सहयोग करने की बात कही। विगत कई दिनों से कुटुंगिया, पैतानो, हुटुबदा, रामजाड़ी, सेरेंगदा, परबा, सिहरमुंडा, जोनोदा, बेंदोसेरा और ओड़गा पहाड़ टोली को अपना निशाना बनाया हुआ है। रात होते ही इन गांवों में पहुंच जाता है। इन गांवों के बीच में जो विशाल क्षेत्र में फैला हुआ जंगल जिसे माड़ाबुरू पहाड़ के नाम से विख्यात है यही जंगल में दिन को हाथी रहता है। इससे क्षेत्र के लोग काफी डरे सहमे अपना जीवन व्यतीत करने में मजबूर हैं।

# पूजा-अर्चना एवम् हवन के साथ हुआ शिशु विद्या मंदिर के नए सत्र का प्रारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** वनवासी कल्याण केंद्र की शैक्षिक इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति द्वारा संचालित विवेकानन्द शिशु विद्या मंदिर लचरागढ़ में वैदिक मंत्रोचारण के साथ भक्तिमय वातावरण में हवन पूजन के साथ नूतन सत्र आरम्भ हुआ। पूरे विद्यालय में 13 स्थानों में हवन कुंड बनाकर विद्यालय के भैया बहन एवम आचार्यों ने हवन पूजन कार्य किया गया, साथ ही नूतन सत्र उत्तम हो भगवान से यही प्रार्थना की गई।हवन के पश्चात सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ हुआ, आचार्य प्रमोद पाणिग्रही द्वारा हवन कराया गया। इस अवसर पर सभी भैया बहनों के साथ राजेंद्र साहू, सुदर्शन कुमार, अर्जुन महतो, गणेश सिंह, जगेश्वर सिंह, विमल टेटे, लक्ष्मी देवी, शकुंतला कुमारी, यमुना कुमारी, विमला कुमारी, दशरथि कुमारी, दीक्षित कुमारी, प्रगति कुमारी, वसंती बडाईक, रेखा सिंह, रेखा देवी, शिवकुमार सिंह उपस्थित थे।

## भाजपा नेता हुए ग्रामीणों से रुबरु



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय महतो के नेतृत्व में मंडल प्रभारी मुकेश श्रीवास्तव के द्वारा मंडल भ्रमण किया गया। जिसमे जनता के बेहद निवेदन पर दिनाक 05/04/24 को जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाइक मंडल प्रभारी मुकेश श्रीवास्तव, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष हीरा राम एवम मंडल अध्यक्ष की अगुवाई में , साथ में युवा मोर्चा अध्यक्ष विवेक श्रीवास्तव के साथ बृहद तौर पर जन संपर्क अभियान चलाया गया एवम साथ में सभी पन्ना प्रमुख से मिल कर जन समूह में माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की लोककल्याण कारी योजनाओं की जानकारी का आदान प्रदान किया गया।

# पूर्व पीएम एचडी देवगौड़ा परिवार के तीन सदस्य चुनाव मैदान में



**बेंगलुरु:** कर्नाटक में 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की सूची में एक उल्लेखनीय विशेषता जनता दल (सेक्युलर) प्रमुख संरक्षक एच डी देवगौड़ा के परिवार के सदस्यों की मौजूदगी है। पूर्व प्रधानमंत्री एवं जद (एस) के संरक्षक एच डी देवगौड़ा के बेटे एच डी कुमारस्वामी, दामाद सी एन मंजूनाथ और पोते प्रज्वल रेवन्ना मैदान में हैं। जेडीएस प्रदेश अध्यक्ष और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री कुमारस्वामी मांड्या से चुनाव लड़ रहे हैं, वहीं प्रज्वल रेवन्ना हासन से फिर से चुनाव लड़ रहे हैं। गठबंधन सहयोगियों भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जद (एस) के बीच हुए सीट बंटवारे के तहत, प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ मंजूनाथ भाजपा के टिकट पर बेंगलुरु ग्रामीण से चुनाव लड़ रहे हैं। हृदय रोग विशेषज्ञ मंजूनाथ के चुनाव मैदान में उतरने से, गौड़ा के परिवार के कम से कम नौ सदस्य चुनावी राजनीति में हैं या रहे हैं। देवगौड़ा कर्नाटक से राज्यसभा सदस्य हैं, जबकि कुमारस्वामी चन्नापटना से विधायक हैं, जो बेंगलुरु ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। कुमारस्वामी की पत्नी अनीता ने पिछली विधानसभा में विधायक के रूप में रामनगर का प्रतिनिधित्व किया था और जद (एस) युवा इकाई नेता निखिल ने मांड्या से 2019 का लोकसभा चुनाव और 2023 का विधानसभा चुनाव लड़ा था लेकिन हार गए थे।

# असम के कांग्रेस अध्यक्ष ने सीएम सरमा पर किया 10 करोड़ के मानहानि का केस



एजेंसी

**दिसपुर :** असम में कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा ने एक स्थानीय अदालत में मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के खिलाफ 10 करोड़ का मानहानि का मुकदमा दायर किया है। कांग्रेस नेता ने दावा किया है कि सीएम सरमा द्वारा की गई टिप्पणियों के कारण उनकी और पार्टी की छवि खराब हुई है।सीएम सरमा के अलावा इस मामले में एक स्थानीय अखबार के संपादक को वादी बनाया गया है। बोरा ने आरोप लगाया है कि कई मौकों पर सीएम सरमा के बयानों से यह दावा किया गया कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जल्द पार्टी छोड़ देंगे। इससे जनता के सामने उनकी और पार्टी की छवि खराब हुई है। असम के मुख्यमंत्री ने दावा किया था कि बोरा भाजपा में शामिल होंगे, लेकिन बाद में विपक्षी पार्टी ने इसे खारिज कर दिया।

# मैं जरूर मतदान करूंगा, लाखों लोगों के घर पहुंचने वाली चिट्ठी पर लिखी होगी यह बात क्या आपको मिला ऐसा पत्र?

एजेंसी



**पटना।** चुनाव संपन्न होने तक प्रदेश के हर डाक घरों से लोगों तक पहुंचने वाले पत्रों पर चुनाव का पर्व, देश का गर्व, मैं जरूर मतदान करूंगा का विशेष कैसिलेशन स्टांप लगा होगा। आमजन में मतदान को लेकर जागरूकता फैलाने को लेकर बिहार डाक परिमंडल ने यह फैसला लिया है। इस फैसले के पहले दिन ही करीब तीन लाख लोगों पत्र पर मतदान को लेकर प्रेरित करने वाला स्टांप लगाकर पत्र बांटा गया। बिहार डाक परिमंडल के मुख्य डाक महाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय पर्व मतदान को लेकर डाक विभाग की ओर से पहल आरंभ की गई है। इसमें लोगों को पहुंचने वाले हर पत्र पर विशेष कैंसिलेशन स्टांप लगाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त डाक चौपाल भी लगाने की पहल की जाएगी। पहले दिन ही करीब तीन लाख पत्रों पर यह स्टांप लगाया गया है। जीपीओ परिसर से मतदाताओं को सशक्त बनाने के लिए भारतीय डाक और चुनाव आयोग के सहयोग से मतदाता जागरूकता रथ को रवाना किया गया। मेघदूत भवन के नीचे से रथ को मुख्य डाक महाध्यक्ष अनिल कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम में उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी संजय मिश्र, निदेशक डाक सेवाएं मुख्यालय पवन कुमार, प्रवर डाक अधीक्षक राजदेव प्रसाद, नवीन कुमार आदि भी थे।

# क्या अमेठी से रॉबर्ट वाड्रा लड़ेंगे चुनाव ?



एजेंसी

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव के बीच अब भी यह सवाल बना हुआ है कि यूपी की अमेठी सीट से कांग्रेस की ओर से कौन लड़ेगा। क्या राहुल गांधी यहां से दोबारा लड़ेंगे या कोई और उम्मीदवार होगा। यही सवाल रायबरेली को लेकर भी बना हुआ है कि क्या यहां से प्रियंका गांधी चुनाव लड़ेंगी या कोई और। यूपी में कांग्रेस और सपा दोनों दलों के बीच गठबंधन है लेकिन अब तक इन दोनों सीटों पर उम्मीदवार का नाम फाइनल नहीं हुआ है। इस चर्चा के बीच रॉबर्ट वाड्रा की ओर से एक बयान सामने आया है और जिससे यह संकेत मिल रहा है कि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा को पार्टी यहां से उम्मीदवार बना सकती है। रायबरेली और अमेठी यह दोनों ही सीटें गांधी परिवार के लिए काफी अहम है। रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि अमेठी के लोग बहुत परेशान हैं। लोगों का कहना है कि उनसे गलती हुई। रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि अमेठी की जनता चाहती है कि मैं वहां से चुनाव लड़ूं। अमेठी के लोग चाहते हैं कि यदि राजनीति में पहला कदम मैं रखूं तो वहीं से। यदि सांसद बनने की सोचता हूं तो अमेठी को ही अपना क्षेत्र बनाऊं। बातचीत के दौरान रॉबर्ट वाड्रा ने 99 का जिक्र किया जब वह अमेठी में प्रियंका गांधी के साथ प्रचार के लिए गए। रॉबर्ट वाड्रा ने वर्तमान सांसद स्मृति ईरानी पर भी निशाना साधा। रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि अमेठी के लोगों को लगता है कि उनसे गलती हुई है। वर्तमान सांसद का वहां आना-जाना ज्यादा नहीं है। सांसद अमेठी की तरक्की के बारे में नहीं सोचती हैं उनका सारा ध्यान गांधी परिवार के ऊपर आरोप लगाने पर रहता है। कैसे शोर-शराबा करें इस पर अधिक ध्यान रहता है। मैं देखता हूं वह ज्यादातर इसी में लगी रहती हैं। गांधी परिवार ने वर्षों से रायबरेली-अमेठी की सेवा की है। रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि वर्तमान सांसद से अमेठी के लोग बहुत परेशान हैं। उन्होंने कहा कि अमेठी की जनता चाहती है कि गांधी परिवार का कोई सदस्य वहां से आए। 1999 में प्रियंका के साथ प्रचार मैंने अमेठी से ही किया। कार्यकर्ताओं के साथ दिन-रात मेहनत की। वहां डटे रहे। उनको पता है कितनी मेहनत की और कितना भाईचारा और प्रेम है। जिनके साथ काम किया वह अब भी मेरे जन्मदिन पर केक काटते हैं, लंगर सेवा करते हैं। उनको पता है कि वही चीज मुझको पसंद है। देश सेवा हो और समाज के लिए कुछ करता रहूं यही पसंद है मुझे। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अमेठी से 2014 में चुनाव जीते थे। हालांकि 2019 का चुनाव वह बीजेपी की स्मृति ईरानी से हार गए। 2019 में वह दो सीटों से चुनाव लड़े थे। केरल की वायनाड सीट पर उन्होंने जीत हासिल की। 2024 यानी इस बार के लोकसभा चुनाव के लिए भी उन्होंने वायनाड से नामांकन दाखिल कर दिया है। अमेठी सीट से यदि रॉबर्ट वाड्रा चुनाव लड़ते हैं तो एक बार फिर इस सीट पर दिलचस्प मुकाबला देखने को मिलेगा।

# चुनाव आयोग ने आतिशी को भेजा नोटिस, मांगा जवाब

एजेंसी



**नई दिल्ली :** दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चौंकाने वाला दावा किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के एक नेता ने उनके करीबी से संपर्क साधा है। उनको बोला है कि आतिशी को अपना करियर बचा के रखना है तो वह जल्द भाजपा में शामिल हो जाएं। आप मंत्री के आरोपों पर चुनाव आयोग ने संज्ञान लिया है और आतिशी को एक नोटिस भेजा है। आतिशी को सोमवार यानी 8 अप्रैल तो दोपहर तक जवाब देने के लिए कहा है। इससे पहले भाजपा ने आतिशी को मानहानि का नोटिस भेजा था। आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा,4 अप्रैल को भाजपा ने मेरी एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। 5 अप्रैल को सुबह 11ः15 बजे न्यूज चैनलों पर फ्लैश हुआ कि आतिशी को नोटिस भेजा गया है, लेकिन खबर के आधे घंटे बाद मुझे मेल पर नोटिस मिला। इसका मतलब यह है कि भाजपा पहले चुनाव आयोग का नोटिस मीडिया में प्रसारित करती है और उसके बाद मुझे नोटिस मिलता है। मेरा सवाल यह है कि क्या चुनाव आयोग भाजपा का सहायक संगठन बन गया है। आतिशी ने कहा,यह चिंता की बात है कि सभी केंद्रीय एजेंसियों और संस्थानों ने भाजपा के सामने घुटने टेक दिए हैं और अब तो चुनाव आयोग भी भाजपा के सामने नतमस्तक हो गया है। सवाल उठता है कि नोटिस चुनाव आयोग ने दिया है या भाजपा दे रही है। जब चुनाव आयोग में हमने शिकायत दर्ज कराई तो कोई कार्रवाई नहीं हुई, लेकिन जैसे ही भाजपा ने शिकायत दर्ज कराई है तो 12 घंटे के भीतर नोटिस जारी कर दिया जाता है। मैं चुनाव आयोग के सदस्यों से अनुरोध करूंगी कि इस देश में लोकतंत्र को बचाना आपकी जिम्मेदारी है। आप भाजपा के सदस्य नहीं हैं।

**आतिशी ने भाजपा पर लगाया था यह आरोप :** आतिशी ने आरोप लगाया कि उन्हें भाजपा में शामिल होने का ऑफर आया है। करीबी व्यक्ति के माध्यम से उन्हें भाजपा में शामिल होने के लिए संपर्क किया गया है। उन्हें कहा गया है कि भाजपा में शामिल होकर राजनीतिक करिअर बचा लो, अन्यथा महीने भर में ईडी गिरफ्तार कर लेगी। कुछ दिनों में उनके आवास, रिश्तेदारों व परिवार वालों के घर रेड होगी और समन भेजे जाएंगे।

# राजद ने अपने कोटे की तीन सीटें मुकेश सहनी की वीआईपी को दी



एजेंसी

**पटना :** विकासशील इंसान पार्टी के मुकेश सहनी को आखिरकार ठौर मिल गया। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और महागठबंधन में से किसी से शुरुआती तौर पर उनकी बात नहीं बन सकी थी। अब राष्ट्रीय जनता दल ने उनसे डील कर ली है।

राजद ने अपने कोटे से वीआईपी को तीन सीटें दे दी हैं। वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी खगड़िया से पिछली बार लोकसभा चुनाव हार गए थे। इस बार यह सीट सीपीएम के खाते में चली गई है। वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी को राजद अपने कोटे से तीन सीटें दे रहा है- झंझारपुर, गोपालगंज और मोतिहारी। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की ओर से हरी झंडी मिलने के बाद तेजस्वी यादव ने पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन कर इसकी घोषणा की। पिछली बार भी वीआईपी महागठबंधन का हिस्सा था और उसे तब भी तीन सीटें चुनाव लड़ने के लिए मिली थीं।

तेजस्वी यादव ने कहा कि आप जो देख रहे हैं, वह भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण चित्र है। राजनीतिक तौर पर काफी मजबूत और भविष्य के गठबंधन को लेकर मुकेश सहनी आए हैं। हम इनका स्वागत करते हैं। भाजपा ने इनके दल को तोड़ने का प्रयास किया।

तेजस्वी यादव ने कहा कि हमारा गठबंधन बिहार के विधानसभा के लिए भी है। विधानसभा के चुनाव में भी हमलोग इनका सम्मान करेंगे।

## सहनी बोले : भाजपा ने हमारे विधायक खरीदे थे

मुकेश सहनी ने कहा कि आज हमलोग इंडी गठबंधन के साथ आए हैं। हमलोग लालू प्रसाद की विचारधारा पर चलने वाले लोग हैं। आपने देखा कि किस तरह से भाजपा ने हमारे विधायकों को खरीद लिया। हमारे सहयोग से सरकार बनाई और हमें ही बाहर का रास्ता दिखा दिया। इसके बाद हमलोग गांव-गांव घूमे जनता के बीच गए। सहनी ने निषाद समाज को आरक्षण देने की बात कही। मैं कर्पूरी और लालूजी के रास्तों पर चलने के लिए इंडी गठबंधन में आया हूं। हमलोग चालीस के चालीस सीटों जीतेंगे। पीएम मोदी पर हमला बोलते हुए मुकेश सहनी ने कहा कि प्रधानमंत्री रोजगार और स्वास्थ्य की बात करते हैं, लेकिन आज गरीब के पास रोजगार नहीं है। उनका इलाज नहीं हो पा रहा है।

# ओडिशा : बीजद ने खेला बड़ा दांव, 20 में से 7 दलबदलू नेताओं को दिया टिकट



एजेंसी

**भुवनेश्वर :** ओडिशा में लोकसभा और विधानसभा चुनाव से पहले नेताओं के दलबदल का सिलसिला जारी है और राज्य में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) ने लगभग 30 प्रतिशत दलबदलुओं को टिकट दिया है. मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के नेतृत्व वाली बीजद राज्य की 21 में से 20 लोकसभा सीट पर उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है और पार्टी ने भाजपा या कांग्रेस से आए कम से कम सात नेताओं को उम्मीदवार बनाया है.

बीजद ने लोकसभा चुनाव के लिए जिन दलबदलुओं को टिकट दिया है, उनमें सुरेन्द्र सिंह भोई (बालांगीर), परिणीता मिश्रा (बारगढ़), भृगु बक्शीपात्रा (बेरहामपुर), मनमत राउत्रे (भुवनेश्वर), अंशुमन मोहंती (केंद्रपाड़ा) प्रदीप माझी (नवरंगपुर) और धनुर्जय सिधु (क्योंझर) शामिल हैं. बेरहामपुर लोकसभा सीट से पटनायक ने मौजूदा सांसद चंद्रशेखर साहू को इस बार टिकट नहीं दिया. पार्टी ने साहू को उपाध्यक्ष और घोषणापत्र समिति का प्रमुख बनाया और फिर इस सीट से भृगु बक्शीपात्रा को उम्मीवार घोषित कर दिया. बक्शीपात्रा बुधवार को बीजद में शामिल हुए थे. बालांगीर संसदीय क्षेत्र में बीजद ने तीन बार के कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह भोई को मैदान में उतारा है. वह 29 मार्च को पार्टी में शामिल हुए और तीन अप्रैल को उन्हें टिकट मिल गया.

बीजद ने पूर्व कांग्रेस विधायक अंशुमन मोहंती को केंद्रपाड़ा से उम्मीदवार बनाया. इसी तरह, पटनायक ने नवरंगपुर से प्रदीप माझी को मैदान में उतारा. माझी कांग्रेस के पूर्व सांसद थे और 2009 में चुनाव जीते थे. वह 2022 के पंचायत चुनावों से पहले बीजद में शामिल हो गए थे. सत्तारूढ़ बीजद ने क्योंझर से अपनी मौजूदा सांसद चंद्राणी मुर्मू को टिकट देने से इनकार कर दिया और चंपुआ से पूर्व कांग्रेस विधायक धनुर्जय सिधु को उम्मीदवार बनाया.

# खजुराहो सीट पर सपा प्रत्याशी का नामांकन रद्द




एजेंसी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की खजुराहो लोकसभा सीट पर विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए को बड़ा झटका लगा है। यहां से सपा उम्मीदवार का नामांकन निरस्त कर दिया गया है।

बता दें कि गठबंधन के तहत कांग्रेस ने मध्य प्रदेश की सिर्फ खजुराहो सीट समाजवादी पार्टी को दी थी। यहां समाजवादी ने मीरा यादव को चुनाव मैदान में उतारा था। जानकारी के मुताबिक, फॉर्म में हस्ताक्षर नहीं करने और पुरानी नामावली की वजह से उनका नामांकन निरस्त किया गया है।

## पहले मनोज यादव को सपा ने दी थी टिकट

सपा ने खजुराहो सीट पर पहले डॉ. मनोज यादव को उतारा था। मगर 48 घंटे में उनकी जगह मीरा यादव के नाम का एलान कर दिया। दरअसल, डॉ. मनोज यादव को कमजोर प्रत्याशी आंका गया था। कांग्रेस ने भी इस सीट पर चेहरा बदलने को कहा था। उधर, खजुराहो सीट पर भाजपा ने प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा को दूसरी बार उतारा है।

## कौन हैं मीरा यादव?

मीरा यादव पूर्व विधायक हैं। उन्होंने 2008 में निवाड़ी विधानसभा सीट से चुनाव जीता था।

मगर अब यह सीट टीकमगढ़ लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है। 2023 में भी मीरा ने निवाड़ी सीट से विस चुनाव लड़ा था। मगर हार का सामना करना पड़ा था।

पूर्व विधायक मीरा यादव झांसी क्षेत्र से ताल्लुक रखती हैं।

# दिल्ली में खोलनी थी पाठशाला, लेकिन आप ने खोलना शुरू कर दिया मधुशाला : मनोज तिवारी



एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली शराब घोटाला मामले को लेकर सियासी घमासान जारी है। आम आदमी पार्टी और भाजपा के नेता एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप करने में लगे हैं। भाजपा नेता मनोज तिवारी ने कहा कि मेरा मानना है कि अरविंद केजरीवाल इस पूरे शराब घोटाले के किंगपिंग हैं। केस चल रहा है और कोर्ट ने भी उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगाने से मना किया। यह कानूनी प्रक्रिया है और जिन्होंने भ्रष्टाचार किया है वो बच नहीं सकता। दिल्ली भाजपा प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा के साथ दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा, दिल्ली में खोलनी थी पाठशाला, लेकिन तुमने खोलना शुरू कर दिया मधुशाला। ऐसा लगता है कि भाजपा को दिल्ली के शराब घोटाले पर श्वेत पत्र लाना होगा और मुझे विश्वास है कि हम सब कुछ बिल्कुल स्पष्ट करने के लिए ऐसा करेंगे। सबसे पहले, उन्होंने दिल्ली को लूटा और फिर सरकारी फंड से शराब नीति का मामला लड़ने के लिए लगभग 25 करोड़ रुपये खर्च किए। इसके लिए उन्हें 100 करोड़ रुपये और चाहिए।भाजपा सांसद मनोज तिवारी पर आप नेता और दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज का कहना है,मनोज तिवारी का एक गाना है जिसमें दिखाया गया है कि वे एक शराब की बोतल सिर पर रखकर एक लड़की के पीछे घूम रहे हैं, नशे में झूम रहे हैं। मेरा मानना है कि ऐसा नहीं है सिर्फ एक सांसद को ही नहीं एक आम व्यक्ति को ऐसे गाने नहीं करने चाहिए। क्योंकि इससे एक युवा शराब पीने के लिए उत्साहित होता है और एक महिला की छवि भी खराब होती है। आज वह व्यक्ति उपदेश दे रहा है, यह बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगता।

# कंगना रनौत ने नेताजी सुभाष को कहा, देश का पहला पीएम

एजेंसी




**नई दिल्ली :** बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत हिमाचल प्रदेश के मंडी से लोकसभा चुनाव लड़ने जा रही हैं. जब से बीजेपी ने उन्हें उम्मीदवार बनाया है, वह लगातार विपक्षी दलों के निशाने पर हैं.अब बीआरएस नेता केटी रामा राव ने कंगना रनौत पर चुटकी ली है. दरअसल कंगना ने नेताजी नेताजी सुभाष चंद्र बोस को भारत का पहला प्रधान मंत्री कहा था. उनकी इस टिप्पणी पर केटी रामा राव ने कंगना को जमकर घेरा. कंगना ने कहा,मुझे एक बात बताओ, जब हमें आजादी मिली, तो भारत के पहले पीएम नेताजी सुभाष चंद्र बोस कहां गए थे।कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने भी कंगना रनौत के बयान को शेयर करते हुए लिखा,उन्हें हल्के में मत लीजिए,वह बीजेपी नेताओं की लिस्ट में सबसे आगे निकल जाएंगी.बता दें कि कंगना रनौत को तब भी काफी ट्रोल किया गया था, जब उन्होंने दावा किया था कि 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत को असली आजादी मिली.फिर विपक्ष के निशाने पर कंगना रनौत कंगना को अब एक बार फिर से निशाने पर लिया गया है.अपने बयान से कंगना रनौत एक बार फिर से विपक्ष के निशाने पर आ गई हैं. बता दें कि कंगना बीजेपी के टिकट पर हिमाचल प्रदेश के मंडी से लोकसभा चुनाव लड़ने जा रही हैं. 24 मार्च को बीजेपी ने लोकसभा चुनाव के लिए 111 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की थी, जिसमें मंडी से कंगना रनौत का भी नाम शामिल था. वहीं कंगना ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा कि वह बीजेपी में शामिल होकर सम्मानित महसूस कर रही हैं.कंगना ने इंस्टाग्राम पर लिखा,मेरे प्यारे देश और भारतीय जनता की अपनी पार्टी भारतीय जनता पार्टी को हमेशा मेरा बिना शर्त समर्थन रहा है, आज बीजेपी के राष्ट्रीय नेतृत्व ने मुझे मेरे जन्मस्थान हिमाचल प्रदेश, मंडी निर्वाचन क्षेत्र से अपना लोकसभा उम्मीदवार घोषित किया है.